सूर्योदय 6:36 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.5 न्यू | 20.3 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 19.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74115.17 |
| निफ्टी | 22460.30 |
| सोना | 87,930 |
| चांदी | 1,00,389 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



खुशी है कि खिलाड़ियों ने अटकलों पर नहीं दिया ध्यान: रोहित शर्मा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 11 मार्च 2025 | 28 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 72, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद फ्लाइट को मुंबई लौटना पड़ा। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एयर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को मुंबई के लिए डायवर्ट कर दिया। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।



### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य में सुधार

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73) के स्वास्थ्य में सुधार है। धनखड़ को शनिवार रात को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती करवाया था। धनखड़ को एम्स दिल्ली में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग के अंडर क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर पूरी नजर बनाए हुए है।

### दक्षिणी पेंसिल्वेनिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त

**पेंसिलवेनिया।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के उपनगरीय क्षेत्र में हवाई अड्डे के पास एक विमान क्रैश हो गया। इस विमान में पांच लोग सवार थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह छोटा विमान मैनहेम शहर में लैंकेस्टर हवाई अड्डे पर ठीक बाहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, फिलहाल, अधिकारियों ने मृतकों या घायलों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

### जोमैटो कंपनी का नाम अब इटर्नल होगा

**नई दिल्ली।** जोमैटो के शेयरधारकों ने कंपनी का नाम बदलकर 'इटर्नल' करने के लिए एक विशेष प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके खाद्य वितरण कारोबार के ब्रांड नाम और ऐप का नाम 'जोमैटो' ही रहेगा। इटर्नल में फिलहाल चार प्रमुख व्यवसाय जोमैटो, ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और हाइपरप्योर शामिल होंगे।

### मध्य प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में तेज रफ्तार टैंकर और जीप के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। गंभीर रूप से सात घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल में रेफर किया है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुषों के साथ छह बच्चे भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- केंद्र से खैरात नहीं, अपना हक मांग रहा हिमाचल: सुखविंद्र सुक्खू -पेज 3
- 12 को आनी में होगा एनएच-305 पर चक्काजाम -पेज 11
- सोलन की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना अधर में -पेज 12
- जर्मनी में कर्मचारी हड़ताल पर, 13 एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द -पेज 13
- खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल ने झटके 6 पदक -पेज 14

# सरकार ने 6 गारंटियां पूरी की, नशा तस्करों की संपत्ति जब्त : शुक्ल

## बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने अभिभाषण से गिनाईं उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू हुई। इस दौरान राज्यपाल ने कांग्रेस सरकार की दो साल की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि सरकार ने अब तक 6 गारंटियों को पूरा कर दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार का दो साल का व्यवस्था परिवर्तन का कार्यकाल अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2024 में 351 आवास बनाने को स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य सरकार ने कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल की। बेघर लोगों को आवास उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निराश्रित बच्चों की उचित देखभाल एवं शिक्षा के लिए कानून बनाया गया। सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू कर उन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया। राज्यपाल ने कहा कि नशे के दलदल से युवाओं को बचाने के लिए सरकार कड़े कदम उठा रही है। नशा तस्करों की 11 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को जब्त किया है।



### सिरमौर में बन रहा राज्यस्तरीय नशा मुक्ति केंद्र

**राज्यपाल** ने कहा कि सिरमौर में राज्य स्तरीय नशामुक्ति केंद्र विकसित किया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी सरकार का खास ध्यान है। राज्य सरकार ने बेटियों को अलग पारिवारिक इकाई मानते हुए उन्हें बेटों के बराबर अधिकार देने का कानून बनाया है।

### आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज दिया

**राज्यपाल** ने कहा कि हिमाचल में मानसून के दौरान आई आपदा से प्रभावित सभी परिवारों की सरकार ने मदद दी है। समेज खड्ड में आपदा के बाद बीते वित्त वर्ष की तर्ज पर इस बार भी आपदा राहत पैकेज दिया। तांदी गांव में भयंकर अग्निकांड से घरों से विहीन होने वाले लोगों को भी विशेष राहत दी है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया जा रहा मजबूत

**राज्यपाल** ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने व प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों के मानदेय को बढ़ाया है। कमजोर वर्गों के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए दृढ़संकल्प है।

### अभिभाषण पर आज से होगी चर्चा

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर चर्चा मंगलवार से शुरू होगी, जो 13 मार्च तक चलेगी। मुख्यमंत्री सुक्खू 17 मार्च को अपना और सरकार का तीसरा बजट पेश करेंगे। इसके बाद तीन दिन बजट पर चर्चा चलेगी। इस बार का बजट सत्र 28 मार्च तक चलेगा। इस बार कुल 16 बैठकें होंगी। बजट सत्र में 22 और 27 मार्च को प्राइवेट मेंबर-डे होगा। इस दिन सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे सदन में उठा सकेंगे।

# देशभर में वोटर लिस्ट पर उठ रहे सवाल विपक्ष चाहता गड़बड़ी पर हो चर्चा: राहुल

## डीएमके सांसदों का नई शिक्षा नीति और ट्राय-लैंग्वेज पर हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया। डीएमके सांसदों ने नई शिक्षा नीति और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन भाषाएं पढ़ाए जाने का प्रावधान किया है। इसमें स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिंदी पढ़ाना अनिवार्य किया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है।



### धर्मेंद्र प्रधान बोले- तमिलनाडु सरकार को पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं

**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और तीन भाषाओं के विवाद पर कहा कि जिनके पास कोई तथ्य नहीं है, वे केवल हल्ला करके विषय को भ्रमित करना चाहते हैं। पिछले दिनों भारत सरकार की तमिलनाडु सरकार से चर्चा हुई थी। इसमें समझौते का एक रास्ता भी निकला था, उसी रास्ते पर तमिलनाडु सरकार राजी हो जाए, हमें उन्हें पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं है। हम उनसे बार-बार अनुरोध करते आए हैं। तमिलनाडु में पीएम श्री स्कूलों में केवल तमिल भाषा ही शिक्षा का माध्यम होगी। तमिलनाडु सरकार का विरोध क्या है? मुझे यह समझ में नहीं आता है। पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र सभी पीएम श्री और नई शिक्षा नीति को लागू कर रहे हैं। कोई किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहा है। वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार के कब्जे में है। चुनाव आयोग सरकार की पैरवी कर रहा, तो निश्चित रूप से जो नतीजे आए, वे आपके सामने हैं। ऐसी ही व्यवस्था चलती रहेगी, तो वह लोकतंत्र नहीं, दिखावा होगा। हमें कई वर्षों से संदेह है।

## ऊना में फॉर्च्यूनर और तेल टैंकर में टक्कर, दो लोगों की मौत

**ऊना।** अंब-ऊना रोड पर सोमवार को टकारला मोड़ पर तेल टैंकर (एचआर 37ई 7163) और फॉर्च्यूनर (एचआर 02 एएम 0022) के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा पशु के अचानक सड़क पर आने की वजह से पेश आया है। सड़क पर पशु को देख टैंकर चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और फॉर्च्यूनर से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। एसपी राकेश सिंह ने बताया कि अभी तक घटना के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है।

# विजिलेंस ने कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े दो नए मामले किए दर्ज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

- आय से अधिक संपत्ति मामले में उमा पर शिकंजा
- जेई सिविल पोस्ट कोड 826 और 845 के पेपर लीक मामले में एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विजिलेंस** ने हमीरपुर स्थित भंग किए गए हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला आय से अधिक संपत्ति से जुड़ा है, जो विजिलेंस के कई मामलों में मुख्य आरोपी रही उमा आजाद के खिलाफ है। विजिलेंस ने पहली एफआईआर दर्ज की है।

भंग आयोग से जुड़े हुए मामलों में विजिलेंस अभी तक डेढ़ दर्जन के करीब एफआईआर दर्ज कर चुका है। कुछ मामलों की जांच जारी है और ज्यादातर मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। अब मुख्य आरोपी उमा की संपत्ति को लेकर जांच शुरू होगी, क्योंकि पेपर लीक मामले में अभी तक जितनी भी एफआईआर दर्ज हुई हैं, उनमें उसका नाम एकाध मामले को छोड़कर, बाकि सभी में बतौर मुख्य आरोपी दर्ज है। पेपर लीक मामले को लेकर भी फिर एफआईआर दर्ज हुई है, उसमें जेई सिविल के पोस्ट कोड 826 और 845 शामिल हैं। विजिलेंस ने मामला दर्ज कर राज्य कर्मचारी चयन आयोग को संबंधित मामले में रिकॉर्ड मुहैया करवाने के लिए पत्र भेजा है। 22 प्वाइंट्स पर फोकस किया है। यह मामला 7 मार्च को दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

> **मामले** दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामला आय से अधिक संपत्ति का है, जो उमा आजाद के खिलाफ है और दूसरा जेई सिविल के मामले को लेकर है, जिसमें पेपर लीक हुआ था।
> **-अंजुम आरा, डीआईजी, विजिलेंस**

# ईडी की भूपेश बघेल, बेटे चैतन्य के परिसरों में रेड

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में की कार्रवाई, 15 ठिकानों में ली तलाशी

**एजेंसी, रायपुर**

**ईडी** ने कथित शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत उनके परिसरों पर सोमवार को छापेमारी की गई।

सूत्रों ने बताया कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के भिलाई (दुर्ग जिले) स्थित परिसरों, चैतन्य बघेल के कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और कुछ अन्य के परिसरों की भी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। चैतन्य बघेल अपने पिता के साथ भिलाई में रहते हैं, इसलिए उस परिसर पर भी छापेमारी की जा रही है। संदेह है कि चैतन्य बघेल शराब घोटाले के अपराध से हुई आय के 'प्राप्तकर्ता' है। राज्य में करीब 14-15 परिसरों पर छापे मारे गए। वहीं, पूर्व भूपेश के घर ईडी छापेमारी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में समर्थकों ने निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी की। ईडी के बाहर निकलते ही लोगों ने हमला कर दिया। वहीं, ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को समन जारी कर मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।



### भूपेश बघेल के घर से मिले 33 लाख रुपए

**भूपेश** बघेल के घर से ईडी को छापेमारी के दौरान 33 लाख रुपए कैश मिला है। पूर्व सीएम ने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईडी ने घर में किसी भी सदस्य से पूछताछ नहीं की है। बस यही जाना कि किसके पास कितना सोना और चांदी है। साथ ही संपत्ति के बारे में जानकारी ली। ईडी ने संपत्ति को लेकर जांच की है, दस्तावेज भी मिले। एजेंसी कोई भी दस्तावेज लेकर नहीं गई है। बघेल ने कहा कि हमारे यहां डेढ़ सौ एकड़ से ज्यादा की जमीन है व डेयरी का कारोबार है। उन्होंने कहा कि यह पैसा परिवार के सभी सदस्यों के अलावा कारोबार से जुड़ा हुआ है।

# इल्मा अफरोज को एसपी लाहौल-स्पीति लगाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** सरकार ने पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज की ट्रांसफर कर एसपी लाहौल-स्पीति लगाया है। इल्मा के चार्ज संभालने के बाद एसपी कुल्लू गोकुल चंद कार्तिकेन एसपी लाहौल-स्पीति के अतिरिक्त कार्यभार से भारमुक्त हो जाएंगे।

इस संबंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं। बीते सप्ताह ही हिमाचल हाईकोर्ट ने एसपी इल्मा अफरोज को बद्दी एसपी लगाने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया था। इससे पहले हाईकोर्ट ने ही इल्मा को बद्दी से ट्रांसफर पर स्टे लगाया था। इल्मा स्थानीय विधायक राम कुमार चौधरी से टकराव बढ़ने के बाद चर्चा में आई थी। बीते साल 6 नवंबर को सीएम के साथ डीसी-एसपी की मीटिंग से लौटने के बाद इल्मा लंबी छुट्टी पर चली गई थी। इसके बाद सरकार ने बद्दी के एसपी का अतिरिक्त कार्यभार विनोद कुमार को सौंपा था।

> मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

# ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द

## पीएम जोथम ने दिया आदेश, कहा-प्रत्यर्पण से बचने का कर रहा प्रयास

**एजेंसी, पोर्ट विला**



**वानुअतु** के पीएम जोथम नापत ने सोमवार को नागरिकता आयोग को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व संस्थापक ललित मोदी को जारी पासपोर्ट रद्द करने का आदेश है।

उन्होंने कहा कि ललित मोदी भगोड़ा है और वह प्रत्यर्पण से बचने का प्रयास कर रहा है। ललित मोदी ने सात मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट 'सौंपने' संबंधी अर्जी दी थी। सूचना है कि उसने दक्षिण प्रशांत द्वीपराष्ट्र वानुअतु की नागरिकता हासिल कर ली है। ललित मोदी ने 2010 में भारत को छोड़ दिया था। जोथम ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मैंने अंतरराष्ट्रीय मीडिया में हाल में हुए खुलासे के बाद नागरिकता आयोग को निर्देश दिया है कि वह ललित मोदी को जारी वानुअतु का पासपोर्ट रद्द कर दे। उन्होंने कहा कि मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है कि इंटरपोल ने ललित मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोध को न्यायिक साक्ष्यों के अभाव में दो बार खारिज कर दिया है।

### भारत का पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए किया था आवेदन

**वानुअतु** की नागरिकता लेने के बाद ललित मोदी ने भारतीय पासपोर्ट को सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। विदेश मंत्रालय ने 7 मार्च को बताया था कि ललित ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में पासपोर्ट जमा किया था। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता ले ली है। हम उनके खिलाफ मामले को कानून के अनुसार आगे बढ़ाते रहेंगे।

# पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी होंगे कनाडा के नए पीएम

**एजेंसी, टोरंटो**



**कनाडा** की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख मार्क कार्नी को अपना नेता चुना है और अब वह देश के नए प्रधानमंत्री होंगे।

यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब कनाडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध और विलय की धमकियों का सामना कर रहा है। कार्नी (59) प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का स्थान लेंगे, जिन्होंने जनवरी में पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी, लेकिन अगला प्रधानमंत्री चुने जाने तक वह पद पर बने हुए हैं। कार्नी को 85.9 प्रतिशत वोट मिले हैं।

कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, माना जाता है कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रहेंगे। मार्क कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

**गुड न्यूज** पांच जिलों को जोड़ने वाले पुल के निर्माण के लिए हो चुकी हैं सभी औपचारिकताएं पूरी

# लठियाणी-मंदली पुल निर्माण की जगी आस

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**उपमंडल** बंगाणा के गोबिंदसागर झील के लठियाणी-मंदली के बीच 613 करोड़ रुपए की लागत से 860 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा। इसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक इसका ढांचा भी नजर आ सकता है।

इस पुल के बनने से ऊना, हमीरपुर, सुंदरनगर, मंडी, सरकाघाट, कुल्लू और बिलासपुर की दूरी 22 किलोमीटर कम हो जाएगी। यह पुल क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। इस पुल के निर्माण से कुटलैहड़ क्षेत्र के साथ-साथ हमीरपुर और मंडी जिले के लोगों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। अब तक इन जिलों के लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ता था, लेकिन इस पुल के बनने से समय में भारी कमी आएगी। यह परियोजना आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ व्यापार, पर्यटन और अन्य आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। सरकार और प्रशासन इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। पुल निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि क्षेत्र के लोग जल्द से जल्द इसका लाभ उठा सकें। इस पुल के बनने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। किसान संघ के पूर्व सचिव जगमोहन सिंह ने कहा कि गोबिंदसागर झील पर बनने वाला यह पुल ऊना, हमीरपुर और मंडी जिलों के लिए विकास की नई राह खोलेगा। इससे न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। भाखड़ा विस्थापितों सहित सभी स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



### भाखड़ा विस्थापितों की समस्याओं का होगा खात्मा

**भाखड़ा** विस्थापितों के लिए भी यह पुल किसी वरदान से कम नहीं होगा। वर्षों से विस्थापित परिवारों को यात्रा में आने वाली कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है, लेकिन अब उनके लिए आवागमन आसान होगा। भाखड़ा विस्थापित संघ के अध्यक्ष देशराज मोदगिल ने इस परियोजना का स्वागत किया है और कहा कि यह पुल न केवल विस्थापितों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

> **सरकार** और प्रशासन इस परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि जनता को जल्द लाभ मिल सके। यह खूबसूरत पुल ऐसी खूबसूरत शैली से बनने जा रहा है, जो पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।
> **-विवेक शर्मा, विधायक कुटलैहड़।**

# भारत ने चीन और जापान पर लगाया एंटी डंपिंग शुल्क

## वाणिज्य मंत्रालय की डीजीटीआर की सिफारिश के बाद लिया फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए चीन और जापान से आने वाले जल उपचार रसायन पर पांच साल के लिए 986 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक का एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है।

वित्त मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की है। यह फैसला वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की 'ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड' पर शुल्क लगाने की सिफारिश के बाद लिया गया। निदेशालय ने अपनी सिफारिशों में कहा कि चीन और जापान से भारत में डंप किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है।

### पांच साल के लिए लगाया जाएगा शुल्क

**एंटी** डंपिंग शुल्क पांच साल के लिए लगाया गया (जब तक कि इसे पहले रद्द, प्रतिस्थापित या संशोधित नहीं किया जाता है)। डीजीटीआर कथित डंपिंग की जांच करता है और शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। वित्त मंत्रालय सिफारिश के तीन महीने के भीतर इस बारे में अंतिम निर्णय लेता है।

### क्यों डंपिंग रोधी जांच शुरू करते हैं?

**देश** यह जांचने के लिए डंपिंग रोधी जांच शुरू करते हैं कि क्या लागत से कम कीमत पर आयात में बढ़ोतरी के कारण उनके घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। जवाबी कार्रवाई के तौर पर वे विश्व व्यापार संगठन की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत शुल्क लगाते हैं। डंपिंग रोधी उपाय निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने और घरेलू उद्योग को समान अवसर प्रदान करने के लिए किए जाते हैं। यह आयात को प्रतिबंधित करने या उत्पादों की लागत में अनुचित बढ़ोतरी करने का उपाय नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### रेडक्रॉस मेले के सफल आयोजन के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी एसएन शौरी ने उन सभी सदस्यों को धन्यवाद किया है जिन्होंने डीएवी पब्लिक स्कूल भरेड़ी में आयोजित रेडक्रॉस मेले को सफल बनाने में योगदान दिया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक सुरेश कुमार का भी धन्यवाद किया है, जिन्होंने जरूरतमंदों को 5.43 लाख रुपए वितरित किए। उन्होंने शशि पाल शर्मा एसडीएम भोरंज और आशीष शर्मा तहसीलदार को हमारे वरिष्ठ नागरिकों को उनके उत्साहवर्धक शब्दों के लिए धन्यवाद किया है। उन्होंने सोमा राणा अध्यक्ष अमृता समिति सरकाघाट तथा सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही सुनील ठाकुर प्रिंसिपल डीएवी पब्लिक स्कूल भरेड़ी व उनके कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सोरड़ सरकारी सभा का अधिवेशन 21 को

**अनंत ज्ञान, रंगस।** द सोरड़ सहकारी सभा समिति जोलसप्पड़ का वार्षिक अधिवेशन 21 मार्च को सभा भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। सभा के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। उन्होंने सभा के समस्त सदस्यों से साधारण अधिवेशन में आवश्यक तौर पर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा वर्ष 2024-25 की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने समस्त सदस्यों से अधिवेशन में भाग लेने का आग्रह किया है।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी सोलन एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट हमीरपुर के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय तकनीकी क्षमता निर्माण (प्रौद्योगिकी संवर्धन) प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 10 से 15 मार्च तक छह अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कुल लगभग 260 शिक्षक भाग ले रहे हैं। दूसरे चरण के अंतर्गत छह खंडों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जहां संबंधित प्रधानाचार्य द्वारा उद्घाटन किया गया। हमीरपुर ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में, नादौन ब्लॉक कह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, गलोड़ ब्लॉक कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू, बिझड़ी ब्लॉक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी, भोरंज ब्लॉक कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज, सुजानपुर ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) हमीरपुर में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन उपनिदेशक एवं जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, नवीन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों से जोड़ने और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों के लिए तैयार करने में सहायक होगा।

### सरकार के दोहरे मापदंड पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला इकाई की मासिक बैठक सोमवार को जिला प्रधान के सी गौतम की अध्यक्षता में पेंशनर भवन के सभागार में संपन्न हुई। जिला महासचिव शम्भू राम जसवाल ने सदस्यों को बैठक एजेंडे की जानकारी के साथ-साथ जिला में वर्तमान संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। वक्ताओं द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया। पेंशनरों द्वारा फरवरी, 2025 की पेंशन भुगतान करने की व्यवस्था में पेंशनरों ने सरकार के दोहरे मापदंड अपनाने की नई पद्धति का कड़ा विरोध जताया गया तथा सरकार से आग्रह किया गया कि पेंशनरों को हमेशा कर्मचारियों के वेतन के साथ पेंशन का भुगतान किया जाए। पेंशनरों ने जनवरी, 2016 से पेंशन संशोधन की बकाया राशि जिसमें जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों की ग्रैच्युटी, कम्युटेशन, लीब-एनकैशमेंट आदि की अदायगी न हो पाने से इनके साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है, जबकि फरवरी, 2022 के वाद सेवानिवृत्त पेंशनरों को उक्त लाभों का संशोधित दरों पर भुगतान हो रहा है। चर्चा में भाग लेने वालों में प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान के सी गौतम, टौणीदेवी प्रधान जगदीश चंद शर्मा, हमीरपुर खंड प्रधान देव राज पटियाल, भोरंज महासचिव राजकुमार पटियाल, सुजानपुर प्रधान पृथ्वीराज शर्मा, नादौन प्रधान जगदीश शर्मा, बिझड़ी सलाहकार प्रधान करतार ढिल्लों, रंजीत सिंह ठाकुर, मेहर चंद, नीरू कंवर सहित अन्य शामिल रहे।

### एनआईटी हमीरपुर के छात्र भ्रमण पर निकले

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत एनआईटी हमीरपुर के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें छात्र एवं शिक्षक शामिल हैं, कालीकट के लिए एक विशेष सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्रा पर रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में सांस्कृतिक विविधता को समझना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। इस दल का नेतृत्व फैकल्टी इंचार्ज डॉ. परम सिंह कर रहे हैं। यह दौरा 5 दिनों का रहेगा, जिसमें विद्यार्थी कालीकट के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे और वहां की संस्कृति, इतिहास तथा परंपराओं से रू-ब-रू होंगे। इस यात्रा के दौरान छात्रों को विभिन्न कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### मुख्यमंत्री करेंगे होली मेले का शुभारंभ : डीसी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2025 के लिए सभी तैयारियां जोरों पर हैं। उपायुक्त एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 12 मार्च शाम को लगभग साढ़े चार बजे भव्य शोभायात्रा और ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का शुभारंभ करेंगे। वह चौगान में विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनियों का उद्घाटन भी करेंगे। इसी दिन शाम को वह कला केंद्र में दीप प्रज्जवलन के साथ उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे। पहली सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण जाने-माने हास्य कलाकार एहसान कुरैशी, इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार और प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक शबाब शाबरी होंगे।

## डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं पेयजल योजना की विभाग ने ली खबर, गुणवत्ता पर उठे थे सवाल

# आखिर 'काई' से लबालब टैंकों की हुई सफाई




'औंधे मुंह' डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं पेयजल योजना
तीन टैंक खराब; दो में जमी है 'काई', मशीनरी खराब, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम राम भरोसे

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

योजना स्थल पर साफ-सफाई के बाद चमके टैंक (दाएं) अनंत ज्ञान में छपी खबर के बाद जलशक्ति विभाग ने योजना को दुरुस्त करने के लिए किया कार्य।

**विक्रम ढटवालिया, बरोहा**

यहां जिला मुख्यालय के साथ सटी डुग्घा पंजाली-बड़ू मोहीं उठाऊ पेयजल योजना की जलशक्ति विभाग ने सोमवार को अच्छी खासी खबर ली। विभागीय अमले ने 'काई' से लबालब टैंकों की सफाई भी की, मशीनरी को भी जोड़ा और योजना स्रोत से लेकर सभी टैंकों में खबर छपने के बाद हरकत की है।

अनंत ज्ञान ने इस योजना को लेकर शीर्षक 'औंधे मुंह' गिरी योजना के तीन टैंक लंबे अरसे से खराब हैं। दो में 'काई' के बावजूद जल शक्ति विभाग के किसी भी छोटे और बड़े अधिकारियों पर इसका कोई असर हो रहा। इस मामले को जोर-शोर से उठाया था।

सोमवार को इलाके में पेयजल आपूर्ति इसीलिए नहीं हो पाई लोग बार-बार जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों को फोन कर रहे थे, तब यह पता चला कि योजना की मरम्मत का काम चल रहा है। मंगलवार को पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

**योजना की अच्छी देखभाल की :** सोमवार सुबह ही इस योजना के टैंकों की साफ सफाई का काम शुरू हो गया था, दिनभर चलता रहा। अभी जो टैंक पानी डालने योग्य नहीं रहे हैं, उन्हें छोड़ दिया गया है, क्योंकि उनकी तो मुकम्मल तौर पर मरम्मत होनी है। लेकिन जिन टैंकों से पानी सप्लाई करने के लिए प्रयोग किया जाता है, उनकी आज अच्छी खासी देखभाल हुई है। (अनंत ज्ञान)

### योजना पर विभाग का नहीं था कोई फोकस

इलाके की तकरीबन 14000 की आबादी को पानी मुहैया करवाने वाली इस योजना पर विभाग का फोकस ही नहीं था, ऐसा लगता था कि किसी अधिकारी ने कभी यहां का दौरा ही नहीं किया। इलाकों के लिए योजनाएं भी दो अलग-अलग ही हैं, लेकिन बड़ी विडंबना यह थी कि सेगमेंटेशन के दोनों टैंक खराब थे। एक में पानी भरा हुआ है। लेकिन वह भी 'काई' के हवाले तो था ही, 2 साल से मरम्मत मांग रहा था, पानी रिस रहा था।

> सोमवार को इस योजना स्थल का काम किया गया है। इसकी साफ-सफाई की गई है और मंगलवार से सप्लाई फिर से शुरू कर दी जाएगी।
> **राजेश धीमान, एक्सईएन**

## संगठन में हर एक कार्यकर्ता संगठन की मजबूत ताकत होती है : धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के सभी मंडलों में कार्यकारिणियों की नियुक्ति होने के बाद सभी मंडल अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अगुवाई में समीरपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं।

सोमवार को सुजानपुर मंडल, बमसन मंडल एवं हमीरपुर ग्रामीण के सभी नवनियुक्त मंडल पदाधिकारी ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल का आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन में हर एक कार्यकर्ता संगठन की ताकत होता है। ये पद एक जिम्मेदारी होती है और इस जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाना चाहिए। धूमल ने पदाधिकारियों से कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जब भी केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें रही हैं। देश हो या प्रदेश, सबका साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र से कार्य किया जाता है और भाजपा की सरकारें बनाने में अहम भूमिका भाजपा के कार्यकर्ता की रहती है।

धूमल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन नए लोगों को संगठन में जिम्मेवारियां मिली हैं, उनको पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव के साथ मिलकर पार्टी को और ज्यादा मजबूत करना है। आम जनता तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके, इस तालमेल के साथ कार्य करें।

### इन्होंने की मुलाकात

इस दौरान तीनों मंडलों के अध्यक्ष उनके सभी पदाधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल शर्मा, कमलेश परमार, बीना शर्मा, राकेश कानूनगो, पुरुषोत्तम ठाकुर, सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी।


पूर्व मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने पहुंच रही भाजपा मंडल की टोलियां।

## शर्मा ने कौशल के बयान पर किया पलटवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कांग्रेस के प्रवक्ता प्रेम कौशल पर पलटवार किया है। विकास ने कहा कि कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की चिंता नहीं करनी चाहिए।



शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसमें प्रक्रिया के तहत ही संगठन की नियुक्तियां की जाती हैं।

वहीं, प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी जगजाहिर है और यह मित्रों की सरकार है। जहां आए दिन कांग्रेस के विधायक से लेकर संगठन के लोग गुटबाजी को मीडिया के सामने उठाते आए हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हासिल करने के लिए जनता में झूठे वादे किए। कांग्रेस प्रवक्ता को पहले जनता में सरकार की कोई एक उपलब्धि गिनानी चाहिए, भाजपा की चिंता छोड़ें।

## नादौन में प्रशासन परीक्षा केंद्रों का कर रहा औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नादौन**

- एसडीएम राकेश शर्मा ने आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में नादौन को नकल मुक्त बनाने के लिए प्रशासन काफी विजिलेंट हो गया है। प्रदेश शिक्षा बोर्ड का सोमवार को दसवीं का मैथ्स का पेपर था। जिसे लेकर एसडीएम रोकश शर्मा के नेतृत्व में टीम ने करीब आधा दर्जन से ज्यादा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को जांचा।

एसडीएम के साथ हरदीप सिंह, संजीव कुमार, व बलवीर सिंह भी उपस्थित थे। टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में सब डिविजन नादौन के अंतर्गत आने वाले सीनियर सेकेंडरी स्कूल बदारन, धनेटा, कांगू, स्नाही, प्लाह ब्रह्मणा तथा कश्मीर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उत्तम व्यवस्थाएं तथा परीक्षाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान उनकी टीम में हरदीप सिंह, संजीव कुमार तथा बलवीर सिंह उपस्थित रहे ।

एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों में तैनात सुपरिंटेंडेंट्स को निर्देश दिए कि वे प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने बताया कि नादौन सब-डिविजन को नकल मुक्त बनाने को मध्यनजर रखते हुए सोमवार को कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी नकल का मामला नहीं पाया गया और न ही किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई है।

## कर्मचारी व जनहित में फैसला ले सरकार : संघ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



- पटवारी व कानूनगो की अनिश्चितकालीन हड़ताल 12 दिन में प्रवेश
- सीएम के लिखित आश्वासन तक जारी रहेगी पटवारी कानूनगो की हड़ताल

प्रदेश सरकार द्वारा जिले से स्टेट कैडर करने की अधिसूचना जारी होने के बाद पटवार कानूनगो महासंघ के पदाधिकारी व सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल चले गए थे। यह अनिश्चितकालीन हड़ताल अब भी जारी है और 12 दिन में प्रवेश कर गई है। जिलेभर में लगभग 209 पटवार घरों में ताले लटके हैं और लोगों राजस्व संबंधी कार्य करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पटवारी व कानूनगो के पदों को स्टेट कैडर की शर्त को यथावत रखने की बात कही है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैडर की शर्त को वापस नहीं लिया जाएगा। हालांकि इस बयान के बाद प्रदेश पटवार एवं कानूनगो संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से भी मिले और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गौर किया जाएगा। जिला हमीरपुर की पटवारी-कानूनगो संघ की प्रधान मीना शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पटवारी एवं कानूनगो का जिला से राज्य स्तर का कैडर कर दिया है, उसका सभी पटवारी एवं कानूनगो की वरिष्ठता असर पड़ रहा है। इसलिए यह अनिश्चितकालीन हड़ताल अभी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि यदि पटवारी व कानूनगो का स्टेट कैडर ही रहेगा तो इसके लिए उन्हें मूलभूत सुविधाएं दी जाएं और उनकी आर्थिक रूप पर भी बढ़ौतरी की जाए। उन्होंने बताया कि पटवार एवं कानूनगो के राज्य कैडर करने और पटवारियों की वेतन विसंगति को दूर करने की मांग रखी थी उसे भी प्रदेश सरकार ने पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पहले भी हमें ठगा जा चुका है और इस बार मुख्यमंत्री के लिखित आश्वासन के बाद ही अनिश्चितकालीन हड़ताल को तोड़ंगे।

उन्होंने कहा कि बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाए हमें इसमें कोई आपति नहीं है, लेकिन स्टेट कैडर करने से पदोन्नती पर भी इसका असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिस उदेश्य के लिए हड़ताल की जा रही है वो पूरा नहीं हुआ है। इसलिए हमारा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि सभी उपयुक्त मांगों को शीघ्र पूरा करे ताकि लोगों को काम समय पर हो व लोग भी प्रभावित न हों। (अनंत ज्ञान)

## होली मेले से पहले विधायक की देखरेख में सज रहा सुजानपुर कस्बा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह अपने भाषण में अकसर कहा करते हैं कि मैं सुजानपुर को चंडीगढ़ तो नहीं, मगर सुंदर शहर जरूर बनाउंगा। आजकल सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली मेले की तैयारी में सुजानपुर सचमुच सुंदर बन के निखरा है।



होली मेले में आ रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्वागत को लेकर सुजानपुर कस्बे का रंग-रूप ही बदल गया है। विधायक ने हर कार्य की स्वयं देखरेख की है। सुजानपुर शहर में महाराणा प्रताप पार्क, बार्ड नंबर दो में नौण पर लगे सूर्य नमस्कार की मूर्ति, सिद्धू चौक पर नन्ही परी की मूर्ति का कार्य, डिजिटल लाइब्रेरी, कार पार्किंग, सुजानपुर चौगान के चारों ओर लग रहीं पेंटिंग्स, चौगान की एंट्री में लगे बड़े बड़े गेट्स, वैनो दा टायला गेट का सौंदर्यीकरण, चौगान के चारों ओर बने चबूतरों का सौंदर्यीकरण, बस स्टैंड पर आधुनिक वर्षाशालिका का निर्माण, सुजानपुर बस स्टैंड के समीप सेल्फी प्वाइंट का कार्य, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास चबूतरा के नीचे ब्रह्मा जी की मूर्ति की स्थापना, चौगान के चारों ओर सुंदर लाइट्स व सड़क का सुधार आदी असंख्य कार्य बहुत ही तीव्र गति से हुए हैं। सुजानपुर जिसे यहां के लोग 'शहर' कह कर पुकारते थे, वास्तव में ही आज शहर दिख रहा है।

वर्मा ने कहा है कि होली मेले का शुभारंभ करने आ रहे मुख्यमंत्री सुजानपुर टीहरा के लिए आधुनिक बस अड्डे सहित कई सौगातें देने वाले हैंउन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग पलक बिछाए बैठे हैं, जोरदार स्वागत किया जाएगा।

## अंशकालीन कर्मचारी देख रहे दैनिक वेतन भोगी होने की राह

### राजस्व अंशकालीन कर्मचारी संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, बोले-एक अप्रैल से करें दैनिक वेतन भोगी की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला के पटवार वृत्तों में अंशकालीन कर्मचारी दैनिक भोगी होने की राह देख रहे हैं। उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर से वर्ष 2017 सितंबर माह में लगभग 160 अंशकालीन कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी। इन अंशकालीन कर्मचारियों को सितंबर 2024 में सात वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब अंशकालीन कर्मचारी दैनिक भोगी होने की राह देख रहे हैं।

इसी संदर्भ में राजस्व अंशकालीन कर्मचारी संघ हमीरपुर के प्रधान प्रवीन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त हमीरपुर को ज्ञापन सौंपा है। प्रवीन कुमार शर्मा ने बताया कि अधिसूचना के आधार पर वर्ष में दो बार दैनिक भोगी बनाने का प्रस्ताव था, जिसे प्रदेश सरकार ने साल में एक बार कर दिया है। अब 31 मार्च को इन अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक भोगी बनाने का निर्णय जाना है। उन्होंने बताया कि अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी नहीं बनाए जाने से 6 महीने का नुकसान हो गया है। यदि इनकी नियुक्ति 1 अप्रैल, 2025 के बाद होती है तो इनके नियमित होने के लिए 1 वर्ष का समय अधिक लगेगा और दैनिक वेतन भोगी से नियमित होने के लिए 4 वर्ष की बजाए 5 वर्ष का समय लगेगा।

संघ ने उपायुक्त अमरजीत सिंह से निवेदन किया है कि अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी की नियुक्ति 1 अप्रैल, 2025 से करें। इस अवसर पर उनके साथि पंकज धीर, अभिनव, वीरेंद्र, अजय उपस्थित रहे।

### भोरंज के अंशकालीन कर्मचारियों ने की दैनिक वेतन भोगी बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत सोमवार को एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा से अंशकालीन कर्मचारी, जो कि तहसील भोरंज जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पटवार वृत्तों में सितम्बर 2017 से कार्यरत मिले, उन्होंने कहा कि हम सभी अंशकालीन कर्मचारी पिछले सात वर्षों से न केवल पटवार वृत्तों के कायों, बल्कि अन्य राजस्व कार्यों जैसे सम्मनों की तामील, चुनावी कार्य और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा सात वर्ष का कार्यकाल सितंबर 2024 में पूर्ण हो चुका है. लेकिन अभी तक हमें दैनिक वेतन भोगी के रूप में नियुक्त नहीं किया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार, सात वर्ष के कार्यकाल के बाद अंशकालीन कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी बना दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि हमारी सेवाएं सात वर्षों से निरंतर जारी हैं और उन्होने आज तक किसी भी कार्य का विरोध नहीं किया है। फिर भी इस बारे में किसी प्रकार की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से उपायुक्त हमीरपुर से अनुरोध किया कि हमारी सेवाओं को सितंबर 2024 से दैनिक वेतन भोगी के रूप में मान्यता दी जाए और इससे संबंधित अधिसूचना शीघ्र जारी की जाए।

## मेलों के दौरान पार्किंग व्यवस्था को किया जाए दुरुस्त : एसडीएम

**एसके ठाकुर, बड़सर**



उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बालक नाथ मंदिर में आने वाले चैत्र माह के मेलों को लेकर न्यास अध्यक्ष एवं एसडीएम बरसात राजेंद्र गौतम द्वारा एडवाइजरी जारी कर दी है। 14 फरवरी को उपयुक्त हमीरपुर एवं आयुक्त मंदिर की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान हुई चर्चा के बाद मंदिर अधिकारी व प्रशासन को लिखित आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों में खास हिदायत दी गई है कि जिन श्रद्धालुओं की सराय नंबर 9 में ऑनलाइन बुकिंग है, उन्हें गाड़ियों को अपर बाजार तक जाने की अनुमति रहेगी। अपंग वृद्ध व रोगी श्रद्धालुओं सहित लंगर का सामान ले जाने वाली गाड़ियों को मंदिर अधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शाहतलाई से आने वाली गाड़ियों की पार्किंग बस स्टैंड बस के साथ होगी। सलौणी की ओर से आने वाली गाड़ियों की पार्किंग पुराने बस स्टैंड पर रहेगी। यही नहीं श्रद्धालुओं के सुविधाओं को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड वी बड़ी स्क्रीनें लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं तथा उचित स्थान पर हॉट एयर बैलून भी लगाए जाने हैं। मेलों के दौरान चढ़ावे में प्राप्त राशि की गणना का कार्य न्यास सहायकों व सहायक नियंत्रक वित्त एवं लेखा वसायक मंदिर अधिकारी की देखरेख में होगी। सभी सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में रहें व रिकॉर्डिंग नियम अनुसार की जाए वह सभी कैमरे ऑनलाइन होंगे।

सराय में बिना पहचान पत्र किसी भी श्रद्धालु को खाने की अनुमति नहीं होगी। कैंटीन नंबर एक व कैंटीन नंबर दो की पहाड़ी के दोनों ओर लगी लोहे की जाली को तुरंत ठीक करवाया जाए। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि संपूर्ण मंदिर परिसर प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य गई आदेश दिए।

इस निगरानी कमेटी में मंदिर अधिकारी सहित सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सहायक अभियंता मंदिर न्यास सहायक पर्यटन विकास अधिकारी हमीरपुर व पुलिस चौकी प्रभारी को लिया गया है। इस बारे में न्यास अध्यक्ष एवं एसडीएम राजेंद्र गौतम ने कहा कि न्यास प्रशासन श्रद्धालुओं के सुविधाओं के लिए प्रयासरत है। न्यास प्रशासन श्रद्धालुओं को हरसंभव सहायता व सुविधा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

**शुरुआत** व्यापारी कर रहे विरोध, बोले- 2 किलोमीटर दूर बनाने से उन्हें होंगी मुश्किलें

# सुजानपुर के डोली में नए बस स्टैंड का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के नया बस स्टैंड को डोली में बनाने को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। निर्माण स्थल पर जेसीबी चलाकर समतल करने का कार्य भी चला हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग को शिलान्यास पट्टिका बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार होली में लेकर दौरान डोली में बस स्टैंड का उद्घाटन मुख्यमंत्री से करवाए जाने की योजना है।


डोली में नए बस स्टैंड को लेकर सिलेक्ट की गई जमीन को किया जा रहा समतल।

उधर, सुजानपुर बस स्टैंड को डोली में ले जाने की योजना की भनक अब शहर के व्यापारी वर्ग को लगी है, जिसके बाद तमाम व्यापारी सरकार और प्रशासन के इस फैसले का विरोध करने के लिए आगे आए हैं। 11 मार्च को इस विषय पर पुराने बस स्टैंड स्थल पर एक आम सभा रखी गई है, जिसमें शहर के व्यापारी इकट्ठे होकर सुजानपुर प्रशासन को एक पत्र प्रस्तुत करेंगे और विरोध की जरूरत पड़ी तो इस फैसले के बदलने को लेकर विरोध भी करेंगे। बताते चलें कि शहर के व्यापारी बस स्टैंड के निर्माण को लेकर आपत्ति दर्ज इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि जिस स्थान पर इसे बनाने की योजना है, वह शहर से करीब 2 किलोमीटर दूर है। इसे एक सुनसान स्थान पर चिन्हित किया गया है, ऐसे में देर रात को जब लोग बस स्टैंड पर उतरेंगे तो शहर के विभिन्न वार्डों के लोग कैसे अपने घरों पर पहुंचेंगे, इसको लेकर भी बड़ा सवाल बना हुआ है ।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार मजबूरन लोगों को थ्री व्हीलर करने होंगे और पैसे खर्च करके अपने घरों को पहुंचना होगा। उनके अनुसार ऐसे में अगर बस स्टैंड का निर्माण प्राइमरी स्कूल के पास होता है तो यह तमाम शहर के लोगों के लिए सुविधाजनक स्थल होगा। 2 वर्ष पहले सुजानपुर में बस स्टैंड बनाने की मांग तत्कालीन विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की थी। इस पर मुख्यमंत्री ने यहां पर बस स्टैंड बनाए जाने की घोषणा की थी, लेकिन 2 वर्ष तक कोई कार्य नहीं हो सका, तब बस स्टैंड के लिए वर्तमान समय में कार्यरत प्राइमरी स्कूल की जगह को सुझाया गया था।पीडब्ल्यूडी एसडीओ अभिषेक ने बताया कि प्रशासन की जो भी निर्देश होंगे, विभाग द्वारा उसे पर अमल किया जाएगा। शिलान्यास पट्टिका के बनाए जाने को भी उच्च अधिकारियों द्वारा कहा गया है।

### व्यापारियों की बैठक आज

सुजानपुर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि चिन्हित स्थल जो पहले तय किया गया था, वहां पर ही बस स्टैंड बन, को लेकर एक मांग पत्र प्रशासन को दिया जाएगा। मंगलवार को प्रातः 11 एक आम सभा बुलाई गई है, जिसमें व्यापारी इस विषय पर अपनी राय और सुझाव दे सकते हैं।

## सरकार के पास अपनों के लिए फंड, बुजुर्गों के लिए नहीं : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की बेरुखी और लापरवाह नीतियों के चलते हजारों बुजुर्गों को बुढ़ापा पेंशन से वंचित कर दिया गया है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने करीबी मित्रों पर सरकारी खजाना लुटाने में व्यस्त है, लेकिन बुजुर्गों को छह महीने से उनकी पेंशन तक नहीं दी जा रही। इस अन्याय के कारण बुजुर्गों को भुखमरी, दवा के अभाव और आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। राजेंद्र राणा ने सवाल उठाया कि जब सरकार के पास अपने खास लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए पैसा है, तो बुजुर्गों की पेंशन रोकने की क्या मजबूरी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लग (कढियार)**
**विकास खंड बमसन (टौणी देवी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

वित वर्ष 2025-26 (01/04/2025 से 31/03/2026) के विकास कार्यों हेतू क्रैसर बजरी (10MM, 20MM), कैंसर रेता, धुला रेता, दरिया रेता (प्रति घन मीटर), गटका स्टोन 40MM व् 63MM (प्रति घन मीटर), पक्की ईंट, पेवर ब्लॉक 40MM, 60MM, 80MM (ISI मार्क) लोडिंग व् अनलोडिंग लेवर सहित, सीमेंट ब्लॉक (4*8*16,6*8*16, 8*8*16), रास्ता, दीवार (डंगा) व् भवन निर्माण हेतू शटरिंग स्टील/ लकड़ी, JCB मशीन द्वारा कटान सॉफ्ट/हार्ड प्रति घन मीटर, सीमेंट ढुलाई पंजोत से प्रति बैग लेबर सहित, निर्माण सामग्री की ढुलाई प्रति घन मीटर by Head Load / by Mule दूरी 100mtr, 200mtr, 300mtr, 500mt व् 1Km तक, RCC Hume पाइप with कॉलर 300MM/600MM/900MM/1200MM, साईन बोर्ड लेखन/पेंटिंग सहित (2 ft *3 ft/ 3ft * 4ft), साईन बोर्ड व् स्लोगन लिखाई प्रति वर्ग फुट, ढुलाई मलबा (by Mechanical Transport) प्रति किलो मीटर व् प्रति घन मीटर, मिक्सर किराया प्रति दिन डीजल के साथ आदि निर्माण सामग्री की खरीद की जानी है। सभी निविदाए दिनांक 18/03/2025 को शाम 3 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं पंचायत कार्यालय में पहुंचाई जा सकती हैं। निविदाए दिनांक 24/03/2025 को प्रातः 11 बजे पंचायत बैठक में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र पंचायत में 1000/- रु0 जमा करने के उपरांत जारी किया जाएगा। वही फर्म निविदा दे सकती है जिसने निविदा प्रपत्र पंचायत से लिया होगा। निविदा के साथ फर्म का GST NO. ISI मार्क प्रमाण पत्र, व बैंक खाता संख्या की छायाप्रति साथ में लगानी होगी। जिस सामग्री हेतू निविदा दी जा रही है उसका विवरण लिफाफे के बाहर लिखना होगा। बिल के साथ 'M' फॉर्म देना अनिवार्य होगा। निविदा को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा।

प्रधान/पंचायत सचिव
ग्राम पचायत लग (कढियार)
विकास खंड बमसन (टौणी देवी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)





# विधानसभा बजट सत्र 2025-26



### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय


मंत्री धनीराम शांडिल (सोलन)।


मंत्री राजेश धर्माणी (घुमारवीं)।


आरएस बाली (नगरोटा बगवां)।


कुलदीप राठौर (ठियोग)।


किशोरी लाल (बैजनाथ)।


हरीश जनारथा (शिमला)।


संजय अवस्थी (अर्की)।


सुरेश कुमार (भोरंज)।

# केंद्र के रवैये पर हमला बोलेगी कांग्रेस भ्रष्टाचार-चिट्टे पर हो सकता हंगामा

## सीएम की अध्यक्षता में कांग्रेस ने विपक्ष पर पलटवार की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की सोमवार को शिमला के पीटरहॉफ में मीटिंग हुई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में संपन्न मीटिंग में विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब देने की रणनीति तैयार की गई।

इसके बाद मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस विधायक बजट सत्र में शामिल होने के लिए रवाना हुए। सूत्रों की माने तो कांग्रेस विधायक दल ने बीजेपी को केंद्र सरकार के रवैये को लेकर घेरने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार बार-बार आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार हिमाचल के बजट में कटौती कर सौतेला व्यवहार कर रही है। केंद्र ने पहले राज्य की लोन लेने की सीमा को 5 प्रतिशत से घटाकर 3.5 प्रतिशत किया है।

इसके बाद 3 हजार करोड़ से ज्यादा का जीएसटी कॉम्पेनसेशन भी बंद कर दिया। केंद्रीय योजनाओं पर भी कैपिंग लगाई गई। पूर्व बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हिमाचल को रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट 13 हजार करोड़ रुपए मिल रही थी, जो कि अगले साल एक चौथाई घटकर 3257 करोड़ रुपए रह जाएगी। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रही।



### बीजेपी ने भी बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

**वहीं** बीजेपी भी शिमला में विधायक दल बैठक करके कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति बना चुका है। बीजेपी इस सत्र के दौरान सदन में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, केंद्रीय योजनाओं का पैसा सैलरी-पेंशन पर खर्च करने, मंदिरों का पैसा सरकारी योजनाओं पर खर्च करने, संस्थान बंद करने जैसे मुद्दे बजट सत्र में उठाएगा। इसी तरह विपक्ष सत्र में राज्य की वित्तीय हालत, चिट्टे के बढ़ते कारोबार और कांग्रेस की गारंटियों को लेकर घेरने का प्रयास करेगा।


### आपदा में मदद न मिलने को मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

**सत्तारूढ़** कांग्रेस का आरोप है कि 2023 में सदी की सबसे भीषण आपदा के बावजूद केंद्र से एक रुपए की भी अतिरिक्त मदद हिमाचल को नहीं मिली, जबकि नुकसान का जायजा लेने हिमाचल आई टीम ने खुद माना है कि बरसात में भारी बारिश व बादल फटने से 9 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। लिहाजा सत्तारूढ़ कांग्रेस इन मुद्दो को लेकर सदन में विपक्ष पर पलटवार करेगी।

## केंद्र से खैरात नहीं, अपना हक मांग रहा हिमाचल : सुखविंद्र सुक्खू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश केंद्र सरकार से कोई खैरात नहीं मांग रहा है बल्कि यह प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र से कंपनसेशन की उम्मीद थी लेकिन अब तक राज्य को एक भी पैसा नहीं मिला है। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से आपदा राहत कंपनसेशन न मिलने से प्रदेश के विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब राज्य पर कोई आपदा आती है तो केंद्र सरकार का दायित्व बनता है कि वह राहत प्रदान करे, लेकिन हिमाचल को इस मामले में अब तक अनदेखा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने संसाधनों के माध्यम से राहत कार्य कर रही है लेकिन केंद्र सरकार का सहयोग मिलना बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने मंदिरों से सरकारी योजनाओं के लिए अंशदान लेने के मामले पर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जनहित योजनाओं के लिए मंदिरों से अंशदान लेने के लिए पहले से ही मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनी हुई है।

## सरकार के पास दो साल के बाद भी कोई ठोस उपलब्धि नहीं : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के पास अपने दो साल के कार्यकाल के बाद भी कोई ठोस उपलब्धि नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से सरकार झूठ बोल रही है और उसके पास केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं और पूर्व सरकार द्वारा किए गए कार्यों के अलावा बताने के लिए कुछ नहीं है।



जयराम ने कहा कि सरकार ने केंद्र सरकार के प्रति आभार का एक शब्द भी नहीं बोला, बल्कि उल्टा सहयोग न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश में बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन का मुद्दा उठाया, जो पिछले छह महीने से लंबित है और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट अभिभाषण में सरकार ने ऐसे दावे किए हैं, जो सुनकर मैं भी चौंक गया। सरकार कहती है कि प्रदेश में 69 स्वास्थ्य संस्थाओं को आदर्श चिकित्सा संस्थान बना दिया गया है, जिनमें विशेषज्ञों की टीमें और अत्याधुनिक एमआरआई मशीनें भी लगाई गई हैं लेकिन मुझे अपने विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई संस्थान नहीं दिखाई देता और हमारे अन्य विधायक भी यही कह रहे हैं।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय


सुखराम चौधरी, बिक्रम ठाकुर, विपिन सिंह परमार और पवन काजल।


प्रकाश राणा, राकेश जम्वाल व रणधीर शर्मा सहित अन्य।


सतपाल सत्ती (ऊना) और विनोद कुमार (नाचन)।


आशीष शर्मा व सुधीर शर्मा।


रीना कश्यप (पच्छाद)।

# बजट सत्र में दिखेगी सत्ता पक्ष और विपक्ष की ताकत!

## जनहित मुद्दों पर भाजपा करेगी कड़े प्रहार, सत्तासीन दल बचाव की तलाश में जुटा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आगाज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के भाषण के साथ शुरू हुआ। दो बजे राज्यपाल ने कांग्रेस सरकार का बजटीय भाषण पढ़ना शुरू किया। साढ़े तीन बजे तक उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की ढेर सारी उपलब्धियां गिनवाईं। उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि एवं बागवानी, जल विकास सहित महिला अधिकार जैसे क्षेत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी विभागों के माध्यम से आम जनमानस का कल्याण सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के साथ कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प भी दोहराया गया। नशा की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए हर संभव कदम उठाने की बात दोहराई गई। महिला सशक्तिकरण के तहत उठाए गए कदमों की जानकारी भी सदन में साझा की गई। नशाखोरी पर लगाम लगाने के लिए भविष्य में कई तरह के कड़े कानून की रूपरेखा बनाई जाने की बात कही गई। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मंगलवार को चर्चा होगी। सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष इस पर अपनी राय व्यक्त करेंगे। यह चर्चा 13 मार्च तक चलेगी। उसके बाद 17 मार्च को सीएम सुक्खू अपनी सरकार का तीसरा बजट पेश करेंगे। बजट पर चर्चा की अवधि 3 दिन रखी गई है, जो आगामी 28 मार्च तक जारी रहेगी। विधानसभा सचिवालय में पहले दिन सत्तापक्ष व विपक्ष के नेता अपने खुशमिजाज अंदाज में नजर जरूर आए, मगर कल से शुरू हो रही चर्चा में विपक्षी दल भाजपा ने अपने कडे तेवर दिखाने के संकेत दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### जनहित से जुड़े मुद्दों का रहेगा शोर

**जनहित** से जुड़े तमाम मुद्दे सदन में गूंजेगे। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति जैसे मुद्दे कांग्रेस सरकार के लिए चुनौती के रूप में सामने आएंगे। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने दो टूक कहा है कि दो साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार की कोई भी बड़ी उपलब्धि नहीं रही। उद्योगों की हालत खस्ता हो गई है। भ्रष्टाचार के मामले लगातार बढ रहे हैं और चिट्टे का कारोबार प्रदेश के अंदर खूब फल फूल रहा है। उपलब्धि के तौर पर महज अपनी सरकार को बचाना रह गया है।

### सदन से वॉकआउट होने की संभावना

**भाजपा** मंगलवार से सदन में होने वाली चर्चा में अपने विरोध के स्वर बुलंद करेगी। इस दौरान हो सकता है कि विरोध स्वरूप सदन से वॉकआउट कर जाए। उनके विरोधी तेवरों से लग रहा है कि बजट सत्र में इस बार विपक्ष कोई भी मौका नहीं चूकना चाहेगा। वह हर उस ज्वलंत मुद्दे की आड़ में सत्ता पक्ष को परेशान करने से पीछे नहीं हटेगा, अलबत्ता अंदर रहकर भाजपा अपने कडे तेवर बरकरार रखेगी और उनका संगठन बाहर विरोध स्वरूप अपनी आवाज बुलंद रखेगा, जिसमें भाजपा के अग्रणी संगठन अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

### सदन के बाद कई गैर सरकारी संगठन गरजेंगे

**इस** दौरान कई अन्य गैर सरकारी संगठन भी उनका साथ दे सकते हैं। सतारूढ़ कांग्रेस ने सोमवार को पीटर ऑफ में रणनीति के तौर पर भाजपा को पीछे धकेलने की तैयारी को अमलीजामा पहनाया हैं। सभी सतारूढ़ विधायकों ने आक्रामक रुख के साथ भाजपा के हमले पर प्रहार करने की सहमति बनाई है। सीएम सुक्खू ने दो टूक कहा है कि भाजपा कई गुटों में बंटी है, जिसमें ये लोग अनाप-शनाप बयान बाजी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष के नेता अपनी ही पार्टी के लोगों के विरोध का सामना कर रहे हैं। उनके पूरे संगठन पर कांग्रेस छोड़कर गए नौ चैंपियन ही राज्यों की पूरी पार्टी को चल रही हैं।

### कांग्रेस सरकार की गारंटियों का शोर गूंजेगा

कांग्रेस सरकार की गारंटियों की गूंज भी सदन के भीतर खूब गूंजेगी, जिसमें ज्यादातर गारंटिया असफल साबित हुई है, जो कुछ रह गई है वे भी अब दम तोड़ने लगी है। ऐसे आरोप विपक्ष सदन में जरुर लगाएगा और उसका जवाब भी चाहेगा। कुल मिलाकर कल के बजट पर चर्चा गर्म रहने वाली है और धमाकेदार होने वाली है, जिसमें सत्तापक्ष व विपक्ष के कई रंग एक साथ देखने को मिलेंगे।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



*शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बजट सत्र के लिए सोमवार को विधानसभा पहुंचे। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान व विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सीएम का स्वागत किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की।* **अनंत ज्ञान**

## जोगिंद्रनगर में 35 साल बाद एनएच डिवीजन बंद

### पठानकोट-मंडी हाईवे एनएचआई को सौंपा, डिवीजन हमीरपुर स्थानांतरित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** सोमवार को प्रदेश सरकार के निर्णय के बाद जोगिंद्रनगर में 1989 से स्थापित नेशनल हाईवे डिवीजन को बंद कर दिया गया है। इसके स्थानांतरण के बाद अब इसका मुख्यालय हमीरपुर में होगा। सोमवार को पत्रकारवार्ता में नेशनल हाईवे के अधीक्षण अभियंता विश्वजीत शर्मा और अधिशासी अभियंता दीपक सुरीली ने इस निर्णय की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे को अब नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधीन कर दिया गया है, जिससे जोगिंद्रनगर डिवीजन के पास कोई कार्य नहीं बचा था। इसी कारण इसे सरकार द्वारा हमीरपुर स्थानांतरित कर दिया गया है।

अनंत ज्ञान खास खबर

नगरोटा बगवां-रानीताल सड़क के लिए 408 करोड़ की डीपीआर भेजी

अधिशासी अभियंता दीपक सुरीली ने बताया कि नगरोटा बगवां से रानीताल के बीच नगरोटा से मस्सल (0 से 5 किमी) और 18 से 39 किमी तक सड़क को डबललेन करने के लिए 88.86 करोड़ और 319.43 करोड़ रुपये की डीपीआर मंजूरी के लिए भेजी गई है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, इन योजनाओं पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। **अनंत ज्ञान**



### पठानकोट से कुल्लू की दूरी होगी 60 किमी कम

**अधीक्षण** अभियंता विश्वजीत शर्मा ने बताया कि जोगिंद्रनगर-भूभू-जोत-कुल्लू सड़क मार्ग के निर्माण के लिए एलाइनमेंट का मसौदा केंद्रीय भूतल मंत्रालय को भेजा गया है। इस सड़क के बनने से पठानकोट से कुल्लू की दूरी 60 किमी तक कम हो जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषित प्रदेश के 69 राष्ट्रीय राजमार्गों में से जोगिंद्रनगर एनएच डिवीजन के तहत आने वाले कई हाईवे के एलाइनमेंट केंद्र को भेजे गए हैं।

### जोगिंद्रनगर में कर्मियों का किया आभार व्यक्त

**डिवीजन** स्थानांतरण से पहले आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता दीपक सुरीली ने अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण जोगिंद्रनगर राजीव शर्मा और नेशनल हाईवे के अधीक्षण अभियंता विश्वजीत शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने जोगिंद्रनगर में कार्यरत स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

**मौसम** — चार दिन बारिश, बर्फबारी व बिजली गिरने का येलो अलर्ट

## पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**प्रदेश** में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों जैसे लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा के ऊपरी इलाकों में रविवार रात को हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। लाहौल-स्पीति के केलंग और गोंदला में एक सेंटीमीटर तक हिमपात हुआ है। इसके अलावा किन्नौर जिले के ऊपरी इलाकों में भी हल्की बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मैदानी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चार दिनों तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, बर्फबारी और गरज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। यह स्थिति आज से 14 मार्च तक बनी रह सकती है। विभाग ने चेतावनी दी है कि मौसम के इस बदलाव से जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 10, 12, 13 और 14 मार्च को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं मैदानी और निचले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज और बिजली चमकने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 10 से 14 मार्च तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। खासकर कांगड़ा, चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और सोलन जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आगामी 16 मार्च तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं।



### लाहौल-स्पीति के ताबो में सबसे कम तापमान दर्ज

**सोमवार** को लाहौल स्पीति के ताबो में सबसे कम न्यूनतम तापमान -3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी जिला के कूकुमसेरी व केलंग में न्यूनतम पारा क्रमशः -2.6 डिग्री व -2.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मनाली में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री व शिमला में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दियोटसिद्ध में गाड़ियों के पास को लेकर बरपा हंगामा, तेजधार हथियार से डराया टैक्सी चालक

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में माथा टेकने आए पंजाब का एक परिवार गाड़ी को पास न देने पर एक टैक्सी ड्राइवर से बीच बाजार में उलझ पड़ा। इस दौरान गाड़ी में बैठा एक व्यक्ति तेज हथियार लहराकर टैक्सी ड्राइवर को डराने धमकाने लगा। इस भयानक मंजर को सुनकर काफी संख्या में दुकानदार और श्रद्धालु इकट्ठे हो गए और मामले को शांत करवाया। पंजाब की गाड़ी में बैठे श्रद्धालुओं ने माफी मांग कर अपना पीछा छुड़ाया। इस मामले में दियोटसिद्ध पुलिस चौकी के प्रभारी प्रकाश चंद ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो जाने के चलते कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। लेकिन मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अपने स्तर पर श्रद्धालुओं को दोबारा ऐसा न करने की नसीहत दी।




### मंदिर आने वाली गाड़ियों की हो जांच

**स्थानीय** लोगों ने मंदिर और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिषर में आने वाली गाड़ियों की गहनता से जांच की जाए और किसी को भी किसी प्रकार के हथियार के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश पर पूर्ण रोक लगाई जाए। अकसर देखा जाता है कि बैरियर नंबर 1 और 2 पर सिर्फ परमिशन ही देखी जाती है। गाड़ी के अंदर क्या है कोई ध्यान नहीं दिया जाता। (अनंत ज्ञान)

श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः। ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥

श्रद्धा रखने वाले मनुष्य, अपनी इंद्रियों पर संयम रखने वाले मनुष्य साधन पारायण हो अपनी तत्परता से ज्ञान प्राप्त करते हैं। ज्ञान मिल जाने पर जल्द ही परम शांति को प्राप्त होते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 11 मार्च 2025

## धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अनूठी है
# सुजानपुर की होली

## कटोच वंश के राजा घमंड चंद ने की थी नगर की स्थापना



### खंडहर हो चुका है महाराजा संसार चंद का महल

**सुजानपुर** चौगान मैदान से 3 किलोमीटर दूर ऊंची पहाड़ी पर राजा संसार चंद के महल स्थित हैं। यह महल इन दिनों खंडहर हो चुका है। राजा संसार चंद ने अपने शासनकाल में 1775 से 1823 ई. के दौरान सुजानपुर टीहरा में अनेक भव्य भवनों एवं मंदिरों का निर्माण करवाया था। माना जाता है कि कांगड़ा चित्रकला उनके शासन काल में काफी फली-फूली। यहां के सुंदर मंदिरों की दीवारों पर आज भी कांगड़ा कलम के मनोहारी चित्र आज भी जिंदा है।

**हिमाचल प्रदेश का सुजानपुर टीहरा का होली मेला एक अद्वितीय सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है, जो न केवल राज्य की पारंपरिक धरोहर को समर्पित है, बल्कि यहां की लोक संस्कृति, आस्था और परंपराओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। सुजानपुर नगर कटोच वंश के राजा घमंड चंद ने बसाया था। उन्होंने ही नगर की स्थापना 1761 ईस्वी में शुरू करवाई थी। हालांकि, इस नगर का कार्य उनके पोते राजा संसार चंद ने पूर्ण करवाया था। सुजानपुर बेहद सुंदर नगर है, जो ब्यास नदी के बाएं तट पर बसा है। जब यह नगर बस गया तो राजा संसार चंद को बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इसे अपनी राजधानी बनाया था। उन्होंने देश के विख्यात कलाकार, विद्वान और सुयोग्य व्यक्ति यहां लाकर बसाए गए। तभी से सुजान व्यक्ति यों की सुंदर बस्ती सुजानपुर कहलाने लगी। मेले की शुरुआत राजा संसार चंद के शासनकाल से मानी जाती है और आज यह मेला न केवल स्थानीय जनता, बल्कि दूर-दूर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है।**

## धार्मिक महत्व

**सुजानपुर** होली मेला मुख्य रूप से हिंदू धर्म से जुड़ा हुआ है। इस दिन राक्षसी और नकारात्मक शक्ति यों का अंत होता है। सुजानपुर में इस मेले का धार्मिक महत्व खासतौर पर इस बात से जुड़ा है कि यहां के लोग भगवान श्रीकृष्ण और राधा के साथ-साथ अन्य देवताओं की पूजा करते हैं। मेले में विशेष रूप से श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा और प्रेम की अभिव्यक्ति होती है। किले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना में लोग बड़ी श्रद्धा से भाग लेते हैं। इस मेले में भक्त जन विभिन्न देवी-देवताओं के सामने अपनी आस्था अर्पित करते हैं और साथ ही इस पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। एक अन्य प्रमुख धार्मिक पहलू यह है कि सुजानपुर का किला और यहां के मंदिर धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। सुजानपुर में स्थित प्राचीन मंदिरों में विशेष रूप से पवित्र आयोजन होते हैं, जो स्थानीय लोगों के लिए एक धार्मिक केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। इन मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं के प्रति भक्त ों की श्रद्धा और विश्वास स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।



### चौगान में राजा की सेनाएं करती थी अभ्यास

**सुजानपुर** शहर में का चौगान मैदान आज भी सुंदरता का प्रतीक है। रियासतों के दौर में कटोच वंश के राजाओं की सेनाएं जहां अभ्यास किया करती थी. बाद में जब उत्सव मनाया जाने लगा तो यहां पर लोग मिलजुलकर होली खेलते थे और राजा भी प्रजा के साथ मिलकर यह होली खेलने के लिए आते थे।

### तालाब में तैयार किया जाता था रंग

**कहा** जाता है कि सुजानपुर टीहरा में होली रंग तालाब में तैयार किया जाता है रियासतों का दौर तो अब बीत गया है लेकिन इस उत्सव में मुख्य अतिथि के लिए आज ही रथ लाया जाता है। इसमें सवार होकर मुख्य अतिथि शोभायात्रा में भाग लेते हैं। इस बार 12 मार्च से लेकर 15 मार्च तक होने वाले इस ऐतिहासिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर है।

## ऐतिहासिक महत्व

**सुजानपुर** होली मेला सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सुजानपुर का किला और यह क्षेत्र ऐतिहासिक दृष्टि से हिमाचल प्रदेश के विकास और शाही संस्कृति का गवाह है। यह मेला भी इस इतिहास का हिस्सा बन चुका है। सुजानपुर टीहरा किला, जो राजा संसार चंद द्वारा निर्मित किया गया था, इस क्षेत्र के इतिहास का अभिन्न हिस्सा है। राजा संसार चंद का शासनकाल कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में महत्वपूर्ण था और इस किले का निर्माण उस समय के शाही रिवाजों और वास्तुकला का प्रतीक है। सुजानपुर होली मेला भी राजा संसार चंद के समय में आयोजित होने वाले समारोहों से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि राजा संसार चंद और उनके दरबार में होली के दिन खास उत्सव आयोजित किए जाते थे, जिनमें राज्य के लोग भाग लेते थे। उस समय यह मेला एक राज्यस्तरीय उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता था, जो पूरे क्षेत्र की संस्कृति और परंपराओं का परिचायक था। राजा के नेतृत्व में यह उत्सव और मेला बड़े धूमधाम से मनाए जाते थे। इसके अलावा, इस मेले में विभिन्न प्रकार की पारंपरिक कला और नृत्य प्रदर्शन होते हैं, जो हिमाचल प्रदेश के लोक सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं। मेले में लोकनृत्य, गीत, रंगों का प्रदर्शन और स्थानीय परंपराओं का प्रदर्शन किया जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक कटोच वंश के 481वें महाराजा संसार चंद ने सुजानपुर के चौगान में 1795 में प्रजा के साथ पहली बार राजमहल में तैयार खास तरह के गुलाल होली खेली थी। सुजानपुर नगर जो आज शहर हो चुका है यहां पर करीब 300 वर्ष पुराने राधा कृष्ण मंदिर से होली का राजा ने आगाज किया था।

# रंगों का उत्सव

***होली हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसे रंगों और उत्साह के साथ पूरे भारत में मनाया जाता है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार होली का पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस साल होली 14 मार्च को मनाई जाएगी, जबकि होलिका दहन 13 मार्च की रात को किया जाएगा।***

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त और तिथि

होलिका दहन, जिसे छोटी होली भी कहा जाता है, फाल्गुन पूर्णिमा की रात को किया जाता है। 2025 में फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे शुरू होगी और 14 मार्च को दोपहर 12:23 बजे समाप्त होगी। होलिका दहन करने का शुभ समय प्रदोष काल में तब आता है, जब भद्रा समाप्त हो जाती है। भद्रा काल 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे से रात 11:26 बजे तक रहेगा। भद्रा काल के दौरान होलिका दहन करना अशुभ माना जाता है, इसलिए इसे समाप्त होने के बाद ही दहन करना चाहिए। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को रात 11:26 बजे से 12:30 बजे के बीच रहेगा।

### होलिका दहन का धार्मिक और पौराणिक महत्व

**होलिका** दहन का त्योहार भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, हिरण्यकशिपु नामक असुर राजा का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था, लेकिन हिरण्यकशिपु स्वयं विष्णु विरोधी था। उसने प्रह्लाद को विष्णु भक्ति से रोकने के लिए अनेक प्रयास किए, लेकिन असफल रहा। अंततः उसने अपनी बहन होलिका की मदद से प्रह्लाद को अग्नि में जलाकर मारने की योजना बनाई। होलिका को वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती, इसलिए वह प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे, जबकि होलिका स्वयं जलकर भस्म हो गई। इस घटना के उपलक्ष्य में होलिका दहन किया जाता है, जो यह दर्शाता है कि अधर्म और अहंकार की सदा पराजय होती है, जबकि सच्ची भक्ति और सद्गुणों की जीत होती है।

### होलिका दहन की परंपराएं और रीति-रिवाज

**होलिका** दहन के दिन लोग लकड़ी, उपले और अन्य पूजन सामग्री से होलिका तैयार करते हैं। शाम के समय होली का पूजन किया जाता है, जिसमें रोली, चावल, फूल, गंगाजल, नारियल, हल्दी, मूंग, गुड़ और नई फसल (गेहूं की बालियां, चने के पौधे) आदि चढ़ाए जाते हैं। इसके बाद होलिका का दहन किया जाता है और लोग अग्नि की परिक्रमा करके अपनी सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर यह भी मान्यता है कि होलिका दहन की अग्नि में घर की नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियां जलकर नष्ट हो जाती हैं। लोग होली की अग्नि से अपनी घर की राख लाकर उसे अपने घरों में रखते हैं, जिससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

### 14 मार्च को रंगों की होली का उल्लास



विभा शर्मा
ज्योतिषाचार्य, जोगिंद्रनगर

**कुछ** राज्यों में होलिका दहन के अगले दिन धुलंडी या रंगों वाली होली खेली जाती है, जिसे 14 मार्च 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन लोग रंग-गुलाल से खेलते हैं, एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले मिलकर त्योहार की बधाइयां देते हैं। घरों में विशेष पकवान बनाए जाते हैं, जिनमें गुजिया, पापड़, ठंडाई, दही भल्ले और अन्य पारंपरिक व्यंजन शामिल होते हैं।होली का यह रंगोत्सव सामाजिक समरसता का संदेश देता है। इस दिन सभी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ हंसी-खुशी त्योहार मनाते हैं।

### होलाष्टक में शुभ कार्य वर्जित

**होलाष्टक** का समय अशुभ माना जाता है, जो फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से होलिका दहन तक चलता है। 2025 में होलाष्टक 6 मार्च से 13 मार्च तक रहेगा। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण संस्कार, मुंडन, जमीन खरीदना, या नया व्यापार शुरू करना वर्जित माना जाता है। शास्त्रों में ऐसा माना जाता है कि होलाष्टक के दौरान किए गए शुभ कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं और सफलता प्राप्त करना कठिन होता है। इसलिए, इन दिनों कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते।



***होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है, जबकि प्रेम, भक्ति और सच्चाई की हमेशा जीत होती है।***

## शिव के महान उपासक
# लला मेमे



शेर सिंह, नाग मंदिर कॉलोनी, शमशी, कुल्लू


**लला** मेमे जिनका पूरा नाम लाल चंद था। वह लला मेमे, लला गुर अथवा गुडुंग गुर के नाम से लाहौल जनपद में विख्यात हुए। उनका जन्म 1911 में लाहौल के घुषाल गांव के नंबरदार के घर में हुआ था। उनकी माता का नाम टशियंकी एवं पिता का नाम घुम्मल नंबबरदार था। उनसे तीन पीढ़ी पूर्व भी उनके ही परिवार से सोनू नंबरदार नामक युवा, साधु बनकर घर छोड़ गए थे। वे 108 वर्ष तक जिए थे। इससे उनके वंश में साधु परंपरा का सहज ही पता चलता है। कहा जाता है कि लला मेमे 1949 -50 के आसपास किसी अनजान बीमारी से ग्रस्त हुए थे। तीन-चार वर्षों तक वे उस अनजान रोग से शारीरिक कष्ट सहते रहे। एक दिन बार्गुल गांव के प्रसिद्ध जानकार सोनम रिग्जिन उनके घर आए, तो पहली बार स्वयं को घुडू स्वामी होने की घोषणा की। इसके बाद वे कठिन और बर्फीले पहाड़ों के दर्रों, कुगति जोत एवं केलिंग बजीर के मंदिर मार्ग से होते हुए मणिमहेश कैलाश को नंगे पांव पैदल निकल पड़े। कहा जाता है कि केलिंग बजीर के पड़ाव वाली रात, इनका हाथ एक दूध जैसे सफेद और कोमल हाथ वाले बच्चे ने अपने हाथ में थाम लिया। प्रातः उन्होंने जब लोगों से रात वाली घटना की चर्चा की, तो गद्दी गुरों ने उन्हें बालक को साक्षात भगवान शिव होना बताया। इसी के साथ इनको शिव के गुर यानी चेला होने की जानकारी दी गई। इससे लाहौल की धरती पर लला मेमे के माध्यम से सेवा भक्ति और चमत्कारों की एक अटूट श्रृंखला की शुरुआत हुई। 1959- 60 के आसपास ये अपने खेत में काम कर रहे थे। एकाएक आकाशवाणी हुई और इनको 100 वर्षों तक जीने का दिव्य संदेश सुनाया गया। इनकी शिव भक्ति बहुत निश्छल एवं पवित्र थी। इनकी वाणी एवं मुख से सदा मानव कल्याण झलकता था। इनमें क्रोध, लोभ, अहंकार नहीं था। इन्होंने आजीवन हिंदू और बौद्ध मतों से संबंधित दोनों परंपराओं को एक समान सम्मान दिया। शिव उपासना को इन्होंने लाहौल में लोकप्रिय एवं भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था का आधार बनाया। शिव के सरल भजन, कीर्तनों को लाहॉल घाटी में इन्होंने ही सर्वप्रिय बनाया।



मणिमहेश कैलाश से वापस आने पर अधिकांश समय वे शिव भक्ति में लीन रहने लगे। शिव महिमा का बखान करते। शिव भक्त के रूप में धीर-धीरे पूरी घाटी में लोग उनको जानने-पहचानने लगे। लोग उनके पास किसी न किसी व्याधि, परेशानी से छुटकारा दिलाने, निवारण के प्रयोजन से आने लगे। उन्हें बुला-बुलाकर अपने घर ले जाने लगे। गुर के रूप में उनको भगवान शिव रूपी देवता आने लगा था। गुर के रूप में उनके बोल लोगों की परेशानियों को सुलझाने के उपाय सुझाने लगे। वे पूरे विधि- विधान एवं लोक मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करने लगे। जैसे कोई तांत्रिक लोगों के मनोविज्ञान को अपने तंत्र ज्ञान से जान लेता है, कुछ इसी प्रकार से वे उनके पास आने वाले लोगों को उपाय बताने लगे। उनके द्वारा सुझाए उपायों से जब लोगों की चिंताएं, व्याधियां शांत अथवा दूर होने लगी, तो उनका नाम दूर-दूर तक फैलता गया। एक अनन्य शिव भक्त के तौर पर दूर -दूर से लोग उन्हें आमंत्रित करने लगे।

इनके द्वारा अभिमंत्रित शुर (देवदार के पत्ते) और पवित्र धागों यानी कलावों को पहनते ही श्रद्धालुओं के रोग और विकार दूर हो जाते थे। वे बहुत कम शब्दों में अपनी बात कहते थे, लेकिन जो भी कहते थे, सटीक कहते थे। इन्होंने सभी को सभी का भला करने की शिक्षा दी थी। आकाशवाणी को सत्यसिद्ध करते हुए 15 फरवरी, 2011 को असीम शांति के साथ समाधि में बैठे। समाधि में बैठे-बैठे ही शिवलोक को प्रस्थान कर गए। ऐसा माना जाता है कि यह उनका वास्तविक घर था।





## हर मनोकामना पूरी करे
# मां तारा तामेश्वरी

## बाबा बालक नाथ देते हैं श्रद्धालुओं को आशीर्वाद

**जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत ऐहजु के गांव त्रामट घट में मां तारा तामेश्वरी तथा बाबा बालक नाथ के प्राचीन मंदिर स्थित हैं। श्रद्धालु जहां मां तारा तामेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, तो वहीं दियोट सिद्ध बाबा बालक नाथ के प्रति आस्था रखने वाले स्थानीय लोग मंदिर में पहुंचकर बाबा बालक नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। साथ ही बच्चों का मुंडन संस्कार भी यहां किया जाता है। जानकार कहते हैं कि त्रामट घट में स्थित मां तारा तामेश्वरी का यह प्राचीन मंदिर वर्ष 1905 में आए कांगड़ा भूकंप के दौरान नष्ट हो गया था। इसके बाद यहां पर स्थानीय लोगों द्वारा एक छोटा मंदिर का निर्माण करवाया था, लेकिन अब भक्तजनों के सहयोग से यहां पर मां तारा तामेश्वरी के नए मंदिर परिसर को स्थापित किया गया है। कहते हैं कि मां तारा तामेश्वरी भक्तों की मनोकामना को शीघ्र पूरा करती हैं। इस मंदिर में मां बगलामुखी की तर्ज पर फलदायी हवन व यज्ञ भी किए जाते हैं। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह की**

- **जोगिंद्रनगर के त्रामट घट में स्थित दोनों मंदिर**
- **यहां आषाढ़ माह में लगता है तीन दिवसीय मेला**

**संक्रांति को तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मां तारा तामेश्वरी मंडी व कांगड़ा जिला के लोगों की कुल देवी भी है। मां तारा तामेश्वरी के इस प्राचीन मंदिर से महज 50 मीटर की दूरी पर दियोट सिद्ध बाबा बालक नाथ का भी प्राचीन मंदिर स्थित है। स्थानीय जानकारों का कहना है कि इस स्थान पर पहुंचकर आसपास क्षेत्रों के लोग बच्चों का मुंडन संस्कार करते हैं। कहते हैं कि पुरातन समय में जब लोग बाबा बालक नाथ जी के दर्शनार्थ दियोटसिद्ध नहीं जा पाते थे तो वे इसी स्थान पर पहुंचकर बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करते थे। इस पवित्र स्थान में जहां छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार किया जाता है तो वहीं बाबा बालक नाथ जी की परिक्रमा करने के लिए भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। वर्तमान में इन दोनों मंदिरों के संचालन के लिए आसपास के गांवों के लोगों द्वारा मंदिर प्रबंधन कमेटी भी गठित की गई है।**

*प्रस्तुति : अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर, मंडी*

### श्रद्धालुओं को होती है दिव्य अनुभूति

**यह** पवित्र स्थान प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से भी बेहद खूबसूरत है। यहां का शांत वातावरण जहां श्रद्धालुओं को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है तो वहीं यहां पहुंचकर अलग तरह की दिव्य अनुभूति भी होती है। मंदिर परिसर से एक तरफ जहां लडभड़ोल व बैजनाथ क्षेत्र को निहारा जा सकता है तो दूसरी तरफ संपूर्ण चौंतड़ा क्षेत्र के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट बीड़-बीलिंग की वादियों को भी देख सकते हैं। ये प्राचीन मंदिर मंडी-जोगिंद्रनगर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ऐहजु नामक स्थान से ऐहजु-गोलवां-लडभड़ोल सड़क पर लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां पर छोटे वाहनों के साथ-साथ बस के माध्यम से भी आसानी से पहुंचा जा सकता है।

# अंक ज्योतिष के मूल सिद्धांत

**अंक ज्योतिष इस विश्वास पर आधारित है कि ब्रह्माण्ड की हर वस्तु संख्याओं से जुड़ी है। प्रत्येक संख्या का एक विशिष्ट कम्पन और ऊर्जा होती है जो किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व, जीवन पथ और भाग्य को प्रभावित कर सकती है। अंक ज्योतिष में संख्याओं को 1 से 9 तक कम किया जाता है जिन्हें मूल संख्याएं माना जाता है। इन मूल संख्याओं के अपने अपने अर्थ और विशेषताएं होती हैं।**



प्रदीप जोशी, न्यूमेरोलोजिस्ट और वास्तु कंसलटेंट



### अंक ज्योतिष में संख्याओं का महत्व

**मूल संख्याः** यह संख्या किसी व्यक्ति की जन्म तिथि से प्राप्त होती है और उसके जीवन के उद्देश्य और मार्ग को दर्शाती है।
भाग्य संख्या : यह संख्या किसी व्यक्ति के नाम के अक्षरों को संख्याओं में बदलकर प्राप्त होती है और उसके व्यक्तित्व और प्रतिभा को दर्शाती है।

**व्यक्तित्व संख्या :** यह संख्या किसी व्यक्ति के नाम के स्वरों को संख्याओं में बदलकर प्राप्त होती है और उसकी आंतरिक इच्छाओ और प्रेरणाओं को दर्शाती है।

**जन्मदिन संख्या :** यह संख्या किसी व्यक्ति के जन्मदिन से प्राप्त होती है और उसके विशिष्ट गुणों और प्रतिभाओं को दर्शाती है।

### अंक ज्योतिष में संख्याओं के अर्थ

**संख्या 1 :** नेतृत्व, स्वतंत्रता, आत्मविश्वास, पहल। **संख्या 2 :** सहयोग, संतुलन, सद्भाव, संवेदनशीलता। **संख्या 3 :** रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, उत्साह, सामाजिकता। **संख्या 4 :** स्थिरता, व्यवहारिकता, संगठन, कड़ी मेहनत। **संख्या 5 :** परिवर्तन, स्वतंत्रता, रोमांच, अनुकूलनशीलता। **संख्या 6 :** जिम्मेदारी, सद्भाव, देखभाल, परिवार
**संख्या 7 :** ज्ञान, अंतरज्ञान, अध्यात्मिकता, विश्लेषण। **संख्या 8 :** शक्ति, सफलता, समृद्धि, महत्वआकांक्षा। **संख्या 9 :** करुणा, मानवतावाद, आदर्शवाद, ज्ञान


### अंक ज्योतिष के लाभ

**आत्मजागरूकता :** अंक ज्योतिष किसी व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व, प्रतिभाओं और कमजोरियों को समझने में मदद करता है।
**संबंधों में सुधार :** अंक ज्योतिष व्यक्तियों को दूसरों के साथ अपने संबंधों को बेहतर ढंग से समझने और सुधारने में मदद करता है।
**भविष्यवाणी :** अंक ज्योतिष की मदद से भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### अंक ज्योतिष का उपयोग करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

***अंक ज्योतिष को अंधविश्वास के रूप में नहीं देखना चाहिए। अंक ज्योतिष एक मार्गदर्शन है. यह जीवन के सभी पहलुओं के लिए एकमात्र निर्धारक नहीं है। अंक ज्योतिष का उपयोग करते समय अपनी अंतरदृष्टि और विवेक का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। अंक ज्योतिष एक प्राचीन और जटिल विषय है और यह जानकारी मात्र एक संक्षिप्त परिचय है।***


# चैतन्य महाप्रभु



**भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के जयंती महोत्सव पर प्रभु के श्रीविग्रह का पंचामृत से महाभिषेक कराना चाहिए। विशिष्ट शृंगार कर पूजा-पाठ करना चाहिए। इस दिन भगवान श्री श्री चैतन्य महाप्रभु की प्रादुर्भाव लीलाओं का वर्णन करना चाहिए। नीम वृक्ष की छाया में फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा होली के दिन श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतरण उस समय हुआ, जब भक्त मंडली ग्रहण काल में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वहां से जा रही थी। नीमवृक्ष की छाया तले व शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा होने से इनका नाम निमाई हुआ, जो कि श्री चैतन्य महाप्रभु के नाम से विख्यात हुए।**

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सीएम शांता ने दी होली की शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने होली पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि वह इन दिनों अपनी बेटी के पास सिंगापुर में हैं और बहुत समय के बाद वह इस बार की होली में अपने पालमपुर स्थित आवास पर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण, आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है। यह एक ऐसा त्योहार है, जो हर वर्ण, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सभी आपस के छोटे-मोटे गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगाते हैं। शांता कुमार ने सभी के जीवन को नए-नए रंग भरे उत्सवों से परिपूर्ण करने की कामना करते हुए सभी को एक बार पुनः बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### बलधार, चटवाल व आसपास आज पावर कट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 11 मार्च को 11 केवी सयूल खड्ड फीडर की उचित मरम्मत एवं रखरखाव हेतु बलधार, चटवाल, कलेहड़, गुराला, सयूल खड्ड, सांडा, सेरी, बसलाहर, आदि गांवों में विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से 2:30 बजे तक बाधित रहेगी।

### सब-स्टेशन कोटला के तहत आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, कोटला।** विद्युत उपमंडल कोटला के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी स्टेशन की मरम्मत व रखरखाव के कारण भाली, मस्तगढ़, चीचड़, बग्गा, कुठेड़, जांगल, डुग्ली, सिरमनी, कोटला, त्रिलोकपुर, वोहरका, सोलधा, लखनाड़, 32 मील व सिहुंनी आदि गांव की बिजली आपूर्ति 11 मार्च को सुबह 9 से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल कोटला के सहायक अभियंता कुंदन सिंह ने देते हुए कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा अब 29 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भर में रद्द की गई जमा दो कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा अब 29 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रशासन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। शिक्षा बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से एक शिकायत मिली थी कि जिला चंबा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी में आठ मार्च को होने वाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा के प्रश्नपत्र को खोला गया है। शिकायत मिलने के बाद बोर्ड प्रबंधन ने एग्जाम मित्र मोबाइल ऐप पर अपलोड किए गए वीडियो को जब देखा तो इसमें पाया गया कि संबंधित स्कूल में निर्धारित शेड्यूल से पहले ही 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र को खोला पाया गया। इसके बाद शिक्षा बोर्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस परीक्षा को रद्द करने बारे स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नोटिफिकेशन भी जारी की थी। अब जमा दो की परीक्षा के आयोजन का नया शेड्यूल बोर्ड ने जारी किया है, जिसके तहत रद्द की गई परीक्षा 29 मार्च को आयोजित की जाएगी। उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि जमा दो अंग्रेजी विषय की रद्द की गई परीक्षा का आयोजन प्रदेश भर में 29 मार्च को सायंकालीन सत्र में किया जाएगा।

### मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला परिषद कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। अजय कुमार ने कहा कि हम समस्त कर्मचारी जिला परिषद कैडर के अंतर्गत माह फरवरी का वेतन 10 मई तक विभाग द्वारा प्रदान नहीं किया है। यह बात मात्र इसी माह की बात नहीं, अपितु हर माह हमें ऐसे ही समस्या आती है। वेतन मिलने की कोई भी तिथि निर्धारित नहीं हैं। हम सभी कर्मचारियों की आय, मात्र वेतन ही है। इसी वेतन से हमने सभी व्यय, परिवार का पालन पोषण जैसे बच्चों की फीस, राशन, बिजली और बैंक संबंधित ईएमआई भी देनी होती है। ईएमआई समय पर न देने पर जुर्माना भी भरना पड़ता है। हमें काम करने के बाद भी ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जोकि हमारे साथ अन्याय है। अजय कुमार ने कहा कि हमारी समस्या का कोई स्थायी हल किया जाए और वेतन संबंधी समस्या का समाधान हेतु हम एम्प्लोयी कोड जारी किया जा, ताकि हमें समय पर वेतन प्राप्त हो सके।

### पहलवान उत्तम राणा ने जीता बरोट दंगल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** बरोट स्थित पीर बाबा के दंगल में पहलवान उत्तम राणा ने पहलवान बाबा फरीद को हराकर बड़ी माली पर कब्जा जमाया है। दंगल बाले कमेटी ने जानकारी देते हुए दंगल कमेटी ने बताया कि दंगल में हिमाचल के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर सहित अन्य कुछ राज्यों के नामी पहलवान अपनी-अपनी कुश्ती का जौहर दिखाने पहुंचे थे। बड़ी माली के लिए उत्तर प्रदेश के पहलवान उत्तम राणा व दीनानगर के पहलवान बाबा फरीद के बीच मुकाबला हुआ। उत्तम राणा ने बाबा फरीद को हराते हुए बड़ी माली पर कब्जा जमाया। इस मौके पर हिमकोफेड डायरेक्टर रघुवीर पठानिया, दंगल कमेटी की तरफ से करनेल राणा, जरनेल सिंह, स्वर्ण सिंह, सुखविंद्र सिंह, पवन राणा, हीरा लाल, श्याम लाल, प्रीतम राणा सहित अन्य सैकड़ों की तादाद में दंगल प्रेमी उपस्थित रहे।

### भुआना में तेंदुए के आतंक से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी के अंतर्गत आती चंगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भुआना में तेंदुए के आतंक से क्षेत्र के लोग बुरी तरह से डरे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तीन-चार तेंदुए घूमते हुए नजर आ रहे हैं तथा दिनदहाड़े लोगों के घरों, पशुशालाओं में घुस रहे हैं। ये लोगों पर भी हमला कर सकते हैं। बीते कुछ दिनों में यह तेंदुए लगभग एक दर्जन से ज्यादा भेड़ बकरियों तथा कुत्तों को अपना शिकार बना चुके हैं। रविवार को जगदीश चंद की चार बकरियों तथा मनीराम की एक बकरी को तेंदुए ने शिकार बनाया। संतोष तथा दिलबाग देवी की पशुशाला में तथा कई लोगों के घरों में घूसने की भी कोशिश करते देखे गए। ग्राम पंचायत भुआना के कोसव, अमोट, सोरा गांव के लोग तेंदुए के खौफ से बहुत डरे हुए हैं। किसान नेता मनजीत डोगरा ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को तेंदुओं के आतंक से तुरंत मुक्त करवाया जाए।

### पंचरुखी में आज शुरू होगा होली मेला

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** झंडा रस्म के साथ पंचरुखी में आज से होली मेले का आगाज किया जाएगा। इस दौरान 12,13 व 14 मार्च को झांकियां भी निकाली जाएंगी। पंचरुखी बाजार हर मंगलवार को बंद रहता है लेकिन पंचरुखी व्यापार मंडल ने निर्णय लिया है कि होली के चलते आज बाजार खुला रहेगा। व्यापार मंडल के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि आज दोपहर बाद इस झण्डा रस्म में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा में भाग लें।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. सुलह ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ब्लॉक सुलह की बैठक सोमवार को प्रधान विजय परमार की अध्यक्षता में भवारना में हुई। जिसमें राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर और मनमोहन पठानिया, राजिंदर जरियाल, रविंदर राणा, दलजीत कुमार ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में सुरेश ठाकुर, विजय परमार, ध्रुव पटियाल, मनमोहन पठानिया, रविंदर राणा, अश्वनी शर्मा, आशा पुरी ने अपने अपने सम्बोधन में प्रदेश सरकार द्वारा 2016 से संशोधित पेंशन की राशि पेंशनर्स को देय करने के लिए व फरवरी महीने की पेंशन चार जिलों कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर तथा मंडी में 7 मार्च को देय करने के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया व निंदा की और सरकार को चेतावनी दी कि वह चार जिलों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैये को न अपनाए नहीं तो सरकार को पेंशनर्स मुंह तोड़ जवाब देंगे।

### अभिभावक बच्चों के साथ बिताएं समय

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा में नशे के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम में कई विशेष अतिथियों को सम्मानित किया गया, जिसमें नशे को दूर करने व इसके कार्य करने वाले लोगों को पकड़ने वाले लोगों को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस दौरान कई पुलिस कर्मियों, एसएचओ कांगड़ा, डीएसपी कांगड़ा, एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, सीआईडी की ओर से केशव, आदि को विशेष अतिथियों ने इनके नशे के खिलाफ विशेष अभियान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान जीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विशेष अतिथियों ने अपने संबोधन के साथ कार्यक्रम में बच्चों को नशे के खिलाफ बच्चों को और अगर हम ध्यान देते हैं तो बच्चे अपने दोस्तों के बारे में अपने घरवालों से खुलकर बताने से परहेज नहीं करेंगे। माता पिता को अपने बच्चों से दोस्ती बढ़ाकर उनसे उनके जीवन में चल रहे बदलाव के बारे में नजर रखनी चाहिए। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा व नगर परिषद अध्यक्ष रेणु ने भी पुलिस के कार्य को सराहा।

# आजादी के लिए सड़कों पर उतरे तिब्बती

## चीन के खिलाफ मैक्लोडगंज से धर्मशाला तक निकाली रोष रैली

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



हजारों तिब्बतियों ने सोमवार को 66वें विरोध दिवस के मौके पर चीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपने तिब्बत देश को आजाद करने की मांग की। चीन की दमनकारी नीतियों के तिब्बतियों ने मैक्लोडगंज से लेकर धर्मशाला तक रैली निकाल कर चीन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भारी संख्या में बौद्ध भिक्षु, तिब्बती युवा, स्कूली बच्चे, तिब्बती महिलाएं व विदेशी लोग भी शामिल थे।

बात दें कि 10 मार्च 1959 में चीन ने तिब्बत पर अपना कब्जा कर लिया था और तिब्बतियों को अपना देश छोड़कर भारत आना पड़ा था तब से आज तक भारत देश मे रह रहे सभी तिब्बती इस दिन को विद्रोह दिवस के रूप में मनाते है। इस बारे में जानकारी देते हुए तिब्बती वूमन एशोसिएशन की उपाध्यक्ष श्रृंग डोलमा ने कहा कि इस दिन तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद तिब्बतियों के लगभग 6 हजार बौद्ध मठों को लूट लिया गया था और करीब 1.2 मिलियन तिब्बतियों की निर्मम हत्या कर दी गई थी उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों तक तिब्बत अपनी मुद्रा और राष्ट्रीय ध्वज भाषा, लिपि, वेशभूषा, धर्म और परंपराओं के साथ एक स्वतंत्र देश था उन्होंने कहा कि वर्ष 1951 में चीनी सरकार के दबाव में तिब्बती सरकार के एक प्रतिनिधित्व मंडल को 17 सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए जबरन मजबूर किया गया बाद में चीन ने उनके आदेश की प्रत्येक शर्त का भी उल्लंघन किया और तिब्बत पर अपना कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि हम तिब्बत के अंदर तिब्बतियों पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अत्याचारों और करूरता की निंदा करने और तिब्बत के अंदर हमारे तिब्बती भाइयों और बहनों की पीड़ाओं के प्रति अपनी एकजुट दिखाने के लिए 66वां राष्ट्रीय विद्रोह दिवस मना रहे हैं उन्होंने कहा कि हम स्वतंत्र दुनिया से तिब्बत और तिब्बतियों को न्याय और आजादी दिलाने और उनके मानव अधिकारों की रक्षा के लिए उन बेजुबानों की आवाज बढ़ाने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि

### चीन खतरनाक रणनीति पर कार्य कर रहा : त्सेरिंग

**मैक्लोडगंज।** निर्वासित तिब्बती सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग ने अहिंसा और संवाद के माध्यम से चीन-तिब्बत संघर्ष को हल करने के लिए दलाई लामा के मध्यमार्ग दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि चीनी राष्ट्रीय एकता की चेतना को मजबूत करने के बहाने तिब्बती लोगों की एक अद्वितीय मानव जाति के रूप में पहचान को खत्म करने के लिए चीन जानबूझकर और खतरनाक रणनीति पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान चीनी नेतृत्व व्यापक सिनिकाइजेशन की नीति को लागू कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप तिब्बतियों की पहचान का धीरे-धीरे विनाश हो रहा है।

चीन तिब्बती संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रहा है तथा जबरन तिब्बतियों कि खिलाफ अपराधिक मामले बनाकर उन्हें जेलों में बंद किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पपरोला में कल शोभायात्रा से शुरू होगा होली महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

जिला स्तरीय होली महोत्सव पपरोला का शुभारंभ बाबा ज्ञान दास मंदिर से होगा। यह मेला 12 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होगा। मेले के चेयरमैन व एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर से विचार-विमर्श के बाद होली मेला कमेटी के स्थानीय अध्यक्ष गौरव सूद व व्यापार मंडल पपरोला के अध्यक्ष मनोज सूद ने बताया कि मेले का शुभारंभ एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर करेंगे। इस दौरान पूर्व एससी सैल के वाइस चेयरमैन रविंद्र बिट्टू बतौर विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्याओं में 16 मार्च को विधायक किशोरी लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे जबकि नपं की अध्यक्ष आशा भाटिया व उपाध्यक्ष राजन चौधरी बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में भाग लेंगे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा व संसाल स्थित स्वामी रामानंद ट्रस्ट के संचालक राजेश शर्मा बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। 18 मार्च को अंतिम सांस्कृतिक संध्या में केसीसी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे, जबकि पपरोला से समाजसेवी निशांत मेहता शैंकी व अधिवक्ता नीरज मेहता बतौर विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

**झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण तीन सांस्कृतिक संध्याएं होंगी**

15 मार्च शनिवार को मां काली की झांकी निकाली जाएगी। इसके अलावा 3 सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन इस बार मेले में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में पहाड़ी गायकों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा । 12 मार्च से देर शाम 6 बजे से झांकियों को निकाला जाएंगी। यातायात व्यवस्था को लेकर डीएसपी अनिल शर्मा के प्लान के मुताबिक 12 मार्च से मेले के समापन तक सड़कों पर बेतरतीब वाहनों को खड़ा करने की मनाही होगी। वहीं 12 मार्च को मेले के शुभारंभ पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# सब्जी मंडी की सौगात पर सीएम और विधायक का जताया आभार



**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के शाहपुर दौरे के दौरान शाहपुर के द्रमण में विनियमित अनाज, फल और में सब्जी मंडी का शिलान्यास किया। बता दें कि लंबे समय से किसान इस सब्जी, फल और अनाज मंडी की मांग कर रहे थे। मंझग्रा, द्रमण व सिहवां के लोगों के साथ-साथ मंझग्रा कांग्रेस कमेटी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त शर्मा, पूर्व प्रधान करनैल चंब्याल, जिलापरिषद सदस्य नीना, प्रधान अरुणा देवी, उपप्रधान विनोद कुमार, मदन राणा,पूर्व प्रधान देवराज मन्हास,पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरनाम चंब्याल, व्यापार मंडल प्रधान अश्वनी शर्मा, कमल कटोच पूर्व उप प्रधान,सुरेश कुमार, मोहिंदर सिंह, मोहिंदर धीमान, उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया के सलाहकार विनय ठाकुर, सत्यमेव युवक मंडल प्रधान, विक्रम राणा, सोनी, अनिल कुमार, जगदीश सोनी, विनोद शर्मा, राय सिंह, पुनीत सोनी आदि स्थानीय जनता ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्य सचेतक व विधायक केवल सिंह पठानिया का आभार जताया है।

# दयाड़ा के ग्रामीण पोल्ट्री फार्म की बदबू से परेशान

## विधायक ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, अधिकारियों को दिए उचित निर्देश

**अनंत ज्ञान, देहरा**

उपमंडल देहरा कि ग्राम पंचायत लोअर सुनहेत के दयाड़ा गांव के ग्रामीणों ने रविवार को देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर से मुलाकात कर पोल्ट्री फार्म से आ रही दुर्गंध की शिकायत दर्ज करवाई। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो वर्षों से इस बदबू के कारण जीना दूभर हो गया है, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक कमलेश ठाकुर ने स्वयं गांव का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा से बात कर मामले में तुरंत कार्रवाई करने को कहा।

उधर, वन विभाग के कर्मचारी भी दयाड़ा गांव में पोल्ट्री फार्म की बदबू से परेशान हैं। गांव के पास ही वन विभाग देहरा का रेंज ऑफिस, गार्ड हट है। वहीं निर्माणाधीन फॉरेस्ट रेस्ट हाउस बन रहा है। वन विभाग के डीएफओ सन्नी वर्मा ने भी माना कि बदबू के कारण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भी विधायक कमलेश ठाकुर को यथास्थिति से अवगत करवाया। वन विभाग देहरा के अधिकारी व कर्मचारियों, स्थानीय निवासी सीता देवी, आशा कुमारी ने विधायक कमलेश ठाकुर से तुरंत पोल्ट्री फार्म कि बदबू से निजात दिलाने की अपील की है।

### गांव में रहना मुश्किल, रिश्तेदार भी नहीं आते

**ग्रामीणों** ने बताया कि दोपहर के बाद बदबू इतनी ज्यादा हो जाती है कि घर में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि खाना तक नहीं खाया जाता, यहां तक कि कोई रिश्तेदार भी गांव आने से बचता है। ग्रामीणों ने जब बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई न होते देखी, तो लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की धमकी दी थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने संज्ञान लेते हुए पोल्ट्री फार्म को हटाने के आदेश जारी किए। लेकिन फिर कुछ समय के बाद बदबू पहले की तरह आनी शुरू हो गई। लोकसभा चुनावों के दौरान देहरा की एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने वेटनरी ऑफिसर को निर्देश दिए थे कि हैं कि सीआरपीसी की धारा 133 के तहत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही फार्म मालिक पर मामला दर्ज करने के भी आदेश दिए गए थे, लेकिन फिर भी पोल्ट्री फार्म कि बदबू कम नहीं हुई।

# बच्चा अगवा करने पर तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के म्यूनिसिपल कॉलोनी में एक बच्चे को अगवा करने का मामला सामने आया है, जिसकी वीडियो भी वायरल हुई है। इसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की ओर से बच्चे को जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन बच्चे के पिता द्वारा उनका पीछा किए जाने पर वह चलते मोटरसाइकिल से बच्चे को नीचे गिराकर भागते हुए दिखे। इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की ओर से बच्चे को अगवा करने की कोशिश करने वाले युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके अपनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले में पुलिस द्वारा अब तक तीन युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं चौथे युवक की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने मामले की पुष्टि की है।

# जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में डॉ. अंजली ने दिया सफलता का मंत्र



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि आईएएस डॉ. अंजली गर्ग रही। डॉ. अंजली अपनी ट्रेनिंग में डीसी कांगड़ा के अंतर्गत बतौर तहसीलदार और बीडीओ पंचरुखी का कार्यभार संभाल रही हैं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को सफलता के पांच पी का मंत्र दिया, जिसमें प्लैनिंग (योजना), परसिस्टेंस (लगन), पेशेंस (धैर्य), पैशन (जुनून) और पॉजिटिव माइंडसेट (सकारात्मक सोच) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम सब में असीम संभावनाएं छिपी होती हैं, बस उन्हें पहचानने और सही दिशा में प्रयास करने की जरूरत होती है। यदि साहस, मेहनत और धैर्य के साथ आगे बढ़ेंगी, तो कोई भी बाधा आपको अपने लक्ष्यों को हासिल करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने जीवन के अनुभवों से सीख लेने और निराश न हो कर सकारात्मक भावना से आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का उतर देते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए समर्पित रहें और निराश न होकर हर अवसर का भरपूर उपयोग करें।

# होली पर्व के उपलक्ष्य में हुआ पत्रकार मिलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व संवाद केंद्र शिमला की ओर से सोमवार को धर्मशाला में होली पर्व के उपलक्ष्य में पत्रकार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व संवाद केंद्र शिमला के अध्यक्ष राजेश बंसल व उपाध्यक्ष यादेवेंद्र सिंह चौहान, मीडिया कमी व केंद्रीय विश्वविद्यालय मीडिया विभाग के प्राध्यापक व शोधार्थी विशेष रूप उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारा बढ़ाने और समाज को जोड़ने वाला महापर्व है। उन्होंने मीडिया बंधुओं से सकारात्मक पत्रकारिता और समाज के महत्वपूर्ण विषयों को समय-समय पर उठाने का भी आह्वान किया। उन्होंने मीडिया से राष्ट्रीय विचारों और राष्ट्रवाद के भाव को आगे बढ़ाने की भी बात कही।

# नूरपुर शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी द्वारा गत माह स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई गई तथा इसी अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया। कचरे को घर-घर से उठाने की मुहिम नगर परिषद द्वारा फिर से शुरू कर दी गई है तथा लोगों से भी लगातार अपील की जा रही है कि वह घर दरवाजे पर ही सफाई कर्मचारियों को कचरा दें, ताकि कचरे का सही तरीके से निष्पादन किया जा सके।

# होली मेला कमेटी रझूं ने अदा की झंडा रस्म

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्राथमिक पाठशाला रझूं के प्रांगण में लोगों ने होली मेला रझूं की झंडा रस्म अदा की। ये मेला 14 से 16 मार्च तक तीन दिन चलेगा। 15 मार्च को 20 लक्की ड्रा निकाले जाएंगे। जिसमें पहला इनाम रेफ्रीजरेटर, दूसरा एलईडी, तीसरा वाशिंग मशीन, चौथा एंड्रॉयड फोन, पांचवा 3 लीटर का गीजर और 15 इनाम 2000 रुपए और 1000 रुपए के निकाले जाएंगे। लाटरी टिकट का मुल्य 100 रुपए है। यह ड्रॉ समय 3 बजे के बाद निकाला जाएगा। 15 मार्च को सायं 3 बजे छोटे बच्चों की डांस प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

**समस्या** 2 महीने से बना हुआ है पेयजल संकट, विभागीय अधिकारी नहीं सुन रहे व्यथा

# गर्मियों से पहले ही जाखड़ीवासी पेयजल को तरसे

**शिवू ठाकुर, कोटला**



उपतहसील कोटला की पंचायत जोल के जाखड़ी वार्ड में पानी की समस्या को हल करने में विभाग अब तक नाकाम रहा है। आपको बता दें कि कोटला की पिछड़ी पंचायत जोल की एससी/एसटी बस्ती जाखड़ी में पानी की समस्या पिछले दो माह से लगातार बनी हुई है। इससे बस्ती के बाशिंदे पीने के पानी को लेकर बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं, जबकि मामले के सबंध में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को दूरभाष पर इस समस्या को लेकर कई बार गुहार लगाने पर भी न ही पीने पानी की समस्या का कोई हल हुआ है और न कोई विभागीय कर्मचारी/ अधिकारी मौके पर समस्या के हल हेतु निरीक्षण के लिए आया है। वहीं पंचायत प्रधान तृप्ता देवी, उपप्रधान अजीत सिंह, पूर्व बीडीसी अशोक कुमार, सरला देवी, रंजना देवी, रोशन लाल, तेज राम, अलका देवी, विधि चंद आदि ने कहा कि जाखड़ी वार्ड अति पिछड़ा गांव है। इस बस्ती में पीने के पानी का एक मात्र स्त्रोत विभागीय आपूर्ति बंद होने से एससी/एसटी बस्ती के बाशिंदों को दूर दराज पीने के पानी के लिए जाना पड़ता ह, जबकि शौचालय आदि में पानी एवं नहाने के लिए पानी मुहैया न होने से एससी/एसटी बस्ती के बाशिंदों को नारकीय जिंदगी जीने के लिए विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तो गर्मियां अपने चरम पर भी नहीं पहुंची, फिर भी पानी की समस्या से परेशान हैं तो गर्मियों में क्या हाल होगा। उन्होंने जलशक्ति विभाग के मंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि व पशुपालन मंत्री व विधायक ज्वाली प्रोफेसर चंद्र कुमार, जलशक्ति उपमंडल कोटला के अधिकारियों से मांग की है कि अतिशीघ्र जाखड़ी वार्ड के पीने के पानी की समस्या के लिए मौके पर निरीक्षण कर पेयजल अपूर्ति को सुचारु रूप से बहाल करने संबंधी पग उठाएं, ताकि जाखड़ी वार्ड के वाशिंदों को पीने का पानी सुचारु रूप से मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विभाग के सहायक अभियंता

**जलशक्ति** उपमंडल के सहायक अभियंता हरजिंद्र सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मैंने अभी ज्वाइन किया है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है। जल्द ही मौके का निरीक्षण कर समस्या का हल कर दिया जाएगा।

# पवन बजरंगी को चुना सह प्रांत सत्संग प्रमुख

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग व प्रांत कार्यसमिति की बैठक के दौरान नवीन दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इसमें संगठनात्मक जिला देहरा से ताल्लुक रखने वाले पवन बजरंगी को अब सह प्रांत सत्संग प्रमुख के नवीन दायित्व पर नियुक्ति मिली है। इसके इलावा देहरा जिला में भारी फेरबदल किया गया है। तरलोक चंद कुहना जिलाध्यक्ष देहरा, मुनीष सूद देहरा जिला मंत्री, आनंद सूद रक्कड़ सह मंत्री, देसराज भाटिया ज्वालामुखी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, राजकुमार कालेश्वर महादेव जिला सह संयोजक बजरंग दल के नवीन दायित्व पर नियुक्ति हुई है, जो तुरंत प्रभाव से लागू होंगी।

# शालू कमल बनीं तन-मन संगठन की महामंत्री

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** तन-मन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अजीत सनातनी व नीतीश सनातनी ने सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शालू कमल सनातनी को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री की कमान सौंपी है। शालू कमल सनातनी मूलतः नगरोटा बगवां विधानसभा की रहने वाली हैं। शालू कमल सनातनी छात्र जीवन से ही विभिन्न सामाजिक मंचों के जरिए सनातन संस्कृति को जागरूक करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शालू कमल ने समस्त सनातनियों ,मातृ शक्ति से आग्रह करते हुए कहा कि वे देव भूमि को दानवों से बचाने के लिए तन-मन संगठन के साथ आगे आएं।

# कांगड़ा बाजार में होली को बंद रहेंगी दुकानें

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा में होली के पर्व के अवसर पर व्यापार मंडल की बैठक नगर परिषद् सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को होली के पर्व के अवसर पर कांगड़ा की सभी दुकानें बंद रहेंगी। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के बारे में व्यापार मंडल के अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से आकर कई व्यापारी रविवार को व्यापार कर रहे हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# गेस्ट फैकल्टी के लिए साक्षात्कार 19 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र मोहली, धर्मशाला में कॉमर्स विषय में तीन और इतिहास विषय में एक गेस्ट फैकल्टी पोस्ट के लिए 19 मार्च को साक्षात्कार रखे गए हैं। निदेशक क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र कुलदीप अत्री ने बताया कि यूजीसी और प्रदेश विश्वविद्यालय के नियम अनुरूप न्यूनतम योग्यता मानदंड पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 19 मार्च सुबह 10 बजे उक्त साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त पद अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर भरे जाने हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार और वेतन विश्वविद्यालय के मौजूदा नियमों के अनुसार दिया जाएगा।

# कलेहड़ में बनने वाली सड़क का भूमिपूजन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के गांव कलेहड़ में 26 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का सोमवार को कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया द्वारा भूमिपूजन किया गया। पेट्रोल पंप डाडासीबा मेन रोड से गांव कलेहड़ तक मुख्यमंत्री पथ योजना के तहत इस सड़क का निर्माण होगा। भूमिपूजन के मौके पर गांव के काफी लोग उपस्थित रहे। इस सड़क का निर्माण होने से गांव के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह व कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का धन्यवाद किया।

# रैत के अब्बदुलापुर गांव में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, रैत।** अब्बदुलापुर गांव में सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार रात्रि को जागरण भी करवाया गया। आयोजन दीपा शाह छतड़ी ने स्थानीय लोगों के सहयोग से यह भंडारा लगाया। भंडारे में दूर-दूर से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दीपा शाह ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां लोगों में धार्मिक आस्था बढ़ती है, वहीं जन कल्याण की भावना भी पैदा होती है।

# युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिंदू तन-मन के भगवा ध्वज के अंतर्गत एवं संगठन प्रदेशाध्यक्ष अजीत सिंह सनातनी के दिशा-निर्देशों के अनुशार प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं अनुशासन विभाग प्रमुख कैप्टन अशोक कुमार सनातनी ने हिंदू तन-मन संगठन देवभूमि के उद्देश्यों के तहत सोशल मीडिया ऑनलाइन पर सनातन जागरण एवं युवा जागरण के निमित्त समस्त सनातनी समाज से गौ पालन गोसेवा और युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को ज्ञान विकसित करने के सिखाए गुर

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** गुम्मा नामक स्थान पर बाल वाटिका अध्यापक अध्यापिकाओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कोटखाई व देहा खंड के लगभग 70 अध्यापक अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अध्यापक अध्यापिकाओं को बल वाटिका में बच्चों से व्यवहार और उनके व्यवहार को समझने के विषय में खास जानकारी दी गई, विभिन्न गतिविधियों के द्वारा बच्चों के सोच को समझने और उनके ज्ञान को विकसित करने के गुर सिखाए गए। कार्यशाला में मुख्य रूप से कोटखाई खंड बीपीओ कलम सिंह झोलटा उपस्थित रहे जिन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से अध्यापक अध्यापिकाओं को कक्षा में बच्चों से व्यवहार करने उन्हें समझने में काफी मदद मिलेगी

### म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अर्चना प्रथम



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जुन्गा तहसील की ग्राम पंचायत बलोग के डुब्लु में महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे चम्मच दौड़, मकड़ी दौड़, म्यूजिकल चेयर, मटका फोड़ , लघु नाटिका इत्यादि करवाई गई। चम्मच दौड़ और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में एकता महिला ग्राम संगठन से अर्चना तथा मकड़ी दौड़ में राणा स्वयं सहायता समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह और राणा स्वयं सहायता समूह ने सामाजिक सरोकार से जुड़ी लघु नाटिका का बेहतरीन ढंग से मंचन करके वाही वाही लुटी। इस दौरान भाजपा नेत्री विजय ज्योति सेन ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

### नगर परिषद सुन्नी में समाधान शिविर में उठाई समस्याएं

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** नगर परिषद सुन्नी में समृद्ध शहर सशक्त शहर अभियान के तहत सोमवार को वार्ड संख्या 2 की समस्याओं और उनके समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन नगर परिषद कार्यालय सुन्नी में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद उपाध्यक्षा श्यामा देवी ने वार्ड वासियों की समस्याओं सुन्नी और उनके समाधान के लिए आगामी कार्य योजना बनाई। इस दौरान वार्ड संख्या 2 को पूर्णतः सीवरेज से जोड़ने की मांग उठी। इस दौरान अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई गई। उपाध्यक्षा ने स्थानीय जनता से सुन्नी को पूर्णतः स्वच्छ रखने की भी अपील की। इस अवसर पर कार्यवाहक अधिकारी हिमेश पाल, पार्षद रूप लाल, उमावती, नरेश राय, आशा कंवर, रमेश वर्मा, जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता सहित वार्ड वासी भी मौजूद रहे ।

### डीएवी महाविद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह



**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसने बतौर मुख्यातिथि श्री संदीप शर्मा, शैक्षिक सलाहकार,स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिक्षा विभाग शिमला उपस्थित रहे। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोशन लाल वशिष्ट ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय के कनिष्ठ छात्रों द्वारा वरिष्ठ छात्रों से पेपर डान्स तथा ट्रूथ एंड डेयर गेंस करवाई गई। विदाई समारोह में मिस फेसवेल सिमरन नाज़टा तथा मिस्टर फेयरवेल प्रियांशु डोगरा को चुना गया। मुख्यतिथि ने विद्यार्थियों को समझदारी और आत्मविश्वास के साथ अपने पथ पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कनिष्ठ छात्रों द्वारा नाटी प्रस्तुत की गई। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. विकसित वर्मा, डॉ. निशा मंतान तथा राजभद्र चौहान ने निभाई।

जल संरक्षण में सरोग पंचायत ने लिखी एक नई इबारत, अब तालाब कर रहा खेती को सिंचित

# सूखे तालाब का किया जीर्णोद्धार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

अनंत ज्ञान खास खबर

जल संरक्षण की महत्ता को समझते हुए, शिमला प्रशासन ने सरोग पंचायत के सहयोग से राज्य में एक नई इबारत लिख दी। हरियाली से घिरे गांव के बीचों-बीच मौजूद तालाब की काया पलट कर रख दी और अब इसका पानी प्राकृतिक खेती की जड़ों को सिंचित कर रहा है और पंचायत के आसपास सूखा चश्मा भी एक बार पुनर्जीवित हो गया है, जो आधा दर्जन गांव को पेयजल किल्लत दूर करने में अपना अहम योगदान दे रहा है। कभी देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अपने शिमला दौरे के दौरान इस पंचायत व इसके पास मौजूद खूबसूरत तालाब को निहार चुके हैं, जिसकी खूबसूरती देखकर वे काफी प्रभावित हुए थे ।

गाद भरने से कई प्रजातियों की सारी मछलियां तालाब में ही दम तोड़ गई थी और पूरा वातावरण बदबूदार गंध से प्रदूषित हो गया था, लेकिन फिर स्थानीय प्रशासन के उपायुक्त अनुपम कश्यप की अगुवाई में इस तालाब के जीर्णोद्धार करने की मुहिम चली। प्रशासन ने पहले सरोग पंचायत के साथ मिलकर कई माह तालाब की साफ सफाई पर लगाए। पहले चरण में 5 लाख की राशि खर्च की गई, उसके बाद 15 लाख रुपए सीएसआर के तहत मुहैया करवाए गए।

डंगा लगाने को लोक निर्माण विभाग को 10 लाख रुपए की राशि जारी किए की गई। 5 लाख 15 वित्त आयोग से हासिल किए गए। अभी तक तालाब के जीर्णोद्धार पर विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से करीब 60 लाख खर्च हो चुके हैं। वहीं सरोग से नीचे लगते गांव खलाल, ठाना, दारो, जघोर सहित गांव में कई सालों से बंद पड़े प्राकृतिक स्रोत अब फिर पुर्नजीवित हो शुरू हो चुके है। प्राकृतिक स्रोतों में पानी आना शुरू हो गया। इस तालाब के किनारे ओपन एयर जिम भी स्थापित किया है ।(अनंत ज्ञान)




### आठ सोलर लाइट जगमगाई

**उजाले** में तालाब की सुंदरता मन को आकर्षित करती है। आठ सोलर लाइट लगाई गई है। इसके अलावा तालाब के चारों ओर टाइलों से फुटपाथ बनाया है।

### मनरेगा की अहम भूमिका

जल संरक्षण और जल संचयन हमेशा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का एक मुख्य हिस्सा रहा है। मनरेगा का लगभग 60 फीसदी फंड प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर खर्च हो रहा है।

### 60 लाख से हुआ प्राकृतिक स्रोत का जीर्णोद्धार : जगदीप

**जगदीप** सिंह खंड विकास अधिकारी ठियोग ने कहा कि हमने प्राकृतिक स्रोतों को जीवित करने के लिए सभी खंड अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में मनरेगा के तहत तालाबों को पुनर्जीवित करें। हमारी प्राथमिकता यह है कि तालाब का जीर्णोद्धार प्राकृतिक तरीके से हो। सीमेंट का इस्तेमाल कम से कम होना चाहिए। सरोग पंचायत में करीब 60 लाख रुपए की लागत से प्राकृतिक स्रोत का जीर्णोद्धार किया गया है। आज यहां 80 लाख लीटर पानी एकत्रित है। जल संरक्षण की दिशा में यह काफी महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयासरत है। लोगों के सहयोग से प्रशासन पर्यावरण संरक्षण में सफलता हासिल कर रहा है। सरोग पंचायत के लोगों ने प्रशासन के साथ मिल कर तालाब का जीर्णोद्धार करके मिसाल पेश की है। इससे आसपास भूजल स्तर भी बढ़ गया है। इसी तरह अन्य क्षेत्र में प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने के लिए कार्य करना चाहिए।

# विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

▶ अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग में सेमिनार आयोजित

राज्य के अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान प्रगतिनगर, गुम्मा, कोटखाई में एमएसएमई-विकास कार्यालय, सोलन द्वारा राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्धन व विकास हेतु एमएसएमई मंत्रालय की खरीद व विपणन सहायता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अशोक कुमार गौतम, भारतीय उद्यम विकास सेवा, सहायक निदेशक ग्रेड-1 एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय सोलन ने कार्यालय के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित एवं प्रोफेसर उमेश सी. राठौर, निदेशक/प्रधानाचार्य, अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान प्रगतिनगर, गुम्मा, कोटखाई ने उपस्थित छात्रों से तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। सेमिनार के दौरान उपस्थित विभिन्न संस्थाओं से आए अतिथि वक्ता जैसे भारतीय रिजर्व बैंक से राहुल जोशी, सिडबी से शशांक कुमार, एनएसआईसी-एससी एसटी हब से सूर्यभूषण, जेम से रवि वर्मा, फिओ से विनय शर्मा, क्यूसीआई-एमएसएमई पीसीआई से अमित ने अपने विभागों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्धन व विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से चर्चा की एवं छात्रों को जागरूक किया। इस दौरान एमएसएमई-विकास कार्यालय के राहुल बंसल, सहायक निदेशक द्वारा एमएसएमई मंत्रालय की खरीद एवं विपणन योजना, लीन एवं जेड प्रमाणीकरण इत्यादि की विस्तार से चर्चा की एवं छात्रों को जागरूक किया।

अशोक कुमार गौतम, भारतीय उद्यम विकास सेवा, सहायक निदेशक ग्रेड-1 एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय सोलन द्वारा बताया गया कि यह सेमिनार भावी उद्यमियों के लिए कारगर साबित होगा।

# नेरवा में आज से होगा नशे के विरुद्ध एक युद्ध का ऐलान

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

नेरवा के व्यापारी आज नेरवा बाजार में एक महा रैली निकाल कर नशे के विरुद्ध एक युद्ध का एलान करेंगे ।व्यापार मंडल नेरवा के आह्वान पर नेरवा, चौपाल, कुपवी के लोगों द्वारा आज सड़क पर उतर कर नशे के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई की शुरुआत की जाएगी।

मंगलवार प्रातः 11 बजे व्यापार मंडल नेरवा, नगर पंचायत, फ्रेंडज क्लब, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, सभी नम्बरदार एवं स्थानीय लोग नेरवा बाजार में एक जागरूकता रैली निकल कर नशे की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। यह रैली महामाई डुंडी मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी भट्ठी नाला तक निकली जाएगी ।इसके बाद भट्ठी नाला में विभिन्न बुद्धिजीवी लोगों द्वारा इस रैली को सम्बोधित कर क्षेत्र से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

व्यापार मंडल नेरवा के प्रधान राजीव ने कहा कि नेरवा के आलावा चौपाल और कुपवी में भी नशा तेजी से अपने पाव पसार रहा है, जोकि समाज के लिए एक चिंता का विषय है । हमारे युवा नशे की गर्त में डूब कर न केवल अपनी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है, अपितु समाज को भी दूषित कर रहे है। रास्ता भटक चुके इन युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाना आज हम सब का फर्ज है ।

### महिलाओं को उनके स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी थीम त्वरित महिलाएं व सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण रही, जिसमें सिविल अस्पताल रोहड़ू की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पवित्रा मैटान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की ।महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियंका नागू व चेतना झगटा ने समन्वयक के रूप में अपनी भूमिका निभाई । डॉ. पवित्रा ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सशक्त बनाना विषय पर व्याख्यान दिया और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया।

# स्कूल प्रवक्ता संघ ने सरकार से आरोपों की जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल पत्र जिसमें महादेव स्कूल में कार्यरत प्रवक्ता और प्रवक्ता संघ जिला मंडी के अध्यक्ष राजेश सैनी के ऊपर आरोप लगाए हैं इसकी कड़ी निंदा की है ।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजपाल ठाकुर, महासचिव संजीव ठाकुर, वित्त सचिव राकेश भड़वाल प्रदेश मुख्य प्रेस सचिव प्रेम, संघठन सचिव पवन, केदार रांटा आदि ने बताया राजेश सैनी पिछले 25 वर्षों से शिक्षा विभाग में कार्यरत है और बहुत ही योग्य, मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ अध्यापक है पिछले 25 वर्षों से उनका शिक्षा विभाग में कार्यकाल बेदाग और साफ रहा है। संघ के पदाधिकारी ने सरकार से इस वायरस पत्र के संबंध में निष्पक्ष जांच की मांग की है और सरकार से आग्रह किया है कि इस मामले के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए जिससे एक निष्पक्ष जांच हो सके।

हिमाचल प्रदेश जिला मंडी के प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि उनके ऊपर जो आरोप लगे हैं उसका खंडन करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि इस मामले की जांच के लिए वे पूरी तरह से सहयोग करेंगे । उन्होंने बताया कि उनकी सारी कॉल डिटेल और बैंक अकाउंट की जांच की जाए इसके लिए वह पूरी तरह तैयार है ।

### लेफ्टिनेंट रुचित का सुन्नी में स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट चयनित होने के बाद सुन्नी पहुंचने पर रुचित चौहान का पारंपरिक वाद्य यंत्रों से स्वागत किया गया।

इस दौरान नगर वासियों ने सुन्नी चौक पर पटाखे फोड़े और रुचित चौहान का फूलमालाएं पहनाकर अपनी खुशी का इजहार किया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष टेक चंद ठाकुर, समस्त पार्षद और व्यापार मंडल के समस्त सदस्य सहित अध्यापक वर्ग व अन्य ने स्वागत किया।



# इस बार नगर परिषद घुमारवीं में चुने जा सकते हैं 11 पार्षद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

▶ नप के वार्डों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव पारित

इस वर्ष के अंत में प्रस्तावित नगर परिषद चुनाव में 7 की बजाय 11 पार्षद नगर परिषद का हिस्सा बन सकते हैं। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के विस्तार और बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए वार्डों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है, तो घुमारवीं के नागरिकों को और बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे स्थानीय विकास कार्यों में तेजी आने की संभावना है और आने वाले नगर परिषद के चुनाव में यह बदलाव प्रभावी हो सकता है, जिससे नगर परिषद की संरचना पहले से अधिक व्यापक और प्रभावी होगी।

इस संबंध में नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त बिलासपुर को भेज दिया गया है। मंजूरी मिलते ही वार्डों की संख्या आधिकारिक रूप से बढ़ा दी जाएगी। बताते चले कि घुमारवीं नगर परिषद को स्थापित हुए 30 वर्ष से अधिक हो चुके हैं और तब से लेकर अब तक नगर क्षेत्र को केवल 7 वार्डों में विभाजित किया गया है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में नगर क्षेत्र का तेजी से शहरीकरण हुआ है और जनसंख्या में भी तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान परिस्थिति में नगर क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए वार्डों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए परिसीमन के तहत वार्ड नंबर 1 (बड्डू वार्ड) और वार्ड नंबर 2 को छोड़कर बाकी सभी वार्डों की सीमाओं में बदलाव किया जाएगा। विशेष रूप से वार्ड नंबर 4 (बजोहा वार्ड) और वार्ड नंबर 5 (कल्याणा वार्ड) जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़े वार्ड हैं, इसलिए इन्हीं वार्डों को विभाजित कर नए वार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा, वार्ड नंबर 3, 6 और वार्ड नंबर 7 के कुछ हिस्सों को भी पुनर्गठित कर नए वार्डों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत कुल 4 नए वार्ड बनाए जाएंगे, जिससे नगर परिषद में वार्डों की संख्या 7 से बढ़कर 11 हो जाएगी। वर्तमान में नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत लगभग 7,500 मतदाता पंजीकृत हैं।

> **नगर** परिषद घुमारवीं द्वारा प्रस्तावित परिसीमन योजना को मंजूरी मिलते ही इसे लागू किया जाएगा और आगामी नगर निकाय चुनावों में नए वार्डों के अनुसार मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। नगर परिषद घुमारवीं इस परिवर्तन के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
>
> **रीता सहगल, अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं**

# नलवाड़ी मेले में चुनी जाएगी मिस कहलूर

## प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले की 23 वर्ष तक की युवतियां ले सकेंगी हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आयोजन 17 से 23 मार्च तक लुहणू मैदान में किया जाएगा। नलवाड़ी मेले को आकर्षक बनाने के लिए दूसरी बार मिस कहलूर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिलासपुर जिले की 23 वर्ष तक की आयु की युवतियां भाग ले सकेंगी।

मिस कहलूर प्रतियोगिता का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में गठित टीम के माध्यम से किया जाएगा। प्रतियोगिता से पहले 15 मार्च को बहुउद्देशीय सांस्कृतिक कला परिसर में ग्रूमिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 15 मार्च को सुबह 9:30 बजे बहुउद्देशीय सांस्कृतिक कला परिसर में पहुंचना सुनिश्चित करें।

प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा और अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94186—22250 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सांस्कृतिक संध्या के लिए ऑडिशन आज और कल

**नलवाड़ी** मेले में होने वाली सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों के चयन के लिए किसान भवन में कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं के लिए अच्छे कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति के लिए कलाकारों का ऑडिशन 11 और 12 मार्च लिया जाएगा। 11 मार्च को झंडूता और नैना देवी उपमंडल स्तर के कलाकारों को ऑडिशन देना होगा, जबकि 12 मार्च को सदर और घुमारवीं उपमंडल के कलाकार ऑडिशन दे सकेंगे। जिला बिलासपुर के प्रतिभागी जिन्होंने मेले में योगा, कराटे, बॉलीवुड डांस और वेस्टर्न डांस प्रस्तुत करना है उन कलाकारों का ऑडिशन 11 और 12 मार्च को ही लिया जाएगा। ऑडिशन के दिन कलाकार मौके पर ही आवेदन पत्र दे सकते हैं। चयन प्रक्रिया में आने वाले कलाकारों को यात्रा भत्ता और मानदेय या पारिश्रमिक देय नहीं होगा। बिलासपुर सहित जिन कलाकारों ने आकाशवाणी और दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त की है और अंतरराष्ट्रीय, राज्यस्तरीय मेलों में प्राइम टाइम, स्टार नाइट में प्रस्तुति दी है उनका ऑडिशन नहीं लिए जाएगा।

### शास्त्रीय नृत्य के लिए 13 को होंगे ऑडिशन

**जिला** प्रशासन बिलासपुर द्वारा भारतीय शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का एंट्री-एग्जिट, अभिनय पक्ष, लय-ताल की समझ आदि पहलुओं पर मूल्यांकन किया जाएगा। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए पहले 14 मार्च को प्रस्तावित ऑडिशन की तिथि अब 13 मार्च कर दी गई है। यह ऑडिशन किसान भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिलासपुर सहित सभी जिलों के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को नलवाड़ मेले की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### पटवारी-कानूनगो महासंघ की हड़ताल जारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की जिला बिलासपुर इकाई के समस्त पटवारी एवं कानूनगो सरकार द्वारा पटवारी एवं कानूनगो का जिला कैडर बदलकर स्टेट कैडर करने की अधिसूचना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल चौदहवें दिन में प्रवेश कर गई है। जिला के चारों उपमंडलों घुमारवीं, सदर, झंडूता, श्री नैना देवी जी में सभी पटवारी एवं कानूनगो अपने-अपने कार्यालयों को बंद कर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन को सेवानिवृत्त पटवारी एवं कानूनगो सहित जनप्रतिनिधियों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। महासंघ के जिला प्रधान सुनील दत्त जोशी ने बताया कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गगल एयरपोर्ट, कांगड़ा में मुलाकात कर पटवारी एवं कानूनगो की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया व उनसे अधिसूचना को वापस लेने का आग्रह किया गया।

### करियर काउंसिलिंग पर करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के करियर काउंसिलिंग प्लेसमेंट सेल, अर्थशास्त्र विभाग व हायर एडुकेशन इंस्टीट्यूशन सोसायटी ने मिलजुल कर स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन डॉ. पी एस कटवाल प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस तरह की कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आजकल रोजगार की आपार संभावनाएं हैं। सभी विद्यार्थी अपना भविष्य अपनी इच्छा अनुसार चुने। इस कार्यशाला मे लगभग 140 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला में चितकारा विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट संजीव सैनी ने विद्यार्थियों को भविष्य में करियर अवसर से संबंधित विभिन्न अहम जानकारियां दीं।

### दधोल में सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत शिमला-धर्मशाला नेशनल हाइवे पर दधोल कस्बे के समीप दिनदिहाड़े सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी फैल गई। राह चलते लोगों ने सड़क किनारे शव देखा। व्यक्ति के नाक से खून निकला हुआ था। जबकि नजदीकी एक बड़े पत्थर पर भी खून लगा हुआ था। व्यक्ति की मौत के कारण क्या रहे इसका पता नही चल पाया है। व्यक्ति की पहचान 36 वर्षीय अजय कुमार उर्फ अजु गांव बाड़ी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर बाद राह चलते लोगों ने व्यक्ति को शव पड़ा हुआ देखा। इसकी सूचना स्थानीय दुकानदारों व पंचायत उपप्रधान को दी। लोगों ने मौके पर से भराड़ी थाना को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। मृतक व्यक्ति के नाक से खून निकला हुआ था, जबकि नजदीक एक बड़ा पत्थर भी खून से सना हुआ था। मृतक का मोबाइल भी मौके पर पड़ा हुआ था। मृतक शादियों में रसोइये के साथ काम करता था। पुलिस थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेज दी गई है। शव को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। पोर्टमार्टम करवाने के लिए शव को अस्पाल भेज दिया गया है।

### 1962 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से झंडूता में एक साल में 584 पशुओं का किया इलाज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पशुओं के इलाज के लिए 1962 पर फोन करने पर एंबुलेंस घर पहुंचकर कर पशुओं का इलाज करने के लिए लगभग एक साल पहले ही प्रदेश सरकार की ओर से पशुपालकों के पशुओं की उनके घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ की गई थी। 1962 एंबुलेंस सेवा झंडूता के विभिन्न इलाकों में पशुपालकों के लिए लाभकारी साबित हो रही है । 1962 एंबुलेंस सेवा 2024 मार्च माह के आखिरी सप्ताह से शुरू हुई थी। जब से झंडूता में प्रारंभ हुई है तब से अब तक लगभग 584 पशुओं को मोबाइल टीम ने पशुपालकों के घरों पर जाकर आवश्यक उपचार कर पशुओं के प्राणों की रक्षा की है। झंडूता के बरठीं केंद्र में कार्यरत डाक्टर आशुतोष ने बताया कि एंबुलेंस के माध्यम से झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों में 584 केस को देख लिये है। इसमें कुछ केस अभी चल रहे हैं। एक वैन पर एक चिकित्सक एवं एक सहायक टेक्नीशियन व एक ड्राइवर मौजूद रहता है। जो पशुओं का मौके पर जाकर इलाज करता है। दवाई भी शासन की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका कोई शुल्क नहीं लिया जाता। सभी सेवाएं शासन की ओर से निशुल्क दी जा रही हैं।




### सुन्हाणी में व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल की सीर खड्ड किनारे बसे सुन्हाणी बाजार के व्यापार मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के प्रधान डॉ. प्रकाश चंद वर्मा ने की। बैठक में व्यापारियों ने बाजार में बुनियादी सुविधाओं की कमी, नशे की बढ़ती समस्या और बैंक शाखा की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। व्यापारियों ने बताया कि सुन्हाणी बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों और आगंतुकों को परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर सरकार को सौंपने की योजना बनाई गई। इसके अलावा, व्यापारियों ने बाजार में बैंक शाखा खोलने की मांग भी उठाई, जिससे स्थानीय व्यवसायियों और ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। बैठक में युवाओं में बढ़ते नशे पर भी चिंता जताई गई। डॉ. प्रकाश चंद वर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### बिलासपुर कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के आईक्यूएसी सेल के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने की। इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत कार्यक्रम की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रितु ने किया कार्यशाला ऑफिस प्रोसीजर एंड ऑदर्स रूल्स फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग पर आधारित रही। कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय के कर्मचारियों और मुख्य वक्ताओं का स्वागत आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर प्रो. प्रेमजीत ने किया। मुख्य वक्ताओं द्वारा मुख्य बिंदुओं पर चर्चा व जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं के द्वारा विभिन्न अवकाशों, आईक्यूएसी रूल्स , एलटीसी आदि की वजह से रोज की दिनचर्या में सामने आने वाली परेशानियों से बचने के लिए सभी नियमों पर जानकारी प्रदान की गई।

### चैत्र मास मेले के लिए अधिकारी नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने जिला बिलासपुर में 14 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले चैत्र मास मेला बाबा बालक नाथ शाहतलाई में कानून-व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को बनाने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं, ताकि मेले का सफल आयोजन किया जा सके। इसमें एसडीम झंडुता को मेला अधिकारी, डीएसपी घुमारवीं को मेला पुलिस अधिकारी, नायब तहसीलदार नम्होल को सहायक मेला अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट एक से तीन, नायब तहसीलदार कलोल को सेक्टर मजिस्ट्रेट 4 से 5 तथा प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र शाहतलाई को मेला स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**वेलकम** मिनर्वा स्कूल घुमारवीं पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र चंदेल, स्कूल प्रशासन ने किया भव्य स्वागत

# निरंतर प्रयास और परिश्रम ही सफलता की कुंजी: जितेंद्र

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिकारी बने जितेंद्र चंदेल का मिनर्वा स्कूल घुमारवीं पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन ने उन्हें पलकों पर बिठाया और उनकी सफलता पर बधाई दी। ये पल खुशियों भरा था, प्रशासनिक सेवा में अधिकारी बन क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले घुमाणी के जितेंद्र चंदेल मिनर्वा स्कूल घुमारवीं पहुंचे। उनके साथ उनकी माता भी मौजूद थीं। जितेंद्र ने इस सम्मान के लिए मिनर्वा परिवार का आभार प्रकट किया। जितेंद्र ने कहा कि उन्होंने अपनी जमा एक और जमा दो की पढ़ाई मिनर्वा संस्थान से पूरी की थी। सादे समारोह में बच्चों को संबोधित करते हुए जितेंद्र ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करना और परिश्रम करना सफलता की कुंजी है। जब हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं और उनकी प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते हैं, तो हमें सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि याद रखें, सफलता एक रात में नहीं मिलती, लेकिन निरंतर प्रयास और परिश्रम से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।




उन्होंने कहा कि वे बचपन से ही मेधावी छात्र नहीं थे, लेकिन उन्होंने स्मार्ट लर्निंग तकनीकों और निरंतर अभ्यास के माध्यम से सफलता प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ आधुनिक और रणनीतिक ढंग से अध्ययन करने की सलाह दी। इससे पहले प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने उन्हें स्मृति चिन्ह और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। प्रवेश चंदेल ने कहा कि जितेंद्र चंदेल की उपलब्धि न केवल व्यक्ति के परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे विद्यालय और समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। जब कोई व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है, तो वह न केवल अपने परिवार को गर्व से भर देता है, बल्कि वह अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी के शिव मंदिर में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस थाना डलहौजी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य लंगर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत सुबह विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें पुलिस थाना डलहौजी के समस्त कर्मियों ने भाग लिया। भगवान शिव की पूजा एवं भोग अर्पण के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर शहर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुलिस थाना डलहौजी स्थित शिव मंदिर में शीश नवाकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सभी ने श्रद्धापूर्वक लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को लेकर थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना डलहौजी में हर वर्ष महाशिवरात्रि के उपरांत शिवलंगर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में हर संभव योगदान दिया। इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। पुलिस थाना डलहौजी की इस पहल की स्थानीय जनता ने सराहना की और इसे सामुदायिक समरसता का प्रतीक बताया।

### सीआईएसएफ ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 56वां स्थापना दिवस इकाई बीएसएल सुंदरनगर में सोमवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम में बीबीएमबी प्रबंधन, स्थानीय पुलिस, आईबी और सीआईएसएफ के सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बीबीएमबी के अधीक्षण अभियंता केएस ठाकुर द्वारा सीआईएसएफ का फ्लैग फहरा कर सलामी दी गई। इस अवसर पर सीआईएसएफ के सदस्यों द्वारा ड्रिल, डेमो, सांस्कृत कार्यक्रम भी पेश किए गए। सीआईएसएफ इकाई बीएसएलपी सुंदरनगर के उप कमांडेंट विशाल बंसल ने बताया कि सीआईएसएफ वर्तमान समय में संपूर्ण भारत में अपनी सुरक्षा प्रदान कर रहा है। इसमें भारत के महत्वपूर्ण स्थान जैसे कि एयरपोर्ट, मेट्रो, ऑटोमेटिक अनर्जी, बंदरगाह, इसरो, वीवीआईपी सुरक्षा इत्यादि को सुरक्षा प्रदान कर रही है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन 10 मार्च 1969 में हुआ है। बीबीएमबी की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ को बीते एक अक्टूबर को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि बल के सभी अधिकारी और जवान लगन तथा मेहनत के साथ परियोजना में सुरक्षा प्रदान कर रहे है। इसका स्थानीय लोगों और प्रबंधन द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

### छमैतर से अपर बरनोग के लोग सड़क सुविधा से वंचित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत जूकैण में छमैतर से अपर बरनोग के लोग सड़क सुविधा से अभी भी वंचित हैं। ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश तथा उपायुक्त जिला मंडी को ज्ञापन भेज कर मांग की कि सरकार जल्द ही छमैतर से अपर बरनोग तक सड़क सुविधा उपलब्ध करवाए, जिसका लाभ छमैतर, ठौर, बरनोग, बलहड़ा और मतेहड़ी के तकरीबन 20 परिवारों और उनके हजारों रिश्तेदारों को मिलेगा। रमेश चंद भारद्वाज ने जनता व सरकार से अपील की है, कि वो सभी तरह के विकास कार्यों को सेटिंग के आधार पर नहीं, बल्कि सिस्टम के आधार पर करवाएं। ग्रामीणों ने सुका बल्यारें श्मशानघाट को पक्का करने तथा हिमाचल श्मशानघाट के अधूरे काम को पूरा करने की मांग भी की है, तथा वहां पीने की पानी, स्ट्रीट लाइट व बारिश और धूप में बैठने की व्यवस्था करने की मांग भी की है। इस मौके पर स्थानीय निवासियों में देश राज शर्मा, विवेक शर्मा, प्रकाश चंद, संजीव कुमार, व्यास देव, हरी दास प्रजापति व ब्रज लाल इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### दफ्तर न बदलने को भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, कोटली (मंडी)।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के कोटली स्थित कार्यालय को जोगिंदरनगर तब्दील किए जाने से नाराज तुंगल क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्थानीय बाजार में रैली निकालकर अपना रोष जाहिर किया। इसके पश्चात उपमंडल अधिकारी कोटली के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक ज्ञापन प्रेषित करके मांग की कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के कोटली स्थित कार्यालय को जोगिंदर नगर स्थानांतरित न करके यहीं बरकरार रखा जाए। रैली में अनेकों पंचायतों की प्रतिनिधियों, दर्जनों महिला मंडलों, अन्य सामाजिक संगठनों सहित सैकड़ों जागरूक नागरिकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य कमलेश कुमारी, पंचायत समिति के उपाध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, ग्राम पंचायत कोट के पूर्व प्रधान काहन सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता शिव बनेर, सेवानिवृत्त सहायक अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार ठाकुर, पितांबर लाल, राजेंद्र कुमार, गंगाराम इत्यादि शामिल हुए। सोमवार की सुबह से ही स्थानीय विश्राम गृह में लोगों का जमावड़ा एकत्रित होना शुरू हो गया था जोकि धीरे-धीरे एक विशाल जन सैलाब के रूप में परिवर्तित होता चला गया। इस रोष रैली में बड़ी संख्या में भाग ले रही महिलाओं के साथ-साथ सैकड़ों लोगों का यह जन सैलाब कोटली बाजार का चक्कर लगाकर उपमंडल कार्यालय पहुंचा। लोगों ने उपमंडल अधिकारी कोटली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन में कहा है कि तुंगल क्षेत्र के कून का तर में प्रस्तावित थाना पलौन पनबिजली परियोजना की देखरेख के उद्देश्य से पिछले 10 वर्षों से उपमंडल मुख्यालय कोटली में पावर कारपोरेशन का कार्यालय स्थापित किया गया है। लेकिन अब यह कार्यालय तब्दील किए जाने की योजना बनाई है।

### 14 से 27 मार्च तक चलेगा डायरिया एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा, उपायुक्त बोले-

# ओआरएस और जिंक की दवाई खाएंगे 53,708 बच्चे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज सघन डायरिया एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े तथा स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया। उपायुक्त ने बताया 14 से 27 मार्च तक जिला में सघन डायरिया एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान 5 वर्ष तक के 53708 शिशुओं तथा बच्चों को ओआरएस व जिंक की दवा वितरित की जाएंगी।

मुकेश रेपसवाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। अभियान के तहत विभिन्न विभागीय और संस्थाओं की भूमिका एवं उत्तरदायित्व को लेकर उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं से ग्रामीण स्तर पर जानकारी और



**पंचायतीराज संस्थाएं लोगों को करेंगी जागरूक**

जागरूकता को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को इस दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका भी सुनिश्चित बनाने को कहा। उपायुक्त ने इस दौरान आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 11 विषयगत क्षेत्रों पर प्रत्येक वीरवार को सभी स्कूलों में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित बनाया जाए। उपायुक्त ने इस दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने के साथ आरकेएसके कार्यक्रम की भी समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इससे पहले मुख्य चिकित्सा आधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने स्वागत संबोधन रखा। बैठक में कार्यवाही का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने किया।

उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कमल किशोर शर्मा, अजय कुमार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, सलूणी/डलहौजी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी की प्रथम जनसभा बैठक का आयोजन सलोनी में किया गया, जिसमें संगठन के सभी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता व्यास देव ने की।

बैठक में समाज को जागरूक करने, शिक्षा को बढ़ावा देने, संगठन को मजबूत करने और सामाजिक संघर्ष के महत्व पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान पर जोर दिया गया और लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सोसायटी के पदाधिकारी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष व्यास देव, उपाध्यक्ष मदन कुमार, सचिव साहब राम, सह-सचिव जर्म सिंह, कोषाध्यक्ष रिंकू आजाद, सलाहकार चेतराम, मीडिया प्रभारी मनीषा, कार्यकारिणी सदस्य चंपा देवी, चैन लाल, मंगत राम, किशन लाल, मधोराम, जगदीश कुमार, मनीष कुमार, दौलत राम, खुशीराम, धर्मचंद सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# पंचपुला में पेड़ों का कटाव रोकने को नई पहल होगी शुरू




**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर सोसायटी डलहौजी की वार्षिक बैठक का आयोजन होटल आर्क में किया गया।

इस बैठक में गत वर्ष की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और आगामी सत्र के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं, सामाजिक दायित्व, जल संरक्षण एवं वितरण, तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान शांति स्थल पंचपुला में पेड़ों के कटाव को रोकने के लिए एक नई पहल पर चर्चा हुई। नगर परिषद डलहौजी के सहयोग से टूटे हुए पेड़ों की लकड़ी को काटकर संग्रहित किया जाएगा और इसे डलहौजी की जनता को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्य निरंतर चलाए जाने की व्यवस्था सोसायटी द्वारा की जाएगी। संस्था की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जल्द ही बैंक खाता खोलने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में संस्था द्वारा पूर्ण सहयोग देने पर सहमति बनी। बैठक में अंतरविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन और वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की रूपरेखा भी तैयार की गई।

गैर-राजनीतिक संस्था होने के नाते, बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में अपूर्व सग्गी, शिवम् भंडारी, अमित गंडोत्रा, पंकज शर्मा, नवनीत चौहान, कोषाध्यक्ष रमन शर्मा, संयुक्त सचिव विक्रम जरयाल, विधि सलाहकार पवन शर्मा, महासचिव दिनेश चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन महाजन, अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर और चेयरमैन हरप्रीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

# विधायक नीरज नैय्यर जनता की आवाज प्रमुख्ता से उठाएंगे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने आज विधानसभा सत्र से पूर्व आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लिया। बैठक में प्रदेश के विकास, जनहित के मुद्दों और जनता की समस्याओं को प्रभावी रूप से सदन में उठाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

नीरज नैय्यर ने बैठक के दौरान अपने क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से रखा और उनके समाधान के लिए रणनीतिक चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सदन में जनता की आवाज को मजबूती से उठाना और विकास कार्यों को गति देना है। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के सभी प्रमुख नेता मौजूद रहे, जिन्होंने प्रदेश के समग्र विकास और सरकार की नीतियों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, जनहित से जुड़े विषयों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर बल दिया गया।

नीरज नैय्यर ने कहा कि वे अपने क्षेत्र की जनता के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि चंबा विधानसभा क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता से जुड़े हर मुद्दे को विधानसभा में पूरी ताकत के साथ रखा जाएगा।

# पांगी में राहत अभियान से लोगों को मिली राहत : ललित

**आरके सहगल, चंबा**

हाल ही में पांगी घाटी में रिकॉर्डतोड़ पांच फुट तक बर्फबारी हुई, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया।



इस कठिन परिस्थिति में, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी, लेकिन भारी बर्फबारी के कारण सड़कों पर आवाजाही असंभव हो गई थी। जैसे ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस आपातकालीन स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत एयरलिफ्ट की व्यवस्था कर मरीज को सुरक्षित निकालने का निर्देश दिया।

आज एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मरीज की जान बचाने के लिए हाई-प्रायोरिटी पर निर्णय लिया, जिससे यह साबित होता है कि सरकार जनता की हर जरूरत के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के इस त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में अपने नागरिकों के साथ खड़ी है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार और जनता के बीच विश्वास हुआ मजबूत

**बर्फबारी** के अलावा हाल ही में हिमस्खलन की घटनाओं से कुमार गांव के कई परिवार प्रभावित हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, हिमाचल प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से प्रभावित गांवों में राहत सामग्री पहुंचाई। इस राहत सामग्री में आटा, चावल, दालें, खाद्य तेल, बर्तन, तिरपाल, कंबल, गर्म कपड़े, जूते और गर्म मोजे जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। ललित ने कहा कि पांगी और भरमौर क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री के इस त्वरित और प्रभावी निर्णय के लिए आभारी हैं। आपातकालीन सहायता से सरकार और जनता के बीच विश्वास और मजबूती आती है।

### कल मुख्यमंत्री से मिलेंगे ललित ठाकुर, हिमाचल दिवस पांगी में मनाने का अनुरोध करेंगे

**ललित** ठाकुर ने घोषणा की कि वह कल पांगी के प्रतिनिधिमंडल के साथ शिमला जाएंगे और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनका धन्यवाद करेंगे। साथ ही, वह मुख्यमंत्री से इस वर्ष हिमाचल दिवस समारोह को किलाड़, पांगी में आयोजित करने का अनुरोध करेंगे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष यह समारोह काजा में मनाया गया था, और अगर इस बार पांगी में होता है, तो यह क्षेत्र के विकास और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देगा।

# लैब टेक्नीशियन की मांगों पर सरकार जल्द ले निर्णय : गौतम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भूरी सिंह म्यूजियम के कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑल इंडिया मेडिकल लैब टेक्नीशियन यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआईएमएलटी यूनियन के स्टेट प्रेसिडेंट राजन भीमटा, यूनियन के सचिव यशवंत और यूनियन के कैशियर रविंद्र ने भाग लिया। इस बैठक में लगभग 30 लैब टेक्नीशियन और बायो-असिस्टेंट स्टाफ ने अपने विचार और समस्याएं यूनियन के समक्ष रखीं।

चंबा जिला अध्यक्ष संजय गौतम ने मेडिकल लैब स्टाफ की समस्याओं



को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों को वेतन विसंगतियों को दूर करने और रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गौतम ने बताया कि लंबे समय से लैब टेक्नीशियन अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और सरकार को जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस निर्णय लेना चाहिए।

बैठक में संतोष ठाकुर, कुसुम राणा, जगदीश ठाकुर और परविंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को उच्च स्तर पर उठाएंगे और लैब टेक्नीशियनों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे

# शिविर में 105 कामगारों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय चंबा (सरोल) में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड चंबा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में मेडिकल कॉलेज चंबा के निर्माण कार्य में लगे 105 कामगारों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई।


कैंप के दौरान मौजूद डॉक्टर।

शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी सी, सिफलिस और टीवी की निशुल्क जांच की गई तथा जांच के उपरांत कामगारों को निशुल्क दवाइयां भी

**मेडिकल कॉलेज चंबा (सरोल) में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर**

दी गई। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए श्रम कल्याण अधिकारी चंबा श्वेता कुमारी ने बताया कि की इस शिवर का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे कामगारों को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अलावा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति शिक्षित व जागरूक करना है।

श्वेता कुमारी ने कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाएं बारे विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर क्षितिज व उनकी टीम तथा श्रम कल्याण बोर्ड कार्यालय चंबा की कर्मचारी पूजा धवन व भारती जसरोटिया तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the public that M/s Vishwakarma Hard Stone Crusher Prop. Shri Mohan Lal Mehta R.O. Village Khali P.O. Kumarhatti, Teh. & Distt. Solan (H.P.) Kaushalya Khad Near Chakki More, Leese area- Kaushalya Khad (Bailla Balau), Leese Period- 23.06.2027, Leese Khasra No. 3/1.1, Leese Rakba-21-11 Bigha, PMT Period-02.02.2027. has been granted Environment clearance. The copy of which is availlable with the regional office, H.P. State Pollution Control Board Parwanoo and also availble at website of the ministry of environment and forest at http:/envfor.nic.in.

**M/s Vishwakarma Hard Stone Crusher**
**Prop. Shri Mohan Lal Mehta**
R.O. Village Khali P.O. Kumarhatti,
Teh. & Distt. Solan (H.P.)
Kaushalya Khad Near Chakki More

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स विश्वकर्मा हार्ड स्टोन क्रशर प्रो. श्री मोहन लाल मेहता आर.ओ. गांव खाली पी.ओ. कुमारहट्टी, तह. एवं जिला सोलन (हि.प्र.) कौशल्या खड्ड चक्की मोड़ के पास, लीज क्षेत्र- कौशल्या खड्ड (बैला बलाऊ), लीज अवधि- 23.06.2027 लीज खसरा संख्या 3/1.1, लीज रकबा-21-11 बीघा, पीएमटी अवधि- 02.02.2027. को पर्यावरण मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जिसकी प्रति क्षेत्रीय कार्यालय, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परवाणु के पास उपलब्ध है और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की वेबसाइट http:/envfor.nic.in पर भी उपलब्ध है।

**मेसर्स विश्वकर्मा हार्ड स्टोन क्रशर**
**प्रोप. श्री मोहन लाल मेहता**
आर.ओ. ग्राम खाली पी.ओ. कुमारहट्टी,
तह. एवं जिला. सोलन (हि.प्र.)
चक्की मोड़ के पास कौशल्या खड्ड

## सूडोकु नवताल- 7366

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु नवताल -7365 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# छात्रा आवृत्ति का इंस्पायर मानक परियोजना में चयन

**अनंत ज्ञान भटियात/चुवाड़ी**



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह की कक्षा 10वीं की छात्रा आवृत्ति ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी अनूठी परियोजना का चयन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित। इंस्पायर मानक परियोजना योजना के अंतर्गत हुआ है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के होनहार विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस उपलब्धि के लिए आवृत्ति को दस हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने प्रोजेक्ट के विकास को आगे बढ़ा सकेंगी। उनके इस सफर में पीजीटी बायोलॉजी, डॉ. अंकुश शर्मा का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा, जिन्होंने उन्हें सही दिशा में प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने आवृत्ति की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते कहा कि इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

11 मार्च, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** द्वादशी (08:16): **नक्षत्र** आश्लेषा (02:16), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** अतिगंड (01:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:07-12:55), **राहुकाल** (03:29-04:58)।

**विशेष दिन**

- 11 मार्च 2025 : भौम प्रदोष व्रत आज।
- 1 11 मार्च 2025 : गोविन्द द्वादशी आज।

**मेषः** प्रसिद्धि में वृद्धि होगी और आपको प्रभावशाली व्यक्तियों से प्रचुर लाभ प्राप्त हो सकता है। कुछ लोग शीघ्र पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं।

**वृषभः** नौकरी पेशा जातकों को थोड़ा संयम से व्यय करने की सलाह दी जाती है। कुछ जातकों द्वारा एक नया वाहन खरीदा जा सकता है।

**मिथुनः** कार्य स्थल पर सकारात्मक और सहायक विकास होगा। आप लाभ के लिए तत्पर हैं। लंबे समय से लंबित पड़ा वांछित काम पूरा हो सकता है।

**कर्कः** वित्तीय मोर्चे पर आज अच्छा लाभ संभव है। आप कई गतिविधियों में शामिल होंगे। मार्केटिंग, मीडिया आदि से लोगों को यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह :** व्यावसायिक सदंर्भ में आप बड़ी सफलता प्राप्त करेंगे और एक उच्च सामाजिक स्थिति हासिल करेंगे। आप एक नया उद्यम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या :** ईमानदारी से किया गया कार्य आपको लाभ के रूप में फल देगा। व्यक्तिगत जीवन को अपने व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप न करने दें।

**तुलाः** गुप्त शत्रुओं द्वारा बनाई गई कुछ छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों के साथ व्यवहार करते समय आपको सावधान रहना चाहिए।

**वृश्चिकः** आज आप जिद्दी हो सकते हैं। आप स्वयं को मुश्किल परिस्थितियों में पा सकते हैं। जहां तक हो सके तर्क-वितर्क से दूर रहें।

**धनुः** व्यवसायी वर्ग को नए रुझान और रास्ते मिलेंगे जो उनकी नकदी में वृद्धि करेंगें। वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और धन संबंधी मामलों में सकारात्मक परिणाम रहेंगे।

**मकर :** व्यावसायिक सदंर्भ में दिन एक नए उद्यम के साथ शुरू हो सकता है या आप नए सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं, जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा।

**कुंभ :** बुद्धिमत्ता के कारण हर काम बेहतर ढंग से करेंगे। प्रभावशाली वाणी होने के कारण लोगों से आप अपनी बात मनवा सकते है।

**मीन :** योग्यता के अनुरूप पुरस्कार या तरक्की हासिल कर सकते हैं। शादी-ब्याह या कोई और आयोजन में शिरकत करने की संभावना भी है।

**त्योहार** | पांच दिवसीय होली उत्सव को लेकर धूम

# त्योहार भाईचारे व पारिवारिक प्रेम का प्रतीक

**बबलू पठानिया, भटियात चुवाड़ी**

हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले गोरखा समुदाय के लिए होली का त्योहार विशेष महत्व रखता है। यहां होली का उत्सव पांच दिनों तक हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस वर्ष भी सोमवार से गोरखा समुदाय का पारंपरिक होली महोत्सव आरंभ हो गया है।

गोरखा होली उत्सव की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना से होती है। परंपरा के अनुसार, महिलाएं सुबह आमला के पेड़ के नीचे भगवान विष्णु, लक्ष्मी और सरस्वती की पूजा करके इस पावन पर्व की शुरुआत करती हैं।

घर के बुजुर्ग अपने परिजनों के साथ कुलदेवी और अन्य देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसके



बाद लाल रंग का गुलाल अर्पित कर पर्व की विधिवत शुरुआत की जाती है।

गोरखा समुदाय में होली पांच दिनों तक मनाई जाती है। पहले दिन घर का मुखिया पूरे परिवार को एक साथ बिठाकर माथे पर लाल, हरा और पीला अबीर लगाकर आशीर्वाद देता है। यह टिक्का पूरे पांच दिन तक चलता है। इस दौरान समुदाय के लोग अपने सगे-संबंधियों और रिश्तेदारों के घर जाकर बड़ों से आशीर्वाद लेते हैं। इस पर्व में घरों में विशेष मिठाइयां बनाई जाती हैं, जिनमें गुजिया, मठ्ठी, रसगुल्ला, सेल रोटी, रसभरी, खजूर की मिठाई और अन्य पारंपरिक पकवान शामिल होते हैं।

पांचवें दिन होलिका दहन के बाद अगले दिन सामूहिक रूप से रंगों की होली खेली जाती है। इस दिन सभी समुदाय के लोग मिलकर एक-दूसरे के घर जाते हैं, नाच-गाना करते हैं और रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं। गोरखा समुदाय में त्योहार भाईचारे और पारिवारिक प्रेम को और प्रगाढ़ बनाने का प्रतीक माना जाता है।( अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरसकान विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरसकान में विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए अवधि 1-4-2025 से 31-3-2026 निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है-

प्रस्ताव संख्या-06

1. रेता क्रशर-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. रेता धुला क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. रेता लोकल खड्ड-प्रति घन मीटर, 5. बजरी लोकल खड्ड-प्रति घन मीटर, 6. [illegible]

[illegible]

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत सरसकान विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि.प्र.

मैं किसी समाज की प्रगति को उसकी महिलाओं की प्रगति से मापता हूं। –डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# निशाने पर हिंदू मंदिर

अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं, विशेष रूप से कैलिफोर्निया और लॉस एंजेलिस में, भारतीय समुदाय और भारत सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। इन हमलों के पीछे विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक कारण हो सकते हैं, जिनमें खालिस्तानी अलगाववादियों का हाथ हो सकता है। सवाल यह है कि अमेरिका में हिंदुओं से किसको नफरत है और क्यों है? आखिर हिंदुओं की आस्था पर हमला क्यों किया जा रहा है? कितनी विचित्र बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को आंख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके देश में ही सनातनियों को निशाना बनाया जा रहा है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक स्वामी नारायण मंदिर को निशाना बनाया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखकर यह जताने की कोशिश की है कि वह भारत से कितनी नफरत करते हैं। यह घटनाक्रम अमेरीकियों में हिंदू विरोधी बढ़ती हिंसा की गवाही दे रहा है। ट्रंप की नाक के नीचे हिंदू मंदिर को निशाना बनाने पर अब सनातनियों का गुस्सा भी भड़क उठा है। हिंदुओं पर हुए इस आक्रमण के पीछे यह संकेत है कि हिंदुत्व जाग रहा है। विश्व का समझा हुआ और उलझा हुआ समुदाय वह इन लोगों को अपने तरीके से समझा दे अन्यथा हिंदुत्व का अर्थ भी अलग है, जिसके एक हाथ में शास्त्र है तो दूसरे हाथ में शस्त्र भी है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी हमले की निंदा की है और इसे कायराना हरकत बताया है। जहां पर शांति का और मिलकर रहने का उपदेश दिया जाता हो और समाज को जोड़ने वाला केंद्र हो ऐसे स्थान पर हमला करना कायरों का ही कारनामा है। अमेरिका में हिंदू मंदिरों को कोई पहली बार निशाना नहीं बनाया गया, बल्कि इससे पहले भी हिंदू मंदिर निशाने पर रहे हैं। पिछले साल 11 जनवरी को कैलिफोर्निया में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हमला किया गया था। इसके बाद 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर पर हमला हुआ। यही नहीं, 24 सितंबर को कैलिफोर्निया में श्री स्वामीनारायण मंदिर पर भी अटैक हुआ था। इन हमलों से जाहिर होता है कि अमेरिका में ऐसी ताकते हैं जो हिंदुओं से नफरत करती है। सनातन को अपना दुश्मन मानती हैं, नहीं तो जो धर्म शांति का संदेश देता है उसको निशाना बनाने का क्या मतलब है? इन घटनाओं के पीछे के विभिन्न कारणों और उद्देश्यों की खोज करना बेहद लाजिमी है। अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले, उनके तोड़फोड़ या अपमान के प्रयासों के कई संकेत, खासकर पाकिस्तान समर्थित कुछ तत्वों या खालिस्तानी अलगाववादी विचारधारा से जुड़े समूहों की ओर इशारा करते हैं। अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने के कारणों में सबसे प्रमुख कारण धार्मिक और राजनीतिक हो सकता है। खालिस्तानी अलगाववादियों का आंदोलन आज भी कुछ हिस्सों में सक्रिय है और उनका प्रभाव न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी देखा जाता है, खासकर कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में। ये तत्व भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए हिंदू मंदिरों और भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों पर हमले करने की मंशा हमेशा पाले रहते हैं। बहरहाल, भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा की है और स्थानीय अमेरिकी प्रशासन से आग्रह किया है कि वे हिंदू मंदिरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें। भारत ने इन घटनाओं को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों और भारतीय समुदाय की सुरक्षा से जोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इसका विरोध किया है। भारत का रुख साफ है कि वह किसी भी प्रकार की धार्मिक घृणा या भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा को स्वीकार नहीं करेगा।

भारत सरकार ने अमेरिका से यह अपेक्षाएं जताई हैं कि वह वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतीकों की सुरक्षा को सुनिश्चि करे। हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए भारतीय समुदाय और अमेरिका के बीच सहयोग जरूरी है। इसके लिए कानूनी कार्रवाई और सख्ती के साथ समुदायों के बीच जागरूकता लाना आवश्यक है। हिंदू मंदिरों को अधिक सुरक्षा प्रबंधों की जरूरत है। मंदिरों में सुरक्षा गाड्र्स की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने से गुनहगार पकड़ में आ सकते हैं। भारत को इस मसले पर अपना स्टैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी रखना चाहिए। हिंदू मंदिरों पर हमले सिर्फ एक देश के अंदर की घटना नहीं हैं, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के संदर्भ में भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। भारत को इस प्रकार की घटनाओं को धार्मिक हिंसा और नफरत फैलाने के खिलाफ एक वैश्विक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। यह न केवल भारतीय समुदाय के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संदेश होगा कि धार्मिक सहिष्णुता और सुरक्षा सभी देशों की प्राथमिकता होनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पंजाब के 26वें मुख्यमंत्री

**कैप्टन** अमरिंदर सिंह भारतीय राज्य पंजाब के 26वें मुख्यमंत्री रहे हैं। मोदी लहर के बीच कांग्रेस के लिए जीत का परचम लहराने वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। वह उन बहुत कम नेताओं में से एक हैं, जो भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध के दौरान लड़े थे। व्यापक रूप से लोकप्रिय एवं सम्मानित नेता अमरिंदर ने 117 सदस्यीय विधानसभा में पार्टी को 77 सीटों पर शानदार जीत दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया था और साल 2017 में दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। इससे पहले अमरिंदर सिंह 2002 से 2007 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। कैप्टन अमरिंदर सिंह का जन्म तत्कालीन पटियाला रियासत के शाही परिवार में हुआ था। यह महाराजा यादविंदर सिंह के पुत्र हैं। लॉरेंस स्कूल सावर और देहरादून स्थित दून स्कूल में प्रारंभिक पढ़ाई करने के बाद इन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला में जुलाई 1959 में दाखिला लिया और दिसंबर 1963 में वहां से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इनकी पत्नी प्रिनीत कौर है, जो राजनीति में सक्रिय हैं तथा मनमोहन सिंह की सरकार में यह भारत की विदेश राज्य मंत्री रह चुकी हैं। इनके परिवार में पुत्र रनिंदर सिंह और पुत्री जय इंदर कौर हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह राजनीति में आने से पहले 1963 में भारतीय सेना में शामिल हुए और इन्हें दूसरी बटालियन सिख रेजीमेंट में तैनात किया गया। इसी रेजीमेंट में इनके पिता एवं दादा ने सेवाएं दी थी। ■



कैप्टन अमरिंदर सिंह
जन्म : 11 मार्च, 1942



## कविता

# एक चिराग तो सुकून का जलाया होगा

कनुप्रिया शर्मा, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल नूरपुर

*कुछ तो सीखा होगा, कुछ तो सिखाया होगा।*
*जिंदगी को जीने का दस्तूर,*
*तूने बखूबी निभाया होगा।*
*कभी बेवजह हंसी तो कभी गम में, काजल बहाया होगा।*
*संग दिलों के मेले में,*
*तूने भी वजूद दिलों में बनाया होगा।*
*परवाह बेपरवाह की नाव में,*
*कश्ती तो खूब डोली होगी।*
*पर यकीन है तूने भी चप्पू, खूब चलाया होगा।*
*मिट्टी तो कई बार पांव के नीचे से खिसकी होगी,*
*पर तूने पांव तो पक्का जमाया होगा।*
*किरदार तेरी आंखों के सामने कितने बदले होंगे,*
*सुना, तूने फिर भी रिश्ता निभाया होगा।*
*तेज आंधियों ने जाने कितने दीप बुझाने होंगे।*
*पर फिर भी तूने अपने लिए,*
*यकीन है एक चिराग तो सुकून का जलाया होगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिक्षक-छात्र और अभिभावक संबंधों में समन्वय बेहद महत्वपूर्ण

प्राचीन काल में शिक्षकों का दर्जा बहुत ऊंचा था। उनका हर जगह सम्मान होता था। शिक्षकों को 'गुरु' का दर्जा प्राप्त था। महान कवि कबीर जी ने भी कहा है कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा है। अपने एक दोहे में उन्होंने कहा, 'गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपणै, गोविन्द दियो बताय'। प्राचीन काल में शिक्षक का दर्जा, जैसा कि ऊपर बताया गया है सर्वोच्च था। उस समय विद्यार्थी अपने घरों से दूर आश्रमों में अध्ययन करते थे। इसके लिए उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाता था।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा, सेवानिवृत्त व्याख्याता, ऊना

छात्र सदैव अपने शिक्षकों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। समर्पण की यही भावना उनकी फीस थी। गुरुकुल में गुरु और शिष्य पूर्ण सामंजस्य से रहते थे। उन्हें अपने माता-पिता से भी पूरा सहयोग मिलता था। यही कारण है कि उस समय का उनका परस्पर सौहार्दपूर्ण रिश्ता आज तक पूरी दुनिया में एक बहुत ही अद्भुत व अद्वितीय उदाहरण है, लेकिन दुर्भाग्य से वर्तमान समय में शिक्षक-छात्र और माता-पिता के बीच का आपसी रिश्ता कहीं खो गया लगता है। इसका मुख्य कारण यह कहा जा सकता है कि आजकल न तो वैसे समर्पित शिक्षक हैं, न अनुशासित छात्र और न ही धैर्यवान अभिभावक। दरअसल आज के समाज में समर्पण, सेवा, ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सहनशीलता की भारी कमी देखने को मिल रही है।

शैक्षिक संस्थाओं का महत्व---शिक्षण संस्थाओं का शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्व है।





यहां उनके आपसी हित आपस में जुड़े हुए हैं। माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय भेजते हैं। यह शैक्षणिक संस्थान छात्रों और शिक्षकों के बीच की कड़ी है। छात्र शैक्षणिक संस्थानों में केवल 6 से 8 घंटे ही रुकते हैं। वे अपना शेष समय घर और समाज में व्यतीत करते हैं। इसलिए इन स्थानों का भी उनके जीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, शिक्षक उनके लिए रोल मॉडल होते हैं, लेकिन विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए भी यह समय की मुख्य मांग है कि वे भी अपने बच्चों के लिए एक आदर्श छवि प्रस्तुत करें, क्योंकि बच्चे जो देखते हैं, उसका अनुकरण अवश्य करते हैं। इसलिए, यदि शिक्षक, छात्र और अभिभावक अपनी जीवनशैली सुधारने का प्रयास करें तो उनके बीच मैत्रीपूर्ण मधुर संवाद पुन: शुरू हो सकता है और इससे उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध विकसित होने में अधिक समय नहीं लगेगा।

समय का महत्व---- हम इस बात से सहमत हैं कि समय भी हमारे व्यक्तित्व में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो लोग समय की कद्र नहीं करते, समय भी उनकी कद्र नहीं करता। इसलिए हम सभी को समय के साथ चलना होगा। यहां हम इस बात पर भी गंभीरता से विचार करेंगे कि शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को भी जीवन के हर पड़ाव पर पहुंचने के लिए समय के साथ चलना चाहिए। दरअसल, हमारे देश भारत में यूरोपीय देशों की तुलना में बहुत कम लोग समय के पाबंद हैं। इस विषय पर आज के राजनीतिक नेताओं पर भरोसा करना भी वास्तविकता से मुंह मोड़ना है। किसी भी कार्यक्रम में उनका 5-6 घंटे देरी से पहुंचना आम बात है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि अगर हम समय के पाबंद नहीं हैं तो हम अपने जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। जी हां, सिर्फ समय का पाबंद होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें अपने पेशे के प्रति पूरी तरह वफादार/समर्पित भी होना चाहिए। जैसे हम अपने घर में काम करने के लिए किसी राजमिस्त्री या मजदूर को पगार पर रखते हैं। उन्हें काम के दौरान एक पल भी आराम नहीं करने देते। यही रवैया स्कूल के समय भी हमारे सामने होना चाहिए। बेशक, अन्य कार्यालयों की तरह शैक्षणिक संस्थानों में भी समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन अगर आप वहां जाकर मन लगाकर पढ़ाई नहीं करवाते हैं, अपना काम बेमन से करते हैं तो यह 'समय का पाबंद होना' कहने जैसा ही है। दूसरी ओर कुछ छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र समय पर स्कूल तो आते हैं, लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई के दौरान कहीं और होता है, जो हमें सोचने पर मजबूर करता है कि हमारा आज का छात्र किस दिशा की ओर जा रहा है। इस चूक के लिए कौन दोषी है? शिक्षक जो पढ़ाते हैं, छात्र जो पढ़ते हैं, या फिर माता-पिता? यहां एक बात तो बिलकुल सच है सभी शिक्षक, छात्र और अभिभावक एक जैसे नहीं होते।

आज भी ऐसे कई शिक्षक हैं जो पूरी तरह समर्पित हैं। वे अपना काम कड़ी मेहनत और लगन से करते हैं। वे शिक्षण को अपना नैतिक कर्तव्य समझते हैं। कुछ तो अपनी जेब से पैसे खर्च करके अपने छात्रों की फीस भरते हैं और समय-समय पर अपने छात्रों को वित्तीय सहायता भी देते हैं। वे स्कूल समय से पहले या बाद में छात्रों को नि:शुल्क पढ़ाने में खुशी/संतुष्टि महसूस करते हैं। अगर उनके पास पढ़ने वाला विद्यार्थी राज्य में मेरिट में आता है तो जो विद्यार्थी नहीं पढ़ता वह फेल हो जाता है। फिर माता-पिता हर समय शिक्षकों को दोष देते हैं कि विद्यार्थी फेल इसलिए हुआ, क्योंकि शिक्षक ने उसे पढ़ाया नहीं। जो कि पूर्णत: गलत है। यह उम्मीद करना कोई अक्लमंदी का साबूत नहीं है कि उनका बच्चा पास हो जाएगा, जबकि वह सालभर एक भी दिन स्कूल न गया हो। इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षकों को छुट्टी लेने का अधिकार है, लेकिन बेहतर होगा कि वे वार्षिक छुट्टियों को महज पूरा करने के लिए ही मौज-मस्ती के लिए अनावश्यक छुट्टी लेने से गुरेज करें। अभिभावकों की भूमिका-अभिभावकों को अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान निश्चित रूप से स्कूल जाना चाहिए और अपने बच्चे के प्रदर्शन का निरीक्षण करना चाहिए तथा शिक्षक के साथ समग्र स्थिति और बच्चे के समग्र विकास की संभावनाओं पर चर्चा करनी चाहिए।

इस दौरान माता-पिता को अपने बच्चे के अच्छे और बुरे व्यवहार के बारे में उसके शिक्षक से जानकारी हासिल हो सकती है। ताजा खबरों के अनुसार केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा में अभिभावकों और समाज की भूमिका भी तय कर दी है। यह केंद्र सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इस नीति में घर, परिवार और आस-पड़ोस के माहौल को बेहतर बनाने पर जोर देने को कहा गया है और साथ ही स्कूलों को छात्रों के अभिभावकों को भी इसके बारे में शिक्षित करने को कहा गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# अवसरों के आड़े आ रहा लैंगिग भेदभाव

पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दुनियाभर में मनाया गया, लेकिन इस दिन के मनाने का औचित्य तभी सार्थक हो सकता है जब महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के साथ साथ उनको पुरुष प्रधान समाज में लैंगिक समानता का दर्जा हासिल हो सके।



लेखिका : मोनिका कपूर, बैजनाथ

बेशक इस दिशा में काफी प्रयास हो रहेह हैं, लेकिन इन प्रयासों को ज्यादा बढ़ावा देने की जरूरत है। यह सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उनके अधिकारों और सम्मान की कहानी है। महिला दिवस की शुरुआत 1908 में न्यूयॉर्क में महिलाओं द्वारा किए गए एक बड़े प्रदर्शन से हुई, जिसमें उन्होंने कामकाजी परिस्थितियों में सुधार और मतदान अधिकारों की मांग की। इसके बाद 1910 में क्लारा जेटकिन नामक समाजवादी कार्यकर्ता ने कोपेनहेगन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रस्ताव रखा। 1911 में इसे पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष' के रूप में घोषित किया और उसी वर्ष इसे आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी।

आज, यह एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें दुनियाभर के लोग लैंगिक समानता के समर्थन में एकजुट होते हैं। हर साल महिला दिवस एक नई थीम के साथ आता है, जो लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करती है। 2022 की थीम 'आज लैंगिक समानता, कल के



लिए स्थिर भविष्य' थी, 2023 की थीम 'डिजिटल नवाचार और तकनीक के माध्यम से लैंगिक समानता' थी, और 2024 की थीम 'महिलाओं में निवेश करें, प्रगति को तेज करें' थी।

आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं, चाहे वह राजनीति हो, विज्ञान, खेल, कला या व्यापार। किरण बेदी भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी बनीं, कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, मैरी कॉम ने छह बार विश्व चैंपियन मुक्केबाज बनकर देश का नाम रोशन किया, पीवी सिंधु ने ओलंपिक पदक जीतकर बैडमिंटन में भारत को गौरवान्वित किया, इंदिरा नूई ने पेप्सिको की सीईओ बनकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई और फातिमा बीबी भारत की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज बनीं। इन सबने यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। हालांकि, आज भी महिलाएं कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। समाज में लैंगिक भेदभाव की जड़ें गहरी हैं, जिससे महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम अवसर मिलते हैं। कार्यस्थलों पर असमानता बनी हुई है, जहां समान कार्य के लिए भी महिलाओं को कम वेतन दिया जाता है। घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयां आज भी महिलाओं के अधिकारों पर प्रहार करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह और लड़कियों की शिक्षा की समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं, जिससे उनका विकास बाधित होता है।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन लगातार प्रयासरत हैं। भारत सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि वे धुएं से मुक्त रसोई में काम कर सकें। जब नारी सशक्त होगी, तभी समाज और देश का विकास संभव होगा। नारी शक्ति ही समाज की सच्ची ताकत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**विश्वभर** में आज समस्या यह उत्पन्न हो गई है कि वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं और या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं लाखों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर कई वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका भरण-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए इंसानों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। **अमन ठाकुर भड़वाल**

# महिलाओं के हक में समाज का एकजुट होना बेहद लाजिमी

भारतवर्ष में हर साल आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बड़े-बड़े साहित्यकार, बड़े-बड़े आलोचक, बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ तथा बड़े-बड़े नेता अपनी-अपनी राय देते हैं। कई व्यक्ति महिलाओं के ऊपर अंगुली उठाते हैं व कई व्यक्ति उनका समर्थन करते हैं।



लेखिका : सवीनाजहां, प्रवक्ता हिंदी

इस दिन केवल और केवल महिलाओं के उत्थान और महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में चर्चा करते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कम आंकना या उन्हें हीन निगाहों से देखना सही नहीं रहता। एक बड़े मशहूर लेखक मंटो ने एक बार कहा था कि सिगरेट पीने से महिलाओं के भी फेफड़े ही खराब होते हैं चरित्र नहीं तो यह बात उन लोगों को खास तौर पर याद रखनी चाहिए जो महिलाओं के प्रति रूढ़िवादी सोच और एक विशेष धारणा रखते हैं मंटो ने यह बात इसीलिए कही थी कि जब आप महिला को सिगरेट पीते हुए देखते हैं तो उसका चरित्र खराब कर देते हैं और जब पुरुष को सिगरेट पीते हुए देखते हैं तो आप कहते हैं कि इसके फेफड़े खराब हो गए हो जाएंगे, तो सिगरेट पीने से महिलाओं के भी फेफड़े ही खराब होते हैं चरित्र नहीं।

आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी नेता यानी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद एक महिला हैं, लेकिन इसके बावजूद आज भी भारत में महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम करके कदम-कदम पर आंका जाता है। अब देखिए मैंने कुछ



आज आपके लिए सब निकाले हैं जो आपके परिवार में भी इस्तेमाल होते होंगे, आपके परिवार में जो बच्चे हैं खास तौर पर जो लड़के हैं वो अक्सर अपने बिस्तर पर बैठे-बैठे या आवाज लगाते होंगे कि मम्मी खाना ला दो, मम्मी पानी दे दो, मम्मी येकर दो, मम्मी वोकर दो।

ये आपके घर में भी होता होगा, कभी सोच कर देखिएगा ये क्यों होता है और ये एक जो घटनाक्रम है जो हर परिवार में होता है उसे मैं आपके सामने आज पेश करने की कोशिश कर रही हूं। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर बात करते रहते हैं, बोलते रहते हैं। आपको याद होगा स्वतंत्रता दिवस पर जब भी वह भाषण देते हैं इससे पहले भी उन्होंने इस मुद्दे पर एक बार एक बात कही थी इस बार क्या कहा 'हमें भारत के सुप्रीम कोर्ट का भी धन्यवाद करना चाहिए जो भारत की सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आप जो जजमेंट देंगे उसका जो ऑपरेटिव पार्ट होगा। वो जो अदालत में आया है उसकी भाषा में उसको उपलब्ध होगा। यानी महिलाओं से संबंधित हर मुद्दे को गहराई से देखा जाएगा और उसे पर फैसला भी होगा।

हमारे देश के अंदर नौकरी, घर, परिवार, सामाजिक परिवेश, हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए अदृश्य लक्ष्मण रेखाएं खींच दी गई है। इन्हें पार करने वाली महिलाओं के चरित्र पर सवाल उठाए जाते हैं। उन्हें महत्वाकांक्षी बताया जाता है, उन्हें कहा जाता है कि उन्हें अपने घर-परिवार की कोई चिंता नहीं है, उनकी काबिलियत पर शक किया जाता है यह सब भी नारी को अपमानित करने जैसा ही है। ये कहां तक सही है? यह सवाल आज मैं पूछ रही हूं। कल समाज की सारी स्त्रियां पूछेंगी और उसके बाद पूरा देश नारी के हक में एकजुट हो जाएगा।

उस दिन नारी को गलत समझने व कहने वाले लोगों को चुप्पी साधनी पड़ेगी और उनके समर्थन में आने वाले व्यक्तियों को गर्व की अनुभूति होगी। इसी तरह हम वर्ष दर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते रहेंगे और स्त्रियों के विषय में हर क्षेत्र में उनकी चर्चा करते रहेंगे। जहां कहीं भी महिलाओं को किन्हीं समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, तब-तब एक नारी एक देवी, एक मां, एक बेटी, एक पत्नी और एक कर्मठ के रूप में हमारे समाज में नजर आएंगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**मैं** नगरोटा बगवां के वार्ड नंबर 7 का निवासी हूं। जबसे हिमाचल से दैनिक अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हुआ है, तब से मैं इस अखबार का नियमित पाठक हूं। आपके द्वारा हाल ही में शुरू किए गए नए साप्ताहिक कॉलम अनंत आरोग्य जहां लोगों को बेहतर को हेल्थ बनाने रखने के टिप्स देता है, तो वहीं अनंत एजुकेशन बच्चों को करियर के रास्ते दिखाता है। यह बेहद जरूरा था, जिसकी कमी अक्सर अखबार में खलती थी। इन दोनों कॉलमों के चलने से पाठकों की जिज्ञासा शांता हो रही है। मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि आप बुजुर्गों के लिए भी कोई कॉलम चलाने की व्यवस्था करें। कई बार नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान अखबार मुझे एजेंसी वालों के पास नहीं मिलता, कृपया इस ओर भी विशेष ध्यान दें। हालांकि पीडीएफ के रूप में सॉफ्ट कॉपी मुझ तक पहुंच जाती है, लेकिन जो मजा हार्ड कॉपी पढ़ने में है वो सॉफ्ट कॉपी में नहीं। किसानों के लिए भी आपने अनंत कृषि कॉलम शुरू किया है, जिसके लिए आपकी सारी टीम बधाई की पात्र है। अखबार के पन्नें अगर 16 हो जाएं तो सोने पे सुहागा हो जाएगा। कृपया मेरे सुझावों पर गौर करें। अखबार में महिलाओं के लिए सामग्री बहुत कम आ रही है, कृपया महिलाओं के लिए भी और ज्यादा कॉलम चलाए जाएं। दूसरी अखबारें हफ्ते में दो बार चार पेज की मैग्जीन भी निकालती हैं, भविष्य में इस बारे भी गौर करने की जरूरत है, क्योंकि इससे पाठक वर्ग को पढ़ने के लिए ज्यादा तथा ज्ञानवर्धक सामग्री मिल जाती है। मेरे सुझाव अगर आपको अच्छे लगें तो इन पर जरूर अमल करें।



**धनी राम**
**नगरोटा बगवां**

**अनंत** ज्ञान दैनिक समाचार पत्रऔर टीवी चैनल ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अटूट समर्पण और असाधारण कार्य से न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाचार पत्र ने कम समय में ही जो अपनी पहचान बनाई है वह सराहनीय है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं। क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लगन व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है/ इसमें कोई शक नहीं। इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।



**ओम प्रकाश भट्टी**
**डगशाई, सोलन**
**मोबाइल : 98160 60056**

**महोदय,** हमारे इलाके में लावारिस पशुओं की समस्या बहुत ज्यादा हो गई है। इससे आए दिन यहां छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। रात को वाहन चालकों को वाहन चलाना मुश्किल हो गया है, क्योंकि ये लावारिस पशु सड़कों पर आ जाते हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि कृपया इस मसले को अपनी अखबार में जरूर उठाएं। दूसरी बात यह है कि यहां के दुकानदार नालियों में प्लास्टिक के रैपर फेंक देते हैं, जिससे बारिश होने पर नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगता है, जो बीमारियों का घर बन सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए भी जरूरी कदम उठाएं।



हमारा इलाका धर्मशाला शहर से सटा है, लेकिन यहां समस्याएं बहुत ज्यादा हैं। धर्मशाला को बेशक स्मार्ट सिटी का तमगा हासिल हो गया है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यह शहर अभी स्मार्ट नजर नहीं आता। यहां बाजार में बार-बार ट्रैफिक जाम लगता रहता है, जिससे गाड़ियों का शोर-शराबा बढ़ जाता है और साथ ही उनसे निकलने वाले धुएं से लोगों का दम घुटने लगता है। हमारे यहां अनंत ज्ञान पढ़ने वालों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। लोग अनंत अखबार को पढ़ना चाहते हैं, कृपया सर्कुलेशन टीम को यहां भेजकर अखबार की प्रति पहुंचाने की व्यवस्था करें। अखबार में जनहित के जुड़े मसले उठाते रहें।

**मनोज चंदेल, योल कैंट**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के दुष्प्रभाव पर लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर ने हेरोइन नशे पर लगाम लगाने को लेकर विशेष अभियान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुलिस थाना सुंदरनगर के थाना प्रभारी नानक चंद ने अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर 1 बाड़ी में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में स्थानीय वार्ड के लगभग 50 लोगों ने शिरकत की। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी एवं इंस्पेक्टर नानक चंद ने कहा कि इस जागरूकता शिविर में हेरोइन नशे को लेकर लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत तौर पर जानकारी दी गई। इस शिविर का आयोजन सिहारल पार्क में किया जहां लोगों ने काफी अधिक संख्या में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता से ही हेरोइन के नशे पर करारा वार किया जा सकता है। इसके लिए पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है।

### वृद्धाश्रम भंगरोटू में राशन और जूस किया वितरित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एक कदम संस्था की ओर से वृद्धाश्रम भंगरोटू, बल्ह वैली कल्याण सभा द्वारा संचालित में एक कदम के फाउंडर मेंबर अध्यापक महेंद्र कुमार चंदेल, इंजीनियर राहुल शर्मा एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने एक सप्ताह के लिए राशन, फल एवं जूस वितरित किया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता पर करवाई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में सड़क व परिवहन नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नारा लेखन, रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे जनसहभागिता से ही प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय, और फरहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पल्लवी प्रथम, स्वाति द्वितीय, और आंचल तृतीय स्थान पर रहीं।

### वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग पर बस चलाने की मांग

**रूपी ठाकुर, बरोट।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटिंगरी के अंतर्गत आने वाले वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग में एक सरकारी बस चलाने की मांग को स्थानीय लोगों ने जोरदार ढंग से उठाना शुरू कर दिया है। वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग पर बस की सुविधा मिलने से कढ़ियाण, सच्याण, लपास, नोट, सच्याण गहर, कशामल, गलू तथा रूलिंग गांवों के लगभग दो हजार लोगों को लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार इन गांव वासियों की जोरदार मांग पर सरकार ने जिला मंडी के सबसे ऊंचे दुर्गम गांव रूलिंग को सड़क मार्ग से तो जोड़ दिया है मगर इस सड़क मार्ग में सरकार बस सुविधा शुरू करना भूल गई है। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों ने किया हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय उच्च पाठशाला देवीदड़ के 34 विद्यार्थियों ने अपने 9 शिक्षकों के साथ सोमवार को मंडी के बिंद्रावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण किया। विद्यार्थियों अपने फोटो गैलरी के भ्रमण के दौरान हिमाचल के बारे में विविध जानकारी प्राप्त की। उन्होंने हिमाचल के प्राचीन मंदिरों, स्मारकों, किलों, कुदरती झीलों, नदियों, दर्रों, भौगोलिक सौंदर्य, जनजीवन, मेलों, त्योहारों, उत्सवों, लोक नृत्यों, नाटकों, वेशभूषा, विकास व विविध संस्कृति को एक ही छत के नीचे देखा, समझा व उसके बारे में जानकारी प्राप्त की।

### यातायात नियमों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा 'मोटर वाहन अधिनियम एवं यातायात नियम' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर आर कौशल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाना और उनको यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की प्रेरणा देना था। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता पवन ठाकुर मुख्य वक्ता रहे, उन्होंने विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम 1988 और उसके संशोधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. राजीव राणा के अलावा प्रो नीरज, प्रो राजेश कुमार, प्रो संजीव कुमार और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### डॉजबॉल संघ मंडी की लता देवी बनी अध्यक्ष



**विनोद जसवाल, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश डॉजबॉल संघ जिला मंडी इकाई की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल चौहान की अध्यक्षता में धनोटू में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश के चेयरमैन संजय कुमार, महासचिव राम सिंह चौहान और मीडिया प्रभारी मनोज कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर विनोद जसवाल, कोषाध्यक्ष अभिनंद और बृजलाल कान्चा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में जिला मंडी की पिछले कई दिनों से कार्यकारिणी की निष्क्रियता को लेकर विस्तार में चर्चा की गई। सर्वसम्मति से लता देवी को प्रधान, पुनीता और संजय नायक को उपप्रधान, अर्पित चौहान को महासचिव, सुषमा कोषाध्यक्ष, पूनम,आशीष चौधरी को सह सचिव, प्रशांत मंडयाल प्रेस सचिव, अजय अटल को तकनीकी चेयरमैन, सुनील चौहान कानूनी सलाहकार, रवि डोगरा तकनीकी सलाहकार, मोहित, भूपेंद्र कुमार, चंचल और अभिषेक चौधरी को सदस्य नियुक्त किया गया।(अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर में तिब्बत की आजादी के लिए गूंजे नारे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**





रोष जताने के दौरान मौजूद तिब्बती समुदाय के लोग।

- सैकड़ों तिब्बतियों ने किया रोष-प्रदर्शन
- कहा-चीन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ वैश्विक स्तर पर उठाई जाए आवाज

जोगिंद्रनगर सोमवार को तिब्बती समुदाय ने सोमवार को जोगिंद्रनगर में चीन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और तिब्बत की आजादी के लिए आवाज बुलंद की।

चौंतड़ा से जोगिंद्रनगर बाजार तक तिब्बती नागरिकों ने रैली निकालकर विरोध जताया और रामलीला मैदान में सभा का आयोजन किया। रैली के समापन पर रामलीला मैदान में एक सभा हुई, जहां प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल का स्वागत किया गया। उन्हें शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तिब्बती राष्ट्रीय जनक्रांति दिवस की औपचारिक शुरुआत की गई।

तिब्बती समुदाय ने उन लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिन्होंने तिब्बत की आजादी के लिए आत्मदाह किया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चीन के कब्जे के बाद तिब्बतियों को बुनियादी सुविधाओं और मानवाधिकारों से वंचित कर दिया गया है। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा, तिब्बत केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि एक संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्णय का प्रतीक है। तिब्बत की आजादी केवल तिब्बती समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता की जीत होगी। चीन के दमन के खिलाफ हमारा समर्थन हमेशा तिब्बतियों के साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि तिब्बत संघर्ष शांतिपूर्ण और न्यायसंगत है, जिसे दुनिया को सुनना चाहिए और समर्थन देना चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 10 मार्च 1959 को तिब्बती जनता ने चीन के कब्जे के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध किया था। उसी ऐतिहासिक दिन की याद में हर साल 10 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस बार 66वें तिब्बती राष्ट्रीय जनक्रांति दिवस पर तिब्बती समुदाय ने अपनी आजादी की मांग दोहराई और चीन की नीतियों की आलोचना की।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि तिब्बत में अब भी लोगों को जीने की मूलभूत सुविधाओं का अधिकार नहीं है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि तिब्बत की आजादी के लिए समर्थन दिया जाए और चीन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ वैश्विक स्तर पर आवाज उठाई जाए।

## मोबाइल चलाने से रोकने पर लगा दी नदी में छलांग

- विक्टोरिया ब्रिज से 600 मीटर दूर शव बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में एक युवती ने ब्यास नदी में कूदकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात को नव्या शर्मा को उसके पिता रोहित शर्मा ने देर रात तक फोन चलाने के लिए डांटा और कहा कि रात बहुत हो गई है आजकल परीक्षा का समय है। डांटते हुए उन्होंने फोन छीन लिया और सोने के लिए कहा।

तत्पश्चात परिजनों ने देखा कि नव्या अपने कमरे में नहीं है। इस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस की सहायता से सीसीटीवी खंगाले गए, उसमें नव्या विक्टोरिया पुल की ओर जाती हुई दिखी। सब सीसीटीवी खंगालने पर स्थिति और स्पष्ट हो गई।

पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया, गोताखोरों की सहायता से नव्या का शव विक्टोरिया ब्रिज से 600 मीटर दूर बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। नव्या गोहर की रहने वाली थी। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

# खुड्डी खाहन की पंचायत ने दिल्ली में बढ़ाई शान

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

- प्रधान मीना शर्मा ने लिया राष्ट्रीय बैठक में भाग



सरकाघाट की ग्राम पंचायत खुड्डी खाहन की प्रधान मीना शर्मा ने आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायत के दिल्ली में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला मंडी से मात्र दो प्रधान तथा प्रदेश भर से कुल पांच प्रधानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत, हर जिले में एक आदर्श ग्राम पंचायत विकसित की जाएगी। आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श ग्राम पंचायत स्थापित करना है, जो महिलाओं और लड़कियों दोनों के लिए अनुकूल हो।

राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के चयनित ग्राम पंचायतों के 1500 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने फिजिकल और वर्चुअल मोड में भाग लिया।

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल उपस्थित थे। सम्मेलन में आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम और भारत में इन महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों की प्रगति का आकलन करने के लिए एक व्यापक तत्क्षण निगरानी डैशबोर्ड सहित पहलों का अनावरण किया गया। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी और कल्याण को मापने, विश्लेषण करने और सुधारने के लिए एक तकनीकी क्रियाकलाप है। मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायत के लिए चयनित पंचायतों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इसके लिए 10 हजार की राशि भी दी गई थी, इसमें पंचायत प्रतिनिधियों को बताया गया कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं के उत्थान के लिए कैसे योजना निर्माण किया जाए।

उन्होंने महिला प्रधानों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन योजना, आयुष्मान भारत और आंगदान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को अपने गांवों में बढ़ावा दें।(अनंत ज्ञान)

## लोगों की चौहार घाटी में पशु चिकित्सालय खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट**

चौहार घाटी में पशु चिकित्सालय खोलने की मांग काफी समय से चली आ रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्राथमिकता के आधार पर पशु चिकित्सालय खोलने की एक बार फिर से सरकार से मांग उठाई है।

इस दुर्गम घाटी की चार पंचायतों खलैहल, बरोट, लपास तथा वरधान के अंतर्गत लगभग 60 गांव आते हैं। यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन व खेतीबाड़ी करना है, मगर पशु चिकित्सालय न होने से पशुपालकों को पशुओं के बीमार होने पर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पशुपालक गुड्डू राम, सुंदर लाल, शेर सिंह, पृथ्वी पाल, लछमन राम तथा धनी राम का कहना है कि सरकार ने घाटी में पशु औषधालय तो खोल रखे हैं मगर इनमें पर्याप्त मात्रा में दवाइयां नहीं मिल पाती है ऐसी स्थिति में पशुपालकों को 40 से 50 किलोमीटर दूर पद्दर या फिर जोगिंद्रनगर जाना पड़ता है।

बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद ने सरकार से आग्रह किया है कि बरोट में एक बेहतर पशु चिकित्सालय को प्राथमिकता के आधार पर खोला जाए।

## विशेष शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** संयुक्त क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) सुंदरनगर में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से 10 दिवसीय प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसमें प्रदेशभर के 40 विशेष शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्टार्स परियोजना दिव्यांगता के बारे में प्रशिक्षित करने से संबंधित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ आभासी माध्यम से समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के निदेशक राजेश शर्मा ने किया। उन्होंने सीआरसी सुंदरनगर के कार्यों एवं दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में किए जा रहे योगदानों की प्रशंसा की।

## नगर निगम कार्यालय में 13 लाख से निर्मित लिफ्ट शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



लिफ्ट का शुभारंभ करते वीरेंद्र भट्ट।

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने मंडी कार्यालय में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से बनी नवीन लिफ्ट का उद्घाटन किया। इस लिफ्ट का निर्माण शहर के नागरिकों, खासकर दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए किया गया है, ताकि वे नगर निगम कार्यालय तक अपनी समस्याओं को आसानी से पहुंचा सकें।

इस मौके पर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि यह लिफ्ट नगर निगम कार्यालय में आने वाले नागरिकों को विशेष रूप से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए बड़ी राहत प्रदान करेगी। पहले, जिन लोगों को भवन की ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में कठिनाई होती थी, अब उनके लिए यह सुविधा एक वरदान साबित होगी। महापौर ने बताया कि इस लिफ्ट के निर्माण से न केवल जनसुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि यह शहर के समग्र विकास की दिशा में एक कदम और बढ़ेगा। लिफ्ट के उद्घाटन के साथ, महापौर ने नगर निगम की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वे शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे और ऐसे सुविधाओं का निर्माण करते रहेंगे, जो लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना सकें।

इस अवसर पर उपमहापौर माधुरी कपूर, पार्षद राजेंद्र मोहन, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, नेहा कुमारी, दीपाली जसवाल, कृष्णा भानु, यशकांत कश्यप, नितिन भाटिया, दिनेश पटियाल, संजय शर्मा, नगर आयुक्त एचएस राणा, सहायक अभियंता नरेश व निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छेश्चू मेले का प्रकाश चौधरी ने किया समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला रिवालसर आज विधिवत रूप से संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने की।

उन्होंने कहा कि त्रिवेणी नाम से विख्यात धार्मिक स्थल रिवालसर में बौद्ध धर्म गुरु पद्मसंभव के जन्मदिन के रूप में इस मेले का आयोजन हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह और लोमष ऋषि की तपोस्थली के नाम से रिवालसर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भी है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बल्ह का विकास कांग्रेस की देन है और जो भी विकास हुआ है वह राजा वीरभद्र के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

उन्होंने कहा आज प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू हैं और उनकी दूरदर्शी सोच के कारण प्रदेश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है। मेले के दौरान महिला मंडलों, स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पहाड़ी गीत में अभय मॉडलिंग में डिंपल अव्वल

**अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय महाविद्यालय बासा में केंद्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) ने समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. पूर्ण चंद ने शिरकत की। कार्यक्रम में गजल गायकी, पहाड़ी गीत, पंजाबी डांस, एकल नृत्य, पहाड़ी नाटी, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल पहाड़ी गीत में अभय प्रथम, भूमिका दूसरे और चितरंजन तीसरे स्थान पर रहे। मॉडलिंग में डिंपल प्रथम, वंशिका दूसरे तथा चंद्रेश तीसरे स्थान पर रहे। पहाड़ी डांस में रोहित और नेहा पहले स्थान पर रहे हैं।

## वल्लभ कॉलेज में लगाई वार्षिक चित्रकला प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



वल्लभ महाविद्यालय मंडी के चित्रकला विभाग द्वारा बहुप्रतीक्षित वार्षिक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा निर्मित सौ से अधिक उत्कृष्ट चित्रों का प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शनी में अद्भुत विविधता देखने को मिली, जिसमें मनमोहक परिदृश्य, बारीक पेंसिल से बनाए गए सुंदर चित्र और मंडी के ऐतिहासिक स्थलों तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली जलरंग चित्रकृतियां शामिल थी। कार्यक्रम का उद्घाटन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्य प्रो. सुरीना ने किया और छात्रों की सृजनात्मकता व समर्पण की सराहना की। चित्रकला विभाग के सहायक प्रो. डॉ. मुजीब हुसैन ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किए जाने के बाद विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## पेंशनरों ने महंगाई भत्ते का भुगतान न होने पर जताया रोष

**कविता, पधर**



बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर सामूहिक चित्र में।

हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग खंड की बैठक प्रधान एमसी चौहान की अध्यक्षता में विश्राम गृह द्रंग में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

पेंशनरों ने जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक के 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए), वेतनमान में वृद्धि के बकाया भुगतान और लीव इनकैशमेंट के लाखों रुपए लंबित होने पर गहरा रोष प्रकट किया। संघ के सदस्यों ने सरकार के उदासीन रवैये की कड़ी निंदा की और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई।(अनंत ज्ञान)

## बीमार मतदाताओं को घर से मतदान करने की हो सुविधा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी की अध्यक्षता में आज 31-जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मतदान प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कई अहम सुझाव दिए तथा इन सुझावों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस बात की पुष्टि करते हुए निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीष चौधरी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मतदान प्रक्रिया में व्यापक सुधार लाने के लिए उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान देने की सुविधा का सुझाव दिया। वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर से ही मतदान देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही सुझाव दिया कि मतदान के समय किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित, चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं को भी घर से ही मतदान देने की सुविधा प्रदान की जाए।

मनीष चौधरी ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए इन सुझावों को उचित प्रक्रिया के माध्यम से चुनाव आयोग तक पहुंचाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों की अहम भूमिका रहती है, ऐसे में चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में व्यापक सुधार लाने के लिए बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

## लापता हुए युवक का शव बरामद

**नेरचौक।** मंडी जिला के उपमंडल बल्ह के अंतर्गत आते गांव मंदिर टांडा से लापता युवक का शव घर से कुछ दूर जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला है। मृतक की पहचान ललित कुमार (37) पुत्र कृष्ण के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के अनुसार ललित कुमार 5 मार्च को अपनी बाइक पर घर से निकला था और उसी दिन से गायब था। वहीं पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में लिया। डीएसपी भारत भूषण का कहना है कि मामले में कार्रवाई जारी है।

**मसला** कलस्वाई में विभाग ने अवैध घोषित किए लोगों के घर : भूपेंद्र सिंह

# किसान सभा ने नोटिसों का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर नगर पंचायत के कलस्वाई वार्ड में आजादी के पहले से बसे अनुसूचित जाति के एक दर्जन गरीब परिवारों के घरों को अवैध कब्जे वाले घर घोषित करने का अजीबोगरीब कारनामा धर्मपुर के राजस्व विभाग ने किया है और इन परिवारों को वहां से हटने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं और हरगज इन्हें यहां से हटने के लिए दबाव डाला जा रहा है।

हिमाचल किसान सभा ने कड़ा विरोध किया है और मांग की है कि इन गरीब परिवारों को वहां से बेदखल करने के फैसले को तुरंत बदला जाए और जारी नोटिस रद्द किए जाए। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह व किसान सभा व भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अनिल कटवाल व सह संयोजक रंगीला राम ने प्रभावित परिवारों से गांव में जाकर मुलाकात की और उन्हें हर प्रकार की मदद करने और किसी भी सूरत में घर खाली न करने के लिए कहा क्योंकि अब सुप्रीम कोर्ट से इस प्रकार के कब्जों से बेदखली पर रोक लग गई है।

किसान सभा द्वारा 6 मार्च को किए अधिवेशन में बेदखली के खिलाफ अभियान चलाने और विधानसभा शिमला पर 20 मार्च को प्रदर्शन करने और वहां पर इस मुद्दे को भी उठाने के बारे लिए निर्णय के बाद आज इन सभी प्रभावितों से कलस्वाई में जाकर मीटिंग की जिसमें निर्णय लिया गया कि अगले कल यानी 11 मार्च को इस बारे एसडीएम धर्मपुर को एक मांगपत्र दिया जाएगा और इन नोटिसों को रद्द करने की मांग की जाएगी।

गांववासी प्रकाश, प्रेमपाल, लीला, संजय, सोहन सिंह, रीना, रामलाल, संजीव, सुमना, अनिल, सपना, रेलमा, रेणुका, शीला इत्यादि ने सरकार से मांग की है कि वे इन नोटिसों को रद्द करें और जमीन उपलब्ध करवाई जाए।

### जबरदस्ती बेदखली पर होगा संघर्ष

**किसान** सभा ने निर्णय लिया है कि वे इन परिवारों की जबरदस्ती बेदखली की शिकायत मानवाधिकार और अनुसूचित जाति जनजाति आयोग में भी करेंगे और इन्हें कुल का भवन व परिसर बनाने के लिए उजाड़ने का विरोध किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर संघर्ष भी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले हिमाचल प्रदेश में चल रही बेदखली की मुहिम पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी है जिस कारण भी राजस्व विभाग के कर्मचारी इन परिवारों को यहां से हटने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं।

## मेले के लिए कलाकारों के ऑडिशन हुए शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला-2025 के आयोजन को लेकर गायकों के ऑडिशन सोमवार से शुरू हो गए हैं। इसका आयोजन राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज सुंदरनगर में किया गया। ऑडिशन के पहले दिन 60 से अधिक कलाकारों ने प्रतिभा दिखाई।

जानकारी देते हुए एसडीएम एवं राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर के अध्यक्ष अमर नेगी ने बताया कि कलाकारों के ऑडिशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महादेव की संगीत प्रवक्ता ललिता, स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश शर्मा और डीपीएस पब्लिक स्कूल के संगीत प्रवक्ता सुनील कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## विजय सहदेव बने रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



विजय सहदेव को सम्मानित करते हुए रोटरी क्लब मंडी के अजय ठाकुर व अन्य।

जोगिंद्रनगर हिमाचल, पंजाब, जम्मू और लेह-लद्दाख के करीब 126 रोटरी क्लबों के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के चुनाव में रोटेरियन विजय सहदेव ने जीत हासिल की है।

उन्हें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के सत्र 2027-28 के लिए गवर्नर चुना गया है। यह चुनाव पंजाब के अमृतसर में हुए दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संपन्न हुआ। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और चार्टर अध्यक्ष अजय ठाकुर ने जानकारी दी कि विजय सहदेव आगामी सत्र में मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना समेत पंजाब, जम्मू और लेह-लद्दाख के अधीन आने वाले रोटरी क्लबों की बागडोर संभालेंगे। इस चुनाव में मंडी जिले के जोगिंद्रनगर, सुंदरनगर, नेरचौक, सुकेत, मंडी-1, मंडी-2 और कांगड़ा जिले के पालमपुर, शाहपुर, धर्मशाला सहित कई रोटरी क्लबों के अध्यक्षों ने मतदान किया।

चुनाव में विजय सहदेव को 85 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पवन कपूर को 39 वोट और तीसरे उम्मीदवार आत्मजीत सिंह को 10 वोट प्राप्त हुए। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों पीडीजी अरुण कपूर (अमृतसर), पीडीजी डॉ. यूएस घई (जालंधर) और पीडीजी डॉ. दुष्यंत चौधरी (जम्मू) ने की। इस अवसर पर मौजूदा सत्र 2024-25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परविंदर सिंह ग्रोवर, 2025-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोहित ओबेरॉय और 2026-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल सिंगल भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक और व्यापारी की मौत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के पास पंचायत नारी चिंतपूर्णी में 38 वर्षीय युवक समीर उर्फ विक्की की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को परिवार ने दिए बयान के मुताबिक समीर शराब का आदी था। एसएचओ जयराम कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि समीर की मौत किस वजह से हुई है और उसके बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, चिंतपूर्णी में पिछले 25 वर्षों से रहने वाले और जीरा धर्मशाला के आगे बैग बेचने का काम करने वाले 75 वर्षीय कस्तूरी लाल पुत्र शांतिराम, फतेहगढ़ चूड़ियां, बटाला, गुरदासपुर का रविवार रात को निधन हो गया। मोईन चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और देहरा हॉस्पिटल पोस्टमार्टम करवाए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

### पेंशनर्स की सभी देनदारियां दे सरकार : संघ

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड हरोली के प्रधान कश्मीरी लाल सोनी ने हिमाचल सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो देनदारियां पेंशनर्स के प्रति देय हैं, उनका निपटारा जल्द करें। देय राशि का प्रावधान इस बजट में किया जाए, क्योंकि पेंशनर्स के मन में सरकार के प्रति अधिक रोष है। सरकार इन देनदारियों को देने में सहानुभूति पूर्वक विचार करे तथा सभी देनदारियां जल्द दी जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा न हो की पेंशनर्स को रोष प्रकट करने के लिए सड़कों पर न उतरना पड़े। यह न ही सरकार के लिए ठीक होगा, न ही पेंशनर्स के लिए। उन्होंने कहा कि इन देनदारियों में 2016/2022 तक के रिटायर्ड पेंशनर्स का हर प्रकार का बकाया डी ए 11 प्रतिशत तथा दो किस्तों का बकाया मेडिकल बिलों का भुगतान, मेडिकल भत्ता बकाया तथा अन्य मांगों के प्रति सरकार को सूचित कर दिया गया है। सरकार इन मांगों पर जल्द विचार कर इन्हें ताकि सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे।

### नायसा मल्टीप्लास्ट में कल भरे जाएंगे 32 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज नायसा मल्टीप्लास्ट बेला बाथड़ी में स्टील बफिंग ऑपरेटर, इलेक्ट्रो वाश ऑपरेटर और स्टील मशीन ऑपरेटर के 32 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 12 मार्च को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और आयु सीमा 21 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधारकार्ड, दो पासपोर्ट फोटो और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98574-45630 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मैड़ी मेले में तिल धरने की जगह नहीं, चेन स्नेचर सक्रिय

## श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद से गंदगी से पटा मेला क्षेत्र, भीख मांगने वाले भी कर रहे भक्तों को परेशान

**विवेक शर्मा, मैड़ी**

उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में चल रहे होला मोहल्ला मेला का आज चौथा दिन है। पंजाब सहित अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी है। शनिवार शाम से ही मैड़ी के बैरी साहिब, मंजी साहिब, कुजासर, चरण गंगा आदि स्थानों पर दर्शनों के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि आज को श्रद्धालुओं की संख्या में बीते कल के मुकाबले कमी देखी गई है।

भीड़ अधिक होने के चलते मेला क्षेत्र में गंदगी भी काफी अधिक फैलना शुरू हो गई है। वैसे तो पंचायत समिति ने मेला क्षेत्र में लगभग 100 सफाई कर्मियों को तैनात किया है, तो वहीं पंजाब की एक संस्था ने भी 100 सफाई कर्मी निशुल्क तौर पर तैनात किए हुए है, बावजूद इसके मेला क्षेत्र में गंदगी के ढेर लग रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधक का कहना है कि कचरा फेंकने की उचित जगह न होने के कारण लोग कचरा जगह-जगह फेंकना शुरू कर देते हैं।



बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में माथा टेकने पहुंचे बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालु अपनी बारी के लिए कतारों में इंतजार करते हुए।

इस वजह से गंदगी के ढेर लगना शुरू हो जाते हैं। बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में कुछ असामाजिक तत्व भक्तों को लूटने के लिए भी पहुंचे हुए हैं, जिन पर शिकंजा कसा जाएगा। पंजाब के फाजिल्का से आए हुए जत्थे की एक महिला ने बताया के मेले में भीड़ होने के चलते किसी ने उनकी गले में डाली हुई चेन चोरी कर ली है। वहीं, कुछ लोग ऐसे मिले जिनकी भीड़ के चलते जेबें काट ली गई।

मेला क्षेत्र में जहां माथा टेकने आए भक्तों की भीड़ जुटी हुई है, वहीं मेला क्षेत्र में भीख मांगने वाले लोगों की भी भीड़ लग गई है। माथा टेकने आए लोगों का कहना है कि मेला क्षेत्र में जहां पैदल चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं मेले में आए भीख मांगने वाले लोग हाथ पकड़ कर रोक लेते हैं और तब तक आगे नहीं जाने दे रहे, जब तक कुछ ले नहीं लेते। कुछ तो ऐसे हैं, जो सौ रुपए तक मांगने लगते हैं और नहीं देने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। हालांकि मेला क्षेत्र में चाइल्डलाइन टीम इन भिखारियों को रोकने के लिए काफी प्रयास कर रही है, बाबजूद इसके ये भिखारी बच्चे उस जगह को छोड़कर दूसरी जगह वापस भीख मांगना शुरू कर देते हैं।

**चाइल्डलाइन टीम निभा रही अहम भूमिका :** भीड़ के अधिक संख्या में पहुंचने पर कई श्रद्धालुओं को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ रहा है। बाहरी राज्यों से आए लोग एक तरफ तो अपने सामान को संभालते हैं, तो काफी अपने साथ आए छोटे बच्चों को संभालते हैं।

इस के चलते काफी उनका सामान छूट जाता है, तो कभी उनके बच्चे छूट जाते हैं और गुम हो जा रहे हैं। गुम हुए बच्चों को उनके परिवार जनों तक पहुंचाने में मेला क्षेत्र में तैनात चाइल्डलाइन टीम बहुत अहम भूमिका अदा कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने होली मेले के दौरान ई-रिक्शा चलाने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, अंब।** बाबा बड़भाग सिंह में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने एक नई पहल शुरू की है, जिसमें बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छोटी गाड़ियों की पार्किंग से लेकर चरण गंगा तक व वापसी के लिए ई-रिक्शा चलाने की योजना है। एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने कहा कि एक व्यक्ति का एक तरफ का किराया अधिकतम 50 रुपए निर्धारित किया जाएगा। इसमें एक बार में 4 सवारियां ही सफर कर सकेंगी। एसडीएम अम्ब ने कहा फिलहाल 5 से 10 ई-रिक्शा को अनुमति दी जाएगी। अगर भीड़ ज्यादा होती है तो ई-रिक्शा की संख्या बढ़ाई जा सकती है। एसडीएम सचिन शर्मा ने कहा आने वाले दिनों में किस तरह की भीड़ रहती है और उस समय यातायात संचालन के लिए और भीड़भाड़ के समय ई-रिक्शा को कब रोकना है, यह तय करने के लिए हमें पुलिस से सहायता की आवश्यकता होगी।

### बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेला शुरू होने से रेल यात्रियों की बढ़ी तादाद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना की तहसील अंब के अंतर्गत पड़ते गुरुद्वारा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेला चार दिन पहले शुरू हुआ और यहां पंजाब के तीर्थयात्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। सड़क के माध्यम के साथ साथ-साथ जिले में चलने वाली विभिन्न रेलगाड़ियों के माध्यम से भी यात्री यहां माथा टेकने पहुंच रहे हैं। वहीं, श्री आनंदपुर साहिब में भी जल्द होला मोहल्ला मेला शुरू होने वाला है। ऐसे में रविवार रात्रि दौलतपुर चौक से दिल्ली जंक्शन के लिए चली गाड़ी संख्या 14054 हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी के सामान्य डिब्बों में भारी भीड़ देखने को मिली। इस रेलगाड़ी में सामान्य श्रेणी के आठ डिब्बे हैं और हर डिब्बे की हालत बेहद दयनीय बनी हुई थी। सीट न मिलने पर यात्री बैग रखने वाली जगह पर भी बैठने को मजबूर थे।

### यात्रियों की सुविधा के लिए मेला विशेष रेलगाड़ी चलाए अंबाला मंडल

प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी नवरात्र मेले भी आगामी दिनों में शुरू होने वाला है। इस मेले में प्रतिदिन 10 से 15 हजार श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं , ऐसे मे यात्रियों ने अंबाला मंडल से मेला विशेष ट्रेन चलाने की गुहार लगाई है ताकि हजारों यात्रियों को राहत मिले।

## टिकट वेंडिंग मशीन को लेकर उचित कदम उठाएगा रेलवे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय रेलवे व अंबाला मंडल द्वारा हाल ही में ऊना हिमाचल (यूएचएल) रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) स्थापित की गई थी। परंतु यात्रियों को इस मशीन का प्रयोग करना नहीं आता है, जिस वजह से उन्हें अनारक्षित टिकट नहीं मिल पा रही थी। काउंटर पर लंबी कतार लगने से यात्रियों को असुविधा हो रही थी। फरवरी माह के अंत में अनंत ज्ञान में यह खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार को जिला ऊना से लंबे समय से रेलवे संबंधित कई मुद्दों को सुलझाते आ रहे युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा ये मुद्दा भी रेलवे सेवा के माध्यम से उठाया गया।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

इस पर अंबाला रेलवे मंडल के अधिकारियों के साथ सकारात्मक बातचीत भी की गई है। अरूण कौशल द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए मशीन संचालक नियुक्त करने का भी सुझाव दिया गया ताकि यात्रियों को सुविधा मिले और किसी को भी लंबी-लंबी क़तारों में न खड़ा होना पड़े। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वे यूटीएस ( यूटीएस) ऐप के माध्यम से भी अपनी अनारक्षित ( अनरिजर्व्ड ) टिकट प्राप्त कर सकते हैं जिस से उन्हें काऊंटर या अन्य प्रकार से टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। वे सीधे रेलगाड़ी के सामान्य श्रेणी के डिब्बे में जाकर बैठ सकते हैं।

## अम्बेहड़ा सहकारी सभी बांटेगी लाभांश

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही**

द अम्बेहड़ा सहकारी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित उपतहसील जोल का सहकारी सभा का साधारण अधिवेशन प्रधान ताराचंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। सभा प्रधान ताराचंद ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया व सहकारी सभा में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की व सभी सदस्यों से अपील की है कि जिन सदस्यों के बच्चे 18 वर्ष के हो गए हैं, सभी सहकारी सभा के सदस्य दिलाने में सहायता करें।

सभी ऋणी सदस्यों से अपने ऋण का ब्याज का अतिदेय किस्तों को 31 मार्च तक सहकारी सभा में जमा करवाने की अपील की, ताकि सभा में दोषी ऋणियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई न करने पड़े। सभा सचिव अंशुल शर्मा ने एजेंडा बार सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सहकारी सभा सचिव विजय शर्मा ने अंकेक्षण रिपोर्ट अनुसार बताया कि 31 मार्च 2024 को सभा के 1562 सदस्य थे, जिनका भागधन 31 लाख 92 हजार 855 रुपए,



अम्बेहड़ा सहकारी सभा के अधिवेशन में पहुंचे लोग।

अमानतें 15 करोड़ 71 लाख 92281 रुपए, सुरक्षित व अन्य कोष 2 करोड़ 38 लाख 18361 रुपए। म्यादी व अन्य जमा राशि सहकारी बैंक व पीएनबी 7 करोड़ 58 लाख 8890 रुपए, रन सदस्य 4 करोड़ 70 लाख 59689 रुपए है।

सभा में आज लाभांश बांटने की घोषणा की व सभी एजेंडों की चर्चा के उपरांत पारित कर दिया व हाजिर हुए सभी सदस्यों को उपहार दिए गए। बैठक में इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक माशूक अहमद ब गौरव चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने घुलनशील नैनो यूरिया,डीएपी और अन्य उत्पादों बारे के बारे में किसानों को बताया व ड्रोन से छिड़काव के में बारे भी जानकारी दी गई।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विशेष तौर पर सभा उपप्रधान आत्माराम, कमेटी सदस्य किशोरी लाल, सुभाष चंद, छोटेलाल, देसराज, कृष्णलाल, स्थानीय पंचायत प्रधान अंजना शर्मा, उपप्रधान सतीश कुमार, पूर्व कर्मचारी नेता जान मोहम्मद, ओम प्रकाश, सहायक सचिव अंशुल शर्मा व शीतल सिंह ने भाग लिया।

## लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा वर्ष 2025.27 के लिए भारतीय खाद्य निगम से हिप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों तक खाद्यान्नों के परिवहन और ढुलान तथा निगम के गोदामों पर मजदूरी कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई है।

यह जानकारी देते हुए डीएफएससी ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 25 मार्च तक विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं, साथ ही वर्ष 2025.26 के लिए राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्यान्नों के परिवहन ढुलान तथा लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए 26 मार्च तक पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त निविदाएं 26 और 27 मार्च को अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जाएंगी।

## डीसी की खनन पर कार्रवाई तीन टिप्पर जब्त, वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को घालूवाल और बसाल क्षेत्र में स्वां नदी का निरीक्षण किया और खनन माफिया पर कार्रवाई करते हुए मौके पर तीन टिप्पर जब्त किए और 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह भी उनके साथ रहे।

उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और उनका संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अवैज्ञानिक खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए भी खतरा पैदा करता है। जिला प्रशासन अवैध खनन और खनन नियमों के उल्लंघन में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर रहा है और यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने खनन गतिविधियों की निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और अवैध खनन गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अवैध खनन गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें ताकि स्थानीय नागरिकों के सहयोग और सतर्कता से इसे पूर्णत: रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि अवैध खनन से निपटने के लिए जिला पुलिस प्रतिबद्ध है। पुलिस अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त निगरानी रख रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## डेरा रुद्रानंद आश्रम में ब्रह्मलीन सुग्रीवानंद को दी पुष्पांजलि



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल आश्रम डेरा बाबा रुद्रानंद के सुग्रीवानंद जी महाराज को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके प्रिय भजन भी गाए। क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा वाचक सुरेंद्र शास्त्री ने भिन्न-भिन्न प्रकार की कथाओं से श्रद्धालुओं के मन को शांत किया । उन्होंने कहा कि मनुष्य कि सभी को त्याग करना पड़ता है। यहां तक की भगवान भी मनुष्य रूप में धरती पर अवतरित हुए थे, उन्हें भी त्याग देना पड़ा परंतु उनकी तरह महाराज जी की आत्मा भी हमेशा हम सबको अपना आशीर्वाद देती रहेगी। ऐसा हम सबको विश्वास रखना चाहिए और वह अपनी कृपा हमारे पर हमेशा बनाए रखेंगे। इस अवसर पर कई महात्मा और संत महापुरुषों ने आश्रम पहुंचकर महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दिव्यांगता को पीछे छोड़ सफलता हासिल करने वाले सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चंद्रलोक कॉलोनी ऊना स्थित दिव्यांगों हेतू नेशनल करियर सर्विस सेंटर (एनसीएससी)में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीएससी ऊना के सहायक निदेशक रंजन चंकाकटी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चदल्ड वेलफेयर कमेटी ऊना की चेयरपर्सन एडवोकेट मीनाक्षी राणा व सदस्य रीना चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई।



समारोह में दिव्यांगों हेतू नेशनल करियर सर्विस सेंटर ऊना से शिक्षित-प्रशिक्षित होकर अलग-अलग कार्यक्षेत्र में रोजगार में समाहित हुई उन पांच सफल दिव्यांग महिलाओं को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जो अपनी दिव्यांगता को पीछे छोड़ अपने जीवन में मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त कर अन्य दिव्यांग महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि एनसीएससी के सहायक निदेशक रंजन चंकाकटी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके विभाग में सभी उच्च पदों पर केंद्रीय स्तर पर महिलाएं कार्यरत हैं तथा उनके नेतृत्व में यह सेंटर पूरे हिमाचल प्रदेश के दिव्यांगों के कल्याण व उत्थान के लिए कार्यरत है। उन्होंने इन्नर व्हील क्लब को साधुवाद देते हुए कहा कि जिन दिव्यांग महिलाओं को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है, उन्होंने वास्तव में न केवल अपने लिए सम्मानजनक जीवन की राह को चुना है,बल्कि अन्यों के लिए भी वह प्रेरणा की स्रोत बनी है।

उन्होंने कहा कि उनका सेंटर भविष्य में भी इन्नर व्हील क्लब के साथ मिलकर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम को इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर ने संबोधित करते हुए दिव्यांग महिलाओं के कल्याण के लिए सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर दिव्यांग महिलाएं आत्मनिर्भर व सम्मानजनक जीवन जीकर अन्य के लिए प्रेरणा बनी हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। कार्यक्रम को दिव्यांग केंद्र के अनुदेशक उपिंद्र सिंह,इन्नर व्हील क्लब की सचिव शोभा सोनी,सदस्य मीरा मेहता,सुनीता शर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पहले क्लब सदस्यों ने इन्नर व्हील प्राथना से कार्यक्रम शुरू किया। क्लब सदस्यों ने मुख्यातिथि रंजन रंजन चंकाकटी,डिस्ट्रिक्ट चाईल्ड वेलफेयर कमेटी ऊना की चेयरपर्सन एडवोकेट मीनाक्षी राणा व सदस्य रीना चंदेल, उपिंद्र सिंह को शाल,टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### ये हुईं सम्मानित

सम्मानित होने वाली दिव्यांग महिलाओं में जिला कोषागार ऊना में कार्यरत भावना, प्लानिंग विभाग में कार्यरत दीक्षा देवी, उपायुक्त कार्यालय स्थित पहल कैंटीन ऊना में कार्यरत बबीता रानी, जेबीटी, बीए व एमए की शिक्षा प्राप्त कर रोजगार में समाहित दिव्यांग राकेश कुमारी तथा गुरु सन आर्किटेक्चर, प्लानिंग व इंटीरियर डिसाईनिंग का कार्य कर रही दिव्यांग महिला हिना कुमारी शामिल है।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एनसीएससी के सहायक निदेशक रंजन चंकाकटी, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ऊना की चेयरपर्सन एडवोकेट मीनाक्षी राणा व सदस्य रीना चंदेल, अनुदेशक उपिंद्र सिंह, संजीव कुमार, शशी कुमार,नरेश कुमार, गौरव कुमार, हरदीप कौशल, राजकुमार, हरभजन सिंह, इन्नर व्हील क्लब ऊना की अध्यक्ष रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, सुमन पुरी, अमरजीत बबली, सुनीता शर्मा, कमला कंवर, मीरा मेहता, रमा कालिया, निरूपमा महाजन, पीएनबी आरसेटी की प्रशिक्षु छात्राएं, एनसीएससी दिव्यांग केंद्र के दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## फ्रेंड्स क्लब की टीम पालमपुर क्लब को हराकर बनी कबड्डी विजेता



**अनंत ज्ञान, जोल**

यूथ क्लब जोल द्वारा तीसरे कबड्डी कप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कबड्डी क्लबों की 20 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ आचार्य शिव कुमार शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। फ्रेंड्स क्लब की टीम ने पालमपुर क्लब को फाइनल मैच में हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। यूथ क्लब जोल के सदस्यों रोहित लट्ठ, अभिषेक शर्मा, मोहित कौंडल, अनुकुल लट्ठ, साहिल शर्मा, अनिकेत लट्ठ, जतिन वर्मा, ब्रिजेश शर्मा, अमन शर्मा, नवनीत शर्मा, सुमित शर्मा, नरेश शर्मा व पवन कुमार द्वारा विजेता टीम को 21000 रुपए, ट्राफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया जबकि उपविजेता टीम को 14000 रुपए, ट्रॉफी व मेडल से नवाजा गया। केशव पंडित (करंट) को वैस्ट रेडर व प्रवल को बेस्ट डिफेंडर के रूप में चुना गया। प्रबुद्ध व्यक्तियों में राम पाल शर्मा, राघव ठाकुर, योग राज योगी, मनोज कुमार, आचार्य शिव कुमार, राम नाथ शर्मा, ज्ञान चंद, राकेश कुमार प्रधानाचार्य, सुभाष चंद, जोगिंदर देव व संतोख सिंह ने भी खिलाड़ियों व क्लब सदस्यों को सहयोग व आशीर्वाद दिया।

**रोष** न्यू कॉलोनी के निवासी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिले, बोले-

## कॉलोनीवासियों से किया जा रहा सौतेला व्यहवार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर परिषद संतोषगढ़ वार्ड आठ स्वां नदी के पास बनी न्यू कॉलोनी में कई सालों से आ रही समस्याओं को लेकर कॉलोनी निवासी सोमवार को नगर परिषद के जेई से मिले व समस्याओं से अवगत करवाया। कॉलोनी निवासी अश्वनी सैनी बताया कि कॉलोनी निवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कॉलोनी में लगी स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, सड़कों की रिपेयरिंग, साफ-सफाई की व्यवस्था मुहैया कराई जाए।

वहीं, मुख्य बाजार से कॉलोनी की तरफ आने वाले रास्ते में जगह-जगह बजरी, रेत के ढेर व मवेशी बंधे रहते हैं, जब भी हम कॉलोनी से बाहर निकलते हैं तो हमारा स्वागत मवेशियों के गोबर व सड़क पर पड़े मवेशियों के गंदे पानी के छींटों से होता है जिस कारण गाड़ियां व दोपहिया सवार लोगों परेशानी झेलनी पड़ती है क्योंकि



शहर में जाने के लिए छोटी बड़ी गाड़ियां इस कॉलोनी के बीच से होकर मुख्य बाजार के बीच जाती हैं । आपके ध्यानार्थ सीवरेज, पानी की पाइप व गैस पाइप दबाने के बाद सड़क की दुर्दशा खराब हो चुकी है।

संजीव वर्मा ने कहा कि कॉलोनी आने जाने के लिए एक ही रास्ता है। कई बार उस रास्ते के बीच शादी समारोह के लिए टेंट लगाकर रास्ते को पूरी तरह ब्लॉक कर देते हैं, जिस कारण हमारा आना-जाना बंद हो जाता है। अगर कोई भी शादी समारोह होता है कम से कम गाड़ी या दोपहिया वाहन जाने के लिए रास्ता छोड़कर टेंट लगाना चाहिए और उसे रास्ते पर बने स्पिट ब्रेकर को भी हटा देना चाहिए जो बिना वजह ही गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं ।

अगर इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो हम कॉलोनी के मुख्य द्वार पर गेट लगाकर अन्य वाहनों की आवाजाही बंद कर देंगे। कॉलोनी निवासियो ने अपनी मांगों का मनोरंडम नगर परिषद जेई के माध्यम से नप सचिव को भेजा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष निर्मला देवी, उपाध्यक्ष रजनीश चब्बा, कॉलोनी निवासी रीती सैनी, मक्खन, सुखदेव सिंह, फतेह सिंह, मनजीत सिंह, सतीश, प्रकाश सिंह, कमल प्रकाश , सुनील वर्मा, सुरेश, विधि चंद, दिलजीत, दर्शन सिंह, मनजीत कौर, तलविंदर कौर सहित अन्य मौजूद रहे।

### खुले में कूड़ा फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

नगर परिषद संतोषगढ़ कनिष्ठ अभियंता अर्श रत्न का कहना कि वार्ड 8 कॉलोनी निवासियों का मामला ध्यान में है। जिस मालिक ने प्लांट काटकर कॉलोनी बनाई है, वह हमें एनओसी व अन्य कागजात हमे सपुर्द करे ताकि हम वहां आ रही हर समस्या का समाधान कर सकें। रही बात मवेशियों की उनको पहले एक बार नोटिस जारी कर दिया गया था। अब दूसरी बार फिर नोटिस जारी कर जुर्माना डालकर पुलिस को साथ लेकर मवेशियों को हटाया जाएगा व सफाई व्यवस्था को सुचारु रूप से अमलीजामा पहनाने के शहर में गाड़ी द्वारा अलौसमेंट करवाई जाएगी जो खुले में कूड़ा फेंकते है, उन पर कानूनी कार्रवाई व जुर्माना लगाया जाएगा।

## धुंदला स्थित हनुमान मंदिर मोड़ पर सीसीटीवी लगाए विभाग : अरुण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा तहसील बंगाणा के अंतर्गत पड़ते गांव धुंदला में स्थित हनुमान मंदिर के साथ तीखे मोड़ पर रबर बेस के साथ परावर्तक प्लास्टिक विभाजक लेन डिवाइर्स लगाने की माँग सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से उठाई है।

धुंधला के रहने अरूण कौशल द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षों से इस मोड़ पर कई दर्जन दर्दनाक हादसे हो चुके हैं जिसमें कई लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि वो जल्द इस मामले की गंभीरता से देखते हुए यहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण कार्य करें ताकि दुर्घटना पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने यहां पर रात्रि दृष्टि वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग रखी है।

### स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर के तहत की सफाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान के तहत नगर निगम ऊना के सफाई मित्रों और स्थानीय वासियों के सहयोग से नंगल रोड़ पुल खड्ड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) ऊना और रामपुर पुल खड्ड तथा वार्ड नंबर 11 में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सफाई मित्रों ने 45 किलोग्राम सिंगल यूज पॉलिथीन तथा 3 क्विंटल अन्य कचरा एकत्रित किया। नगर निगम द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत एकत्र किए गए सिंगल यूज पॉलीथिन को कंप्रेस कर सीमेंट प्लांट भेजा जाएगा, जिससे इसे पुन: उपयोग में लाया जा सके।

सफाई पर्यवेक्षक विजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ऊना को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान को लगातार तेजी प्रदान की जा रही है। मुहिम के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी डोर-टू-डोर जाकर स्वच्छता का संदेश दे रही हैं और लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने को लेकर जागरूक कर रही हैं।

## मडग्रां में योर उत्सव की धूम, ग्रामीणों ने पारंपरिक लोक नृत्य कर परंपराओं का किया निर्वहन

# 15 फुट ऊंचा बर्फ का बनाया शिवलिंग

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में इनदिनों स्नो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मडग्रां गांव में योर उत्सव की खूब धूम मची हुई है। योर उत्सव की सांस्कृतिक-पारंपरिक अनुष्ठान के रूप में अपनी विशिष्टताएं हैं।

मडग्रां योर में लगभग 15 फुट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया जाता है व हर साल की तरह इस बार भी पारंपरिक रूप से इसकी पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही सामूहिक रूप से पारंपरिक नृत्य शैली में इसके चारों तरफ परिक्रमा करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में मुखौटा पहनकर प्रकृति की पूजा की जाती है। इसमें प्रार्थना के साथ यौरा (जौ की अंकुरित डालियां) फेंकी जाती हैं। यह परंपरा दोपहर तक पूरी की गई। दोपहर बाद दोबारा लोग एकत्र होते हैं तथा पुरातन वाद्ययंत्रों की ताल पर सामूहिक नृत्य करते हैं। मडग्रां का योर सर्दियों के मौसम की विदाई समारोह के रूप में लोगों ने भविष्य के लिए अच्छी फसल व खुशहाली की कामना के रूप में भी मनाया जाता है। लोग यहां योर उत्सव सदियों से मनाते आ रहे हैं। यह उत्सव पहले मूलिंग गांव से शुरू होकर मडग्रां में समाप्त होता है। (अनंत ज्ञान)



### देवताओं की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का ले रहे आशीर्वाद

लाहौल घाटी के मडग्रां में योर उत्सव की धूम मची हुई है। ग्रामीण वीर देवता, काली मां, मृकुला भवानी मां, बुहारी देवता और नाग देवता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद ले रहे हैं। रविवार और सोमवार को रस्मों की अदायगी हुई। यह देव कार्यक्रम सबके आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान मुखौटा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सोमवार को ग्रामीणों ने बर्फ के शिवलिंग के चारों और वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकते हुए परिक्रमा की। इसके साथ ही ईष्ट देवी-देवताओं सहित पितरों का नाम पुकार कर उन्हें जूब (यौरा) भी समर्पित किया। लाहौल के इतिहासकार मोहन लाल रेलिंग्पा ने कहा कि विरासत में मिली इस अमूल्य व विचित्र सांस्कृतिक धरोहर को आज संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। मड़ग्रां यौर गांव में बर्फ का विशाल शंकु, जिसे राश कहा जाता है, बनाकर मनाया गया। इस उत्सव से संबद्ध अनुष्ठान, नृत्य, खेल आदि इसी पर केंद्रित रहे। मडग्रा यौर में सभी देवों के साथ मृकुला भगवती तथा वीर कैलाश की भी पूजा की गई। मडग्रां यौर में पितरों के नाम से पुग, भुने जो के दाने और लुगड़ी अर्पित की गई। लोगों ने अपनी वंशावली की सूचियां लेकर शुर यौरा अर्पित किया। नृत्य के दौरान डोमणी बोमणी ताल वाद्य तथा पाऊंन बजाया गया।

## उदयपुर के मृदुल को मदद की दरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** युवक मृदुल पुत्र राजीव कुमार निवासी किशोरी उदयपुर उम्र 13 वर्ष को मदद की दरकार है। मृदुल 2013 से स्नायु विकार (पोंपे रोग) से पीड़ित है। वर्तमान में पिछले 13 दिनों से वेंटिलेटर पर श्वसन प्रणाली विफलता के कारण बच्चे को पीजीआई में भर्ती कराया गया है। घर पर लंबे समय तक उपचार के लिए कुछ चिकित्सा उपकरणों बीआईपीएपी मशीन मिनी वेंटिलेटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स की आवश्यकता है। दोनों चिकित्सा उपकरणों की तत्काल आवश्यकता है। पिता राजीव कुमार उपरोक्त उपकरणों का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं। युवक के दर्द को देखते हुए लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा आगे आई हैं। उन्होंने 50 हजार की राशि पीड़ित परिवार को भेजी। राजीव ने बताया कि बेटे के ईलाज में बहुत खर्च आ रहा है। वह अब इलाज करवाने में असमर्थ हैं। उन्होंने विधायक अनुराधा राणा का धन्यवाद किया। उन्होंने लोगों से मदद की गुहार लगाई है। उनका गूगल-पे नंबर 9816100305 है।

**विधायक अनुराधा ने भेजी 50 हजार की राशि**

## अटल टनल के पास सुविधाओं को लेकर डीसी ने अधिकारियों से की चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सोमवार को अटल टनल के पास सुविधाओं को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

गत दिनों डीसी ने पीओ हिम ऊर्जा को अटल टनल के साउथ पोर्टल क्षेत्र का दौरा कर यहां लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरे के संचालन के लिए बिजली की आवश्यकता का आकलन करने के निर्देश दिए थे तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से इसकी आपूर्ति करने के लिए स्पेसिफिकेशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, ताकि जल्द यहां कैमरे को स्थापित किया जा सके। बैठक में परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा ने जानकारी दी कि सोलर पैनल की स्पेसिफिकेशन तय कर इसके मुताबिक टेंडर की प्रक्रिया को अमल में लाया गया है। डीसी ने वन विभाग को केंद्र सरकार की यहां सुविधाएं सृजित करने के लिए आवश्यक ढांचे के निर्माण कार्य के लिए अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि अटल टनल के साउथ पोर्टल के क्षेत्र में स्वच्छता के साथ-साथ टॉयलेट निर्माण का कार्य प्रगति पर है तथा साथ ही सोलंगनाला में टॉयलेट की व्यवस्था पूर्ण रूप से कर दी गई है।

धुंधी में भी वेंडिंग जोन के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है, जहां पर वेंडिंग जोन बनाने के लिए जल्द आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में एसडीएम मनाली रमन शर्मा, डीएफओ एंजेल चौहान सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## फागली लोगों की एकता व भाईचारे को देती है बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के बुच्छैर में इन दिनों प्राचीन पर्व फागली की खूब धूम मची है।

क्षेत्र के युवा पदम प्रभाकर व देश राज का कहना है कि फागली पर्व पर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए देवता गांव से बाहर चक्र लगाते हैं। मुरूटीसेर नाग मंदिर देउरासह से शुभारंभ होते हुए लढ़ागी से बनास, रूमाली, निचली रूमाली, लफाली और बुच्छैर पंहुचते हैं। बुच्छैर में शाम को ढाए फेरे की नाटी के साथ विधिवत रूप से देउरा सह मंदिर पहुंचते हैं।

वहां पर मंत्रोच्चार के साथ फागली पर्व की समाप्ति होती है और देवता अगले तीन साल तक क्षेत्र को आशीर्वाद देते हैं। कारदार फाठी बुच्छैर रमेश का कहना है कि फागली उत्सव सुख- समृद्ध और दुराचारी व आसुरी शक्तियों को भगाने के लिए होता है। देवता क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए अगले तीन साल के लिए लक्ष्मण रेखा खींचते हैं। युवा पदम प्रभाकर ने कहा कि फागली लोगों की एकता और भाईचारे को बढ़ाती है। क्षेत्र के लोग एकजुट होकर इस परंपरा को निभाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### छेश्चू मेले में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. विशन नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति के डॉक्टर विशन शासनी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए रिवालसर छेश्चू मेले के अवसर पर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन मंडी व निंगमापा गोंपा कमेटी द्वारा धार्मिक गुरु दलाई लामा का थांका, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ खतक पहनाकर सम्मानित किया गया। विशन स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्होंने 20 वर्षों से अधिक सेवानिवृत्ति के बावजूद सामाजिक क्षेत्रों व समाज सेवा में अपनी भूमिका निभाई है। निंगमापा गोंपा के अध्यक्ष रमेश फारका ने बताया कि जो भी सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करेगा। गोंपा कमेटी हर वर्ष छेशु मेले के अवसर पर उन लोगों को सम्मानित करेगी।

### सड़क के नियमों का पालन करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई। सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ने किया। प्रतियोगिता में संजीता, अंकिता, मुस्कान, प्रिय, सुष्मिता, शिवानी, दिशा, शबनम समेत कई स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इनके अलावा साक्षी, निशा, सुमन, निकिता, देवेंद्र आदि भी शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. राजन देवी नेगी ने स्टूडेंट्स से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने समाज में भी इस विषय पर जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका ठाकुर, सुरेंद्र धीमान, राजेश चौहान, डॉ. मदन ठाकुर, राहुल शर्मा और डॉ. गौरव सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मनाली के सेथन को जल्द मिलेगी इंटरनेट व मोबाइल कनेक्टिविटी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के दूर दराज क्षेत्र सेथन को जल्द ही बीएसएनएल की 4जी सुविधा उपलब्ध होगी। इंटरनेट और अच्छी मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए सेथन गांव में बीएसएनएल का 4जी टॉवर लगने जा रहा है। सेथन के ग्रामीणों को 4जी टावर लगाने के लिए दूर संचार मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इंटरनेट और अच्छी मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए ग्रामीणों ने मंडी सांसद कंगना रनौत का आभार जताया। गांव सेथन जनजातीय कमेटी के प्रधान कमल सिंह बोध ने बताया कि गांव में 4जी टावर लगाने की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत से गांव सेथन के ग्रामीणों ने गांव में 4जी टावर लगाने व इंटरनेट और अच्छी मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए अनुरोध किया था।

उन्होंने बताया कि इंटरनेट व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सेथन गांव में उचित मोबाइल नेटवर्क न मिलने से ग्रामीण परेशान थे, अब 4जी सुविधा मिल जाने से ग्रामीणों की आवश्यक डिजिटल सेवाओं, शैक्षिक संसाधनों और व्यावसायिक कारोबार में लाभ होगा। यह सुविधा न केवल ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगी।



**सेथन के ग्रामीणों ने जताया सांसद कंगना रनौत का आभार**

## खरोगी में बैंक गई महिला लापता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** नग्गर पंचायत के खरोगी गांव से 5 मार्च को एक महिला लापता हो गई है।



गुमशुदा हुई महिला के पति भीर दास ने बताया कि उसकी पत्नी चुनी देवी 5 मार्च से गायब है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी 5 मार्च को पैसों को जमा करवाने के लिए बैंक गई थी, लेकिन उस दिन जब वह शाम तक घर नहीं आई, तो घर वालों ने उन्हें तलाशना करना शुरू किया और रिश्तेदारों से भी पता करने की कोशिश की, जब उन्हें उनका कोई पता नहीं चला तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस थाना पतलीकूहल को दी और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पतलीकूहल थाना प्रभारी रजत ने बताया कि पुलिस चुनी देवी की तलाश में जुटी है। हर पहलू की छानबीन की जा रही है।

## कुल्लू जिले में नर्सरियों का 80 फीसदी स्टॉक बिका

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

**जनवरी में कारोबार धीमा रहा फरवरी में पकड़ी रफ्तार**

जिले में 250 से अधिक नर्सरियों में सेब, प्लम, जापानी फल के पौधों का 80 फीसदी स्टॉक बिक गया है। कई नर्सरियों का पूरा स्टॉक समाप्त हो गया है। जनवरी महीने में कारोबार धीमा रहा, जबकि फरवरी में कारोबार ने गति पकड़ी।

फरवरी में मांग अधिक रहने से सेब, प्लम और जापानी फल के पौधे बिके। कुल्लू की नर्सरियों में 19 लाख से अधिक पौधे बिक्री के लिए रखे गए थे। कुल्लू, मनाली, बंजार, आनी आदि क्षेत्रों में बागवानों ने अपने बगीचों में नई पौध लगाई है। बागवानी से कुल्लू जिले की 80 फीसदी आबादी जुड़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बागवानी लोगों का मुख्य व्यवसाय है। बागवानी से बागवानों को करोड़ों की कमाई होती है। जिले की सब्जी मंडियों में करोड़ों का कारोबार होता है। सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के प्रवासी मजदूरों को भी अस्थायी तौर पर तीन से चार महीनों का रोजगार भी मिलता है। बागवान परमानंद ठाकुर, आशीष ठाकुर, विजय सिंह, मान चंद, वीर सिंह, चमन लाल, कर्म सिंह, देवी चंद आदि ने कहा कि 50 फीसदी बागवानों ने नई जगह पौधे लगाए हैं, जहां पहले पेड़ नहीं लगाए थे। 50 फीसदी पौधे बागवानों ने सेब के पेड़ों के बीच में ही लगाएं हैं। बड़े पेड़ सूख जाने की सूरत में बागवानों के लिए नए लगाए पेड़ काम आएंगे। उन्होंने कहा कि सेब के पौधों के बीच प्लम को बागवान तरजीह दे रहे हैं।

## तिब्बत में अत्याचार बंद करे चीन: पेमा नामग्याल

### ढालपुर में चीन के खिलाफ नारेबाजी कर उठाई आजादी की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में तिब्बती समुदाय के लोगों ने 66वें राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन किया।

वहीं ढालपुर के मैदान में चीन के खिलाफ नारेबाजी की। तिब्बत समुदाय के लोगों ने सोमवार को रैली निकालकर तिब्बत की गुलामी को याद करते हुए तिब्बत की आजादी को लेकर भी मांग की। रैली को संबोधित करते हुए तिब्बती सहायता समूह के उप-सलाहकार पेमा नामग्याल ने कहा कि तिब्बत में चीन का अत्याचार बरकरार है। तिब्बत में 1959 से लेकर आज तक तिब्बती लोगों का शोषण हो रहा है। तिब्बत के लोगों को जीने की मूलभूत सुविधाओं का भी अधिकार नहीं है न तो शिक्षा में आजादी है और न ही धर्म में आजादी है और न ही चलने-फिरने में आजादी है। चीन के लोगों के लिए सभी आजादी है, लेकिन तिब्बत के लोगों पर पहरा है और यह अत्याचार-1959 से ही चला है। तिब्बत के लोगों के लिए हर चीज में प्रतिबंध है। 1959 में चीन ने तिब्बत में घुसकर हमें गुलाम किया था और उसी दिन से हम आज तक इसका विरोध कर रहे हैं।

उस दौरान 1.2 मिलियन तिब्बती मारे गए थे। कुल्लू में भी 1500 के करीब तिब्बतियन रहते हैं और हर वर्ष गुलामी की यह वर्षगांठ विरोध कर मना रहे हैं। हमारी मांग है कि चीन के संविधान के अनुसार हमें तिब्बत के अंदर धर्म व कल्चर की आजादी चाहिए और आपस में बैठकर समझौता होना चाहिए। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार ने शिरकत की। रैली में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं, इस दौरान वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि तिब्बत में रह रहे तिब्बतियों की चीन की दमनकारी नीतियों सहित कई तरह की यातनाओं को सहना पड़ रहा है। ऐसे में अपने देश की आजादी की जंग में विद्रोह करते हुए कई तिब्बती चीनी सेना ने मार दिए हैं।



## बिरशू मेला 14 और 15 मार्च को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू में आजकल मेलों का दौर जारी है। आजकल कुल्लू जिले के गांवों में देवताओं के सम्मान में फागली उत्सव मनाए जा रहे हैं।

अरछंडी में माता काली ओड़ी का बिरशू मेला इस बार 14 और 15 मार्च को माता के प्रांगण में मनाया जाएगा। काली युवा क्लब, अरछंडी के प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि 14 मार्च को माता काली ओड़ी का पावन अनुष्ठान देवनीति के अनुसार संपन्न होगा। उक्त दिन कुल्लवी नृत्य का भी विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। वहीं, 15 मार्च को भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य कलाकार के रूप में संतोष तोषी एवं पूजा आर्या अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में बागवान एवं भाजपा नेता टीकम राम ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

## दुआड़ा गांव में धूमधाम से मनाया फागली उत्सव

### भगवान विष्णु ऋषि जमलू की तपोभूमि शामन पहुंचे, निभाई देव परंपराएं

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिले की उझी घाटी दुआड़ा गांव में धूमधाम से फागली उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान विष्णु देव की परंपराओं का निर्वहन करने के लिए अपने देवलुओं के साथ ऋषि जमलू की तपोभूमि शामन पहुंचे। इस दौरान उनके साथ गांव के बुजुर्ग व बच्चे भी शामिल थे। भगवान विष्णु का देवलुओं संग शामन पहुंचने पर देवविधि अनुसार फागली उत्सव की परंपराओं का निर्वहन किया गया। भगवान विष्णु मंदिर से सुबह करीब 11 बजे देवलुओं संग निकले, जहां कुल्लवी परिधान से सुसज्जित ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें पूजा-अर्चना कर रवाना किया। करीब एक किलोमीटर के सफर के दौरान गांव के रास्ते में पारंपरिक वेशभूषा में सुस्सजित महिलाओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की।

शामन पहुंचकर देवताओं के मिलन के बाद देवता के गुरों द्वारा देऊचार (देवताओं की पूजा) का आयोजन हुआ। इस दौरान सैकड़ों लोग देवताओं का आशीर्वाद लेने के लिए ऋषि जमलू दुआड़ा के मूल स्थान शामन पहुंचे। देव पूजन होने के उपरांत सभी लोगों ने देवताओं का आशीर्वाद लिया व श्रद्धालुओं को ब्रह्मभोज वितरित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ऋषि जमलू के दरबार में अपना शीश नवाकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।



### आज सालभर की घटनाओं से अवगत करवाएं जमदग्नि ऋषि

**अनंत ज्ञान, मनाली।** आराध्य देव जमदग्नि ऋषि के स्वर्ग प्रवास से लौटते ही मनाली की उझी घाटी में फागली उत्सव की धूम शुरू हो गई है। सोमवार सुबह ही उझी घाटी के कुलंग, बुरुआ व मझाच गांव देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठे। कुलंग में सुबह ही देव कार्यक्रम शुरू हो गया। दर्जनों कारकूनों संग देवता के गुर ने गांव के खरोड़ी नाला नामक स्थान पर देवता की टोकरी (पाहीगा) से देवता के मोहरों को निकाला। देव प्रतिनिधियों ने बर्फ के बीच नंगे पैर व चोला पहनकर देवविधि को पूर्ण किया। इस दौरान गांव देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठा। मंगलवार को देवता अपने प्रतिनिधि के माध्यम से साल भर होने वाली घटनाओं से अवगत करवाएंगे। देव प्रतिनिधि मंगल ने सभी घाटी वासियों को फागली उत्सव की बधाई दी। उन्होंने बताया कि गांव में फागली उत्सव की धूम शुरु हो गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को देवता साल भर होने वाली घटनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाएंगे।

**लेटलतीफी** मनीनवी कैंची से ठारवी सड़क मार्ग कार्य बंद होने से खफा हैं मुहान पंचायत के ग्रामीण

# 12 को आनी में होगा एनएच-305 पर चक्काजाम

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी खंड की मुहान पंचायत के मनीनवी कैंची से ठारवी तक निर्माणाधीन सड़क के निर्माण में हो रही लेट-लतीफी से क्षेत्र की जनता मे रोष है। फलस्वरूप इस सड़क के न बनने से प्रभावित मुहान पंचायत के चजुट, ठानाधार, खडोरन, पकरेड, बशावल, ठारवी आदि गांवों के ग्रामीणों ने 12 मार्च बुधवार को आनी के पुराने बस अड्डे पर इकट्ठा होकर नेशनल हाईवे-305 पर बैठकर चक्का जाम करने का निर्णय लिया है।

इससे पहले प्रभावित ग्रामीणों द्वारा आनी के नए बस अड्डे से पुराने बस अड्डे तक रोष रैली भी निकाली जाएगी। मुहान पंचायत के प्रधान संतोष की अगुवाई में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस शांतिपूर्ण धरने-प्रदर्शन की सूचना और अनुमति के लिए एसडीएम आनी, डीएसपी आनी को भी चिट्ठी सौंप दी है। वहीं, प्रभावित ग्रामीण युवा राकेश कुमार ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर 6 मार्च को ग्रामीणों ने एक बैठक कर रणनीति तैयार कर ली थी और 12 मार्च को एनएच-305 पर चक्काजाम करने का निर्णय लिया था। (अनंत ज्ञान)



### निर्माण कार्य शुरू करवाने को लेकर 2019 में किया था चक्का जाम

आपको बता दें कि वर्ष 2019 में भी ग्रामीण दस वर्षों से प्रस्तावित मनीनवी से ठारवी सड़क के निर्माण को लेकर सरकार की उदासीनता से खफा हो गए थे। फलस्वरूप गुस्साए ग्रामीणों ने निगान चौक पर करीब एक घंटा चक्का जाम किया था, जिसके कुछ वर्षों बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इस सड़क का निर्माण कार्य बीते करीब 6 वर्षों से कछुआ गति में चला है, लेकिन लोक निर्माण विभाग और सरकार की नजरअंदाजी से खफा होकर ग्रामीणों ने 4 अप्रैल, 2024 को इसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर दी थी और लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की धमकी दी थी, जिसके बाद आनी तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता और विभाग के अन्य अधिकारियों ने लोगों को यह आश्वासन देकर शिकायत वापस करवाई कि अब सड़क का काम सुचारू होगा, लेकिन काम ठप होने के कारण अब ग्रामीणों में रोष पनप गया है और 12 मार्च को आनी में चक्काजाम का निर्णय लिया है।

## मेडिकल बिलों का जल्द किया जाए भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एक जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 तक प्रदेश के लाखों पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर के एकमुश्त भुगतान के लिए बजट का प्रावधान किया जाए। यह बात हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कही। उन्होंने कहा कि 11 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की तीन किस्तों की अदायगी सहित 82 महीनों का डीए एरियर का प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को भुगतान किया जाए, जिसकी पेंशनर लंबे अर्से से मांग कर रहे हैं। पेंशनर्स के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए बजट का प्रावधान होना चाहिए। 65 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स की मासिक पेंशन में 25 प्रतिशत वृद्धि की जाए। इन सभी वित्तीय देनदारियों के लिए राज्य सरकार आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश होने वाले बजट में पर्याप्त बजट का प्रावधान करे। सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर्स की सुविधा के लिए पेंशनर भवन के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार दस बिस्वा भूमि आवंटित कर पेंशनर भवन निर्माण के लिए समुचित बजट की व्यवस्था करे।

## कुल्लू साहित्य उत्सव संपन्न, डॉ. पंकज ललित रहे मुख्यातिथि

# सब चीजों पर ध्यान से मनन करने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव का समापन मुख्यातिथि एवं भाषा-संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने जिला मुख्यालय स्थित देवसदन के सभागार में किया।

इस साहित्य उत्सव में जहां विविध विषय-विशेषज्ञों ने उत्सव के प्रमुख विषय भक्ति काल में सूफी एवं निर्गुण साहित्य तथा पर्यावरण एवं योग विषय पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत कर विषय संदर्भ एवं समसामयिक विषयों का लेकर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। वहीं, विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने अपने भागिदारी सुनिश्चित की। यह कार्यक्रम हिमतरु प्रकाशन समिति एवं भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डॉ. पंकज ललित ने आयोजकों को सफल समारोह की बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का स्तर, गुणवत्ता, वक्ताओं का चयन काबीले तारीफ है तथा एक यह एक बहेतरीन आयोजन रहा। डॉ. पंकज ललित ने कहा कि वर्तमान समय में हमें सब चीजों पर ध्यान से मनन करने की आवश्यकता है। इसके लिए महत्वपूर्ण यह है कि लेखक जब भी किसी विषय पर आलेख लिखें या पूरी पुस्तक लिखें, तो उसको मूर्त रूप देने से पूर्व या तो उस ड्राफ्ट की अन्य लेखकों से समीक्षा करावाएं, ताकि एक बेहतर कृति पाठक के समक्ष प्रकाशित होकर सामने आए। उन्होंने इस संदर्भ में प्रसिद्ध साहित्यकार रामचंद्र गुहा की पुस्तकों की बेहतरीन एडिटिंग की बात की। उन्होंने कहा कि पाठकों के लिए लिखना-पढ़ना जितना जरूरी है, उसे पाठक तक पहुंचाना भी उतना ही आवश्यक है तथा लिखे हुए ड्राफ्ट को कैसे रिफाइन करना है और कैसे पाठकों तक ले जाना है, यह भी अच्छे लेखक की जिम्मेवारी है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लेखकों, पाठकों, प्रकाशकों एवं विभिन्न संस्थाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंकज ललित ने कहा कि शिमला के गेयटी थियेटर की तर्ज पर अटल सदन में कान्फ्रेंस हॉल पंजीकृत साहित्यिक संस्थाओं को माह में एक बार निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बल मिलेगा। इस आयोजन में कुल पांच प्रमुख वक्तओं ने विषय संदर्भ में अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए, जबकि वर्ष 2024-25 के दौरान प्रकाशित तीन पुस्तकों; अजेय की पुस्तक 'रोहतांग आर-पार', ईशिता आर गिरीश की पुस्तक 'सपनों का ट्रांसमिशन' तथा किशन की पुस्तक 'देव नगरी' को लेकर चर्चा की गई।



## न्यूज ब्रीफ

### बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का चल रहा कार्य

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अनुभाग दाड़ला, ग्याना व चंडी में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चल रहा है, जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, वे अपने बिजली के बिल को हर महीने देख सकते हैं और उनका भुगतान कर सकते हैं। बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को कई सुविधाएं मिलेंगी। वे अपने बिजली के बिल को ऑनलाइन देख सकते हैं और उनका भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा वे अपने बिजली के उपयोग को भी ऑनलाइन देख सकते हैं। उपभोक्ता अपने बिजली के बिल का भुगतान कई तरीकों से कर सकते हैं। वे बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के कार्यालय में जाकर, बिजली बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर, मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से या लोकमित्र केंद्र पर जाकर अपने बिजली के बिल का भुगतान कर सकते हैं यदि उपभोक्ताओं को अपने बिजली के बिल को लेकर कोई दिक्कत या परेशानी आती है, तो वे बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के कार्यालय में आकर या दूरभाष 01796-248327 पर संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### छात्रों ने प्रत्यक्ष कानूनी जानकारी हासिल की

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय के एलएलबी और बीएएलएलबी के छात्रों को जिला न्यायालय सोलन में लोक अदालत की कार्यवाही देखने का अवसर मिला। इस दौरे ने वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के कामकाज, त्वरित और सौहार्दपूर्ण विवाद निपटान सुनिश्चित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान, छात्रों ने संपत्ति के मामलों, पारिवारिक विवादों, उपभोक्ता मामलों, श्रम विवादों और चालान मामलों सहित विभिन्न विवादों के समाधान का अवलोकन किया। शैक्षणिक यात्रा का समन्वय विनीत कुमार, सहायक प्रोफेसर, विधि विज्ञान संकाय, शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। स्कूल ऑफ लॉ के एसोसिएट डीन डॉ. नंदन शर्मा ने दौरे को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छात्रों को लोक अदालत के परिचालन ढांचे के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। कार्यवाही के दौरान, छात्रों को अरविंद मल्होत्रा (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), विवेक खनाल (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) और मेहुल शर्मा (न्यायिक मजिस्ट्रेट) सहित प्रतिष्ठित न्यायिक अधिकारियों को कार्य करते हुए देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। न्यायाधीशों ने छात्रों को कानूनी शिक्षा के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पुनीत वर्मा बने सोलन पत्रकार संघ के प्रधान



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पत्रकार संघ के चुनाव सोमवार को प्रेस रूम में संपन्न हुए, जिसमें पुनीत वर्मा ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि महासचिव पद पर अश्वनी शर्मा काबिज हुए। संघ से जुड़े 52 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधान पद के लिए पुनीत वर्मा को 33 मत मिले, जबकि मोहन चौहान को 19 मतों से संतोष करना पड़ा। महासचिव पद के लिए अश्विनी शर्मा ने 30 मत प्राप्त किए, जबकि रविंद्र शर्मा को 22 मत मिले। प्रधान पद पर जीत दर्ज करने के बाद पुनीत वर्मा ने पत्रकार संघ के सभी सदस्यों का आभार जताया और संघ के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानों ने संघ के विकास के लिए बेहतरीन काम किया है, जो भरोसा सदस्यों ने उन पर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। महासचिव पद पर नियुक्त अश्विनी शर्मा ने भी सदस्यों का धन्यवाद किया और संघ को मजबूती देने और पत्रकारों के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। चुनाव के दौरान संघ के 56 में से 52 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिससे चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रही। सोलन पत्रकार संघ के इस चुनाव ने सभी पत्रकारों में एकजुटता का परिचय देकर उत्साह भर दिया।

### सहायता समूह के तहत आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा महिला मोर्चा ने जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस रेणुका में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने की, जबकि विधायक पांवटा सुखराम चौधरी, विधायक पच्छाद रीना कश्यप, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, बलदेव भंडारी, जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विनय गुप्ता सहित जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सिरमौर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा कन्याल ने जिले के सभी शीर्ष नेतृत्व व महिलाओं का भारी संख्या में यहां पहुंचने पर आभार जताया। जिले के सभी भाजपा पदाधिकारियों ने महिला शक्ति का उल्लेख किया। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के जरिए सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण में प्रधानमंत्री ने एक अनूठा काम किया है। केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं बना रही है। भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने के लिए वादा किया था, लेकिन अब वह इससे पीछे हट रही है।

### समर सेट शिमला ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बगल्याणे प्रीमियर लीग सीजन-4 की ओर से दाड़लामोड़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। बगल्याणे प्रीमियर लीग सीजन-4 का फाइनल मुकाबला समर सेट शिमला और बगल्याणे-11 के बीच खेला गया। इस मुकाबले में समर सेट शिमला ने जीत हासिल की। समापन समारोह में समाजसेवी कमलेश ठाकुर मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि कमलेश ने दोनों टीमों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बगल्याणे क्रिकेट क्लब को भी इस तरह के आयोजनों के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने विजेता टीम समर सेट शिमला को 51,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया, जबकि रनरअप टीम बगल्याणे-11 को 25,000 रुपए का नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# सोलन की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के जोन-बी का कार्य पूरा हुए करीब दो दशक बीत गए पर इसमें आज तक लक्ष्य के मुताबिक भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हुई। इस अवधि में जोन बी के मात्र 600 भवन ही सीवरेज योजना से कनेक्ट हो पाए, जबकि लक्ष्य 3000 भवनों को जोड़ने का है। योजना के तहत सोलन के पटराल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने डेढ़ दशक का समय बीत चुका है पर सीवरेज की लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी नहीं होने से यह विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है।

ट्रीटमेंट प्लांट से शहर के सर्कुलर रोड, लक्कड़ बाजार, टैंक रोड, ऑफिसर कॉलोनी, डाइट रोड, कोटलाना, मधुवन कॉलोनी, सन्नी साइड, राजगढ़ रोड व डिग्री कॉलेज के आसपास बने भवनों की सीवरेज लाइन को कनेक्ट किया जाना है। विभागीय उदासीनता के चलते अधिकतर भवन मालिकों ने सीवरेज लाइन से जुड़ने में रूचि नहीं दिखाई। इसका असर यह हुआ कि कई भवन मालिकों ने खुले नालों में ही सीवरेज छोड़ दी। इससे नालों में पनप रही प्रदूषित हवा आवासीय कॉलोनियों तक पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)



सोलन नगर निगम के वार्ड-14 में खुले में बहती सीवरेज।

### सीवर लाइनों को खुले में छोड़ा

**सीवरेज** सिस्टम नहीं होने से नालों के आसपास बनी कॉलोनियों की सीवर लाइनों को खुले में छोड़ा गया है। शहर के गंज बाजार, शक्तिनगर, मोहन कॉलोनी, अप्पर बाजार के आसपास के घरों की सीवर खुले नाले में छोड़ी गई है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। इसी तरह वार्ड-सात के धोबीघाट, वार्ड-11 के कोटलानाल, वार्ड-8 के शूलिनी नगर, वार्ड-13 के कलीन और वार्ड-15 की हाऊसिंग कॉलोनी फेज-एक व दो में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं होने से पास के नालों में सीवरेज छोड़ी गई है। कॉलोनी के फेज-एक में जहां सेफ्टी टैंक का निर्माण तो किया गया, लेकिन इसमें भवनों की सीवर लाइन कनेक्शन करने के बजाए खुले में छोड़ी गई है। इसी तरह शहर में कई जगहों पर सड़क किनारे बनी नालियों में सीवरेज बह रही है। इसी तरह वार्ड-1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 12, 13, 14, 15, 16 और वार्ड-17 में भी अधिकतर भवनों में सेफ्टी टैंक नहीं होने से सीवरेज को खुले नालों में छोड़ा गया है।

### जोन-ए व सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी

**योजना** के तहत अभी शहर के जोन-ए व जोन-सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी हैं। जोन-ए के तहत नड़ोह और जोन-सी के कथेड़ में सीवरेज प्लांट बनाया जाना है। दोनों जोन में करीब 5 हजार भवनों के सीवरेज को मुख्य लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरा होने में करीब 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की जरूरत है। इसके लिए जलशक्ति विभाग ने रिवाइज डीपीआर तैयार की है। ट्रीटमेंट प्लांट के चालू होने की स्थिति में न केवल खाद का उत्पादन होगा, बल्कि ट्रीट किए पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकेगा पर विभागीय उदासीनता के चलते आज तक यह कार्य लंबित होता रहा है। योजना में देरी होने से शहर के नाले प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

> नगर निगम आवेदन आने पर सीवरेज कनेक्टिविटी कर रही है। जमीनी विवाद के कारण कनेक्टिविटी में दिक्कत आ रही है। जलशक्ति विभाग ने शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सरकार को डीपीआर भेजी है। योजना की मंजूरी पर सीवरेज कनेक्टिविटी में आसानी होगी।
> **उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन।**

### भवनों की नहीं हो पाई कनेक्टिविटी

**जोन बी** में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी का जिम्मा आईपीएच व निगम का है। दोनों विभागों में तालमेल की कमी के चलते भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने जोन बी में बने भवनों की कनेक्टिविटी के लिए आईपीएच को एक करीब एक करोड़ रुपए की राशि भी जारी की, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली से काम अधर में लटक गया। इससे पता चलता है कि संबंधित विभाग लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए कितने गंभीर हैं। खुले में छोड़ी गई सीवर लाइनों से जहां हमेशा बीमारियां पनपने का खतरा रहता है साथ ही इससे पर्यावरण को भी खासा नुकसान होता है। खुले में छोड़ी जा रही सीवर लाइनों से प्राकृतिक जलस्रोत भी दूषित हो रहे हैं।

## वाकनाघाट में टिप्पर टैंकर की टक्कर चालक घायल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिमला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर वाहन दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में एनएच-5 पर सोमवार सुबह वाकना घाट के पास एक टैंकर और टिप्पर के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिससे टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। हादसे के बाद यहां लंबा जाम लग गया। बता दें कि हाईवे पर एनएचएआई ने फोरलेन को निर्माण कार्य के चलते सिंगल लेन किया है। एक लेन को बंद किए जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है। दोनों ओर के वाहन एक ही लेन से गुजर रहे हैं, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी और खतरनाक हादसों का खतरा बढ़ गया है। वाहन चालकों का कहना है कि कंडाघाट और कैथलीघाट के बीच फोरलेन की खराब स्थिति के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं, हादसे में घायल चालक की हालात गंभीर बनी हुई है।

## प्रतिबंधित कैप्सूल रखने पर दोषी को तीन माह की कैद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश सत्र न्यायाधीश अरविंद मल्होत्रा की अदालत ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन के 861 कैप्सूल बिना लाइसेंस व प्रिस्क्रिप्शन के रखने के आरोप में राकेश ठाकुर को दोषी ठहराया है। दोषी राकेश ठाकुर निवासी गांव डमरोग, डाकघर गलानग, जिला सोलन को अदालत ने तीन माह के साधारण कारावास और 5,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी संजय पंडित ने बताया कि 26 मई, 2011 को धोबीघाट सोलन के पास पुलिस ने दोषी को रोका था। इस दौरान थाना सदर सोलन की पुलिस ने उसके मोजों से उपरोक्त कैप्सूल बरामद किए गए। 27 मई को पुलिस ने गवाहों और आरोपी की उपस्थिति में कैप्सूल औषधि निरीक्षक को सौंप दिए। उन्होंने अपेक्षित कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी के खिलाफ शिकायत अदालत में दाखिल की।

## नया मंडल मजबूती से करेगा काम दून में भाजपा को मिलेगी मजबूती



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून विधानसभा में बने भाजपा के नए मंडल बद्दी व पट्टा की सोमवार को परिचय बैठक हुई। यह बैठक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद के साथ हुई, जिसमें बद्दी व पट्टा मंडल के पदाधिकारियों का भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद के साथ परिचय हुआ।

सोमवार सुबह पहली बैठक पट्टा मंडल के साथ पट्टा में हुई। उसके बाद बद्दी मंडल की बैठक वर्धमान चौक पर स्थित ज्योति होटल में हुई, जिसमें मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। भाजपा उपाध्यक्ष ने नए मंडल में बने पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए उर्जा से काम करने के लिए प्रेरित किया, ताकि दून में भाजपा को मजबूती दी जा सके।

रश्मिधर सूद ने कहा कि नया मंडल मजबूती से काम करेगा और दून विधानसभा में भाजपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने मंडल को भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष रतन सिंह पाल, दून पूर्व विधायक परमजीत सिंह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता हंसराज चंदेल मौजूद रहे।

## बौद्धगया को हिंदू अधिकारियों से मुक्ति दिलाए : पूर्ण सिंह नेगी

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** कुनो चारंग के पूर्व प्रधान व बौद्ध अनुयायी पूर्ण सिंह नेगी ने कहा कि देश के बौद्ध गया में इन दिनों हिंदू धर्म के कुछ लोगों द्वारा बौद्ध मंदिर व तमाम परिसर को हिंदुओं का बताया जा रहा है, जो गलत है। यह बौद्ध मंदिर भगवान बुद्ध का है, जिसे सम्राट अशोक ने स्थापित किया है। उन्होंने बौद्ध गया मंदिर की सभी कमेटियों से हिंदू अधिकारियों को हटाने की सरकार से मांग की है। बौद्ध गया हिमालयन क्षेत्र के सभी बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों का प्रमुख तीर्थ स्थल है यदि हिंदू इस मंदिर पर अधिपत्य स्थापित करने की कोशिश करेंगे, तो हिमालयन क्षेत्र किन्नौर, लाहौल-स्पीति व लद्दाख के लोग सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेंगे। हर धर्म का अपने तीर्थ स्थल और मंदिर होते हैं। इसी प्रकार बौद्ध धर्म के लोगों के लिए बौद्ध गया भगवान बुद्ध के तपोस्थली सबसे बड़ा धार्मिक स्थल है। (अनंत ज्ञान)



## नालागढ़ के दो दर्जन से अधिक ट्रक चालक जमा नहीं करवा पा रहे टैक्स

**भूपेंद्र चंदेल, बद्दी**

नालागढ़ के दो दर्जन से अधिक ट्रक चालक अपना टैक्स जमा नहीं करा पा रहे हैं।

सिस्टम में तकनीकी खराबी आने से ऐसा हुआ है। टैक्स जमा न होने से माल से लदे ट्रक रवाना नहीं हो पा रहे हैं। दो दिन पहले से यह समस्या आ रही है। बीच में दो दिन का अवकाश होने से समस्या का हल नहीं हो पाया है। पहले कंप्यूटर में ट्रक का नंबर डाल कर उसकी फीस कट जाती थी, लेकिन अब फीस अपलोड नहीं हो रही है। असेंसमेंट शीट के जरिए जब कंप्यूटर में अपलोड करते हैं, तो वहां पर डोक्यूमेंट सबमिट करने की ऑप्शन आ रही है, जिससे फीस जमा नहीं हो रही है। ट्रक संचालक मेघराज, चनन राम, कश्मीरी, अमृत लाल, दविंद्र, जगत सिंह, बरयाम सिंह, रविंद्र गोला, पिंका, अशोक सैणी, गुलशन, मोहम्मद व शकुंतला ने बताया कि उनके ट्रक कंपनियों

**टैक्स जमा न होने से माल से लदे ट्रक रवाना नहीं हो पा रहे**

बाहरी राज्यों में सामान छोड़ने के लिए उद्योगों से कट चुके हैं। उन्हें उम्मीद थी कि इस बीच टैक्स जमा हो जाएगा, लेकिन तीन दिन हो गए हैं। उनके ट्रक माल से लदे हुए टैक्स कटने की उम्मीद कर रहे हैं। कंपनी की ओर से इवे बिल भी कैंसल होने का खतरा बना हुआ है। कंपनी जिस राज्य का माल होता है, उसके एक ईवे बिल देती है। ट्रक संचालक को इस बिल की अवधि समाप्त होने से पहले सामान पहुंचाना पड़ता है। इन ट्रकों को नालागढ़ में ही खड़े हुए तीन दिन बीत गए हैं। कुछ ट्रक बाहरी राज्यों के बोर्डरों पर टैक्स जमा होने की उम्मीद पर खड़े हैं। इस संबंध में आरटीओ मदन लाल शर्मा ने बताया कि अब इस तरह की समस्या नहीं आ रही है, अगर आ रही है तो जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## महंगाई भत्ते की किस्त को जल्द किया जाए जारी




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सुखराम नड्डा ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों पर चर्चा की।

अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक की शुरुआत में स्टोर किपर बाबू राम की धर्मपत्नी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड से आग्रह किया कि एक जनवरी, 2016 से लंबित डिमांडों को जल्द निपटाया जाए। उन्होंने बताया कि बोर्ड के कार्यालयों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे उनमें भारी रोष है। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि महंगाई भत्ते की किस्त को भी जारी किया जाए। बैठक में सुखराम नड्डा, परस राम, विजय ठाकुर, प्रेम लाल, अमर, सुहारु राम, धनीराम, जोगिंदर ठाकुर और ध्यान सिंह ने भाग लिया।

## तीन प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सोलन के नेहरू युवा केंद्र और अंबुजा औद्योगिक संस्थान दाड़लाघाट के सहयोग से तीन छात्रों ने नेहरू युवा केंद्र वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ओटोमोबाइल से सूरज और इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड से नीरज और यशपाल ने भाग लिया। उन्होंने अपने संस्कृति संबंधित विषयों को प्रस्तुत किया और सोलन का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1 से 5 मार्च तक वाराणसी में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद आईटीआई दाड़ला ने तीनों प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। प्राचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र और अंबुजा आईटीआई के सहयोग से इन छात्रों को इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला।

## घनागुघाट इलेवन टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल की पंचायत जलाना के राहु ग्राउंड में नेहरू युवक मंडल राहु द्वारा आयोजित स्व. भीम सिंह कौशल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्यातिथि भीम सिंह ठाकुर अध्यक्ष नया सवेरा जन कल्याण समिति व अधिवक्ता अर्की उपस्थित रहे।

इस अवसर पर युवक मंडल व अन्य उपस्थित लोगों द्वारा मुख्यातिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला घनागुघाट इलेवन व जाबल इलेवन के बीच खेला गया। जाबल इलेवन टीम ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में 69 रन का टारगेट घनागुघाट इलेवन को दिया। जवाब में घनागुघाट इलेवन टीम ने यह लक्ष्य 9 ओवर में ही प्राप्त कर फाइनल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क का महत्व सिखाते हैं। साथ ही उन्होंने आने वाली युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने व खेलों से प्यार करने का मंत्र दिया।

## ओच्छघाट में कार सवार से 361 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना सदर की टीम ने सोमवार सुबह जीरो प्वाईंट ओच्छघाट में नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार से 361 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस ने कार सवार को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान 40 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र स्व. रमेश कुमार निवासी गांव डुमैहर तहसील ठियोग जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की कार अल्टो (नं. एच.पी.-09ए-4811) जब्त कर ली है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की जांच कर रही है।

## चिनार सदन के नाम रही हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में अंतर्सदनीय हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में चिनार, देवदार, ओक और टीक सदनों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के चारों सदनों के एक-एक प्रतिभागी ने हिंदी काव्य वाचना प्रतियोगिता में भाग लिया।

चिनार सदन से कनिष्ठ वर्ग की मायरा लिहांतु और देवदार सदन से दामिनी सिंह को प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार, टीक सदन की प्रीती को दूसरा स्थान, जबकि ओक सदन की स्निकिता तीसरे स्थान पर रहीं। वरिष्ठ वर्ग का प्रथम पुरुस्कार चिनार सदन के स्वास्तिक रवि ठाकुर ने प्राप्त किया, जबकि ओक सदन की पायसविनी को दूसरा स्थान तथा देवदार सदन की आरुणी को तीसरे स्थान पर संतुष्ट रहना पड़ा। अंतर्सदनीय हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता का ओवरआल खिताब चिनार सदन के नाम रहा। प्रतियोगिता के दूसरे स्थान पर देवदार सदन, जबकि तीसरा स्थान ओक सदन ने अपने नाम किया। निर्णायक मंडल में रंजीता और दीप्ति सोनी, जो कि पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने समय देकर नन्हें बाल कवियों की खूब सराहना की।

हेड आफ स्कूल रेणु शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चारों सदनों के प्रतिभागियों की सराहना की और विजयी सदन के विद्यार्थियों को मंच पर पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए और अपने भीतरी भय को दूर करने के लिए यह अवसर उनके लिए सुनहरा होता है। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह एवं प्रबंधन प्रमुख समीक्षा सिंह नें सभी विजेताओं, आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

**महत्व** औषधीय गुणों से भरपूर हैं बुरांश के फूल, दवाओं में किया जाता है उपयोग

# पझौता व हाब्बन घाटी बुरांश के फूलों से गुलजार

**बीआर चौहान, राजगढ़**

राजगढ़ की हाब्बन व पझौता घाटी इन दिनों बुरांश के फूलों से गुलजार है, जिसका इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों द्वारा भरपूर लुत्फ उठाया जा रहा है।

आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार बुरांश के फूल औषधीय गुणों से भरपूर हैं, जिसका विभिन्न दवाओं में उपयोग किया जाता है। बुरांश में विटामिन ए, बी-1, बी-2, सी, ई और के प्रचुर मात्रा में पाई जाती है, जो कि भार बढ़ने नहीं देते और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रखता है। यही नहीं बुरांश अचानक से होने वाले हार्ट अटैक के खतरे को कम कर देता है। बुरांश के फूलों का शर्बत दिमाग को ठंडक देता है और एक अच्छा एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण त्वचा रोगों से बचाता है। बुरांश के फूलों की चटनी बहुत ही स्वादिष्ट होती है, जो कि लू और नकसीर से बचने का अचूक नुस्खा है। बुरांश के फूलों का ग्रामीण परिवेश में बहुत महत्व है। सर्दियों में कम वर्षा होने के चलते इस वर्ष करीब एक पखवाड़ा पहले बुरांश के पेड़ों में फूल आ गए हैं। बैशाख की संक्रांति को बुरांश के फूलों की माला बनाकर लोग सबसे पहले अपने कुल देवता के मंदिर तदोपरांत अपने घरों में लगाते हैं, जिसे समृद्धि का सूचक माना जाता है। इसके अतिरिक्त लोग बुरांश पंखुड़ियों को सुखाकर रख लेते हैं, जिसे वर्ष भर चटनी व अन्य खाद्य वस्तुओं में इस्तेमाल करते हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक जय प्रकाश चौहान और शेरजंग चौहान ने बताया कि बुरांश समुद्र तल से 1500 से 3600 मीटर की मध्यम ऊंचाई पर पाया जाने वाला वृक्ष है।



इस वृक्ष की पत्तियां देखने में मोटी और फूल घंटी की तरह होते हैं। यह वृक्ष स्वत: ही जंगलों में उगता है, जिसके देखभाल करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। बता दें इसका वैज्ञानिक नाम रहोडोडेंड्रन है। इसके पेड़ों पर मार्च-अप्रैल के महीने में लाल रंग के फूल खिलते हैं। यह पौधा अधिकांश ठंडे तापमान 120 डिग्री सेल्सियस में और ढलान वाली जगहों में उगता है। इसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है।

हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बुरांश भरपूर मात्रा में पाया जाता है। शिमला, कांगड़ा, सोलन, धर्मशाला और किन्नौर में बुरांश के फूलों का प्रयोग अचार, मुरब्बा और जूस के रूप में किया जाता है। जिले के कई क्षेत्रों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा बुरांश के फूलों को एकत्रित करके स्क्वैश बनाया जा रहा है, जो कि इस क्षेत्र की महिलाओं के लिए आय का साधन बन चुका है। ग्रामीण परिवेश के लोग बुरांश के फूलों को बाजार में बेचने को भी लाते हैं और लोग बड़े चाव से इस फूल को औषधीय कार्य के लिए खरीदते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बुरांश के फूल लोगों की आय का साधन भी बन गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## नाहन कॉलेज में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं : अजय सोलंकी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश के सबसे पुराने कॉलेज में शुमार डॉ. वाईएस परमार स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे मेधावी छात्रों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी साथ ही कहा कि कॉलेज में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने 90 प्रतिशत पुरस्कार हासिल किए हैं, जिसके लिए कॉलेज की बेटियां बधाई की पात्र हैं। कॉलेज में दूरदराज इलाकों से पढ़ने वाली छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा मिले इसके लिए गर्ल्स होस्टल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिस पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस हॉस्टल में 120 छात्राओं के रहने की सुविधा होगी। कॉलेज की मांग पर यहां ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा, जिस पर करीब 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। सोलंकी ने कहा कि

**खेल मैदान के लिए जमीन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही**

कॉलेज में खेल मैदान न होने से सबसे बड़ी समस्या सामने आ रही है, जिसके लिए जमीन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और निदेशक शहरी विकास को पत्र भेजा गया है जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। स्नातकोत्तर कॉलेज की वर्ष भर की उपलब्धियों का ब्यौरा रखते हुए प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने कहा कि कॉलेज में जिला भर में एक दर्जन कॉलेज संचालित होने के बावजूद भी कॉलेज में वर्तमान में तीन स्ट्रीम में 2200 स्टूडेंट्स स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कॉलेज नाहन विद्यार्थियों को नैतिक, सामाजिक, व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने के दृष्टिकोण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। कॉलेज के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह में प्रॉचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज को 30 वर्ष की शानदार सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से अलंकृत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत में सिवाह गांव के सामने जीटी रोड पर तेजी से आ रहे वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर से स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी शिकायत में रतन कुमार वर्मा ने बताया कि वह नई दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है। उसे टेलीफोन के माध्यम से पता लगा कि उसके जीजा संतोष अपने जीजा प्रदीप से मिलने अपनी स्कूटी पर गए थे। सरकारी स्कूल सिवाह के सामने पहुंचा, तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके जीजा संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा करने वाला अज्ञात वाहन चालक गफलत, लापरवाही व तेज गति से था, जो कि हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से जीजा संतोष स्कूटी समेत नीचे गिर गया। नीचे गिरने पर सिर में लगी गंभीर चोट की वजह संतोष की मौके पर ही मौत हो गई।

### समालखा में सैनिक के घर से लाखों की चोरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत जिले के समालखा कस्बे में एक सैनिक के घर में चोरी हो गई। सैनिक की पत्नी अपने मायके गई थी, जब वह अपने मायके से वापस लौटी, तो उसे अलमारी से कीमती सामान गायब होने का पता चला। लाखों के सामान का वह अपने तौर पर पता लगाती रही। करीब 20 दिन बाद महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में साक्षी ने बताया कि वह गांव मच्छरौली की रहने वाली है। उसका पति आर्मी में नौकरी करता है, जिसके चलते वह कभी अपने मायका तो कभी अपने ससुराल रहती है। 27 अगस्त को अचानक उसकी तबीयत खराब होने के कारण वह अपनी बहन और जीजा को बुलाकर उनके साथ गांव लाडवा चली गई थी। वह अपने आभूषण अलमारी में रखकर उसका लॉक लगाकर चाबी अपनी सास नीलम देवी को देकर गई थी। 22 फरवरी को उसका पति अपने पिता की तबीयत खराब होने पर पिता को देखने गांव आया था। साक्षी ने अलमारी की चाबी सास से लेकर चेक किया तो उसमें से सामान गायब मिला।

### रोहतक जिला प्रशासन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिला प्रशासन ने एक प्रयास-एक साथ अभियान के तहत शहर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। सोनीपत रोड स्थित चौधरी सर छोटूराम स्टेडियम से लेकर सेक्टर- 2 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर संपन्न हुआ। इस दौरान जगह-जगह पर सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने सोनीपत रोड के साथ-साथ बने सिंचाई विभाग के वाटर चैनल तथा नगर निगम के नाले का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वाटर चैनल पर किए गए अवैध कब्जों को तुरंत हटाया जाए। अवैध कब्जा करने वालों को स्वयं कब्जे हटाने के लिए एक मौका दिया जाए। साथ ही सरकारी भूमि या निगम की भूमि पर जनरेटर सैट रखने वालों को नोटिस देकर उन्हें छतों पर रखवाया जाए।

### हथियार के बल पर कार सहित छात्र का अपहरण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हथियार के बल कार सहित एक छात्र का अपहरण कर उसके साथ युवकों द्वारा मारपीट कर नकदी व चेन छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गांव बनियानी निवासी दिपेश ने बताया कि वह फाइनल इयर का छात्र है और कॉलेज से अपने गांव बनियानी की तरफ जा रहा था, तभी अमन ने उसे रास्ते में छोड़ने की बात कह कर उसको गाड़ी में बैठ लिया। पीडित ने बताया कि जब वह दिल्ली बाइपास से रूपया चौक नजदीक ओमेक्स सिटी के पास पहुंचा, तो अमन ने पिस्तौल निकाल ली और गाड़ी रोकने की बात कही, जब दिपेश ने इसका विरोध किया, तो अमन ने पिस्तौल के बट से उसे घायल कर दिया और अपने तीन दोस्त योगेश, अक्षय व मेंटल को भी मौके पर बुला लिया और चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और हाथ पैर बांध कर गाड़ी में गिरा दिया।

### न्यूजीलैंड के पीएम 16 से भारत यात्रा पर



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के तौर पर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार] अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

### सांसद राजू बिष्ट की याचिका पर 17 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद राजू बिष्ट की ओर से दायर मानहानि मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट 17 मार्च को सुनवाई करेगा। सोमवार को सुनवाई टल गई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने भाजपा विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। दार्जलिंग के भाजपा सांसद ने पश्चिम बंगाल के कुर्सियांग से भाजपा विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है।

### मणिपुर में 12 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले दो दिन के भीतर विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कम से कम 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप-2 क्षेत्र से प्रतिबंधित 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के तीन व भारत-म्यांमा सीमा पर तेंग्नौपाल जिले में कांगलेई याओल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इंफाल पूर्वी जिले से राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा की एक महिला कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। इसके अलावा इंफाल पूर्वी जिले के खोंगमन नांदेइबाम लइकाई और इंफाल पश्चिमी जिले के हेनेपोक में कांगलीपाक पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी (पीआरईपीएके) के पांच सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के दो कार्यकर्ताओं को इंफाल पश्चिम जिले के लांफेल और समूरो से गिरफ्तार किया गया।

### संभल मस्जिद मामले पर हाईकोर्ट ने मांगा हल्फनामा

**नई दिल्ली।** संभल की शाही जामा मस्जिद में सफाई, रंगाई-पुताई मामले को लेकर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। हाईकोर्ट ने एएसआई से कहा कि यदि आप दावा करते हैं कि संरक्षित स्मारकों को सफेद करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, तो हलफनामे दायर कर हमें बताएं। एएसआई ने कहा कि मंगलवार तक हलफनामा दाखिल कर देगा। 12 मार्च को मामले पर अगली सुनवाई होगी।

## विधानसभा में बिजली के गलत बिलों का उठा मुद्दा, सरकार ने ठीक करवाने का दिया भरोसा

# दोषी अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बिजली विभाग की गलती के कारण उपभोक्ताओं को मिल रहे भारी-भरकम बिलों को सरकार ठीक करवाएगी। यही नहीं गलत बिलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। यह बात हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शून्यकाल के दौरान विधानसभा में कही।

विधानसभा में कार्यवाही के दौरान नारनौंद से कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ ने शून्यकाल में बिजली के बढ़े बिलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि जो परिवार सामान्य तौर पर 400 से 500 रुपए बिजली के बिल नियमित रूप से भरते रहे हैं, उन्हें अब दो लाख, पांच लाख से लेकर 9 लाख रुपए तक के बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं। यही नहीं, बिजली महकमा उनके बिल ठीक करने की बजाय, उनके कनेक्शन काट रहा है। इस सवाल का बिजली मंत्री अनिल विज ने जवाब दिया कि कुछ जगह ऐसे मामले बिजली के बढ़े बिलों के हैं। विधायक अपने हलके से संबंधित बिजली के बढ़े बिलों बारे उन्हें अवगत करवाएं, उन्हें ठीक कराने के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनआईटी फरीदाबाद से भाजपा विधायक सतीश कुमार फागना ने अपने क्षेत्र में पीने के पानी और गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी के साथ बच्चों की संख्या भी लगातार घट रही है। सरकार नई शिक्षा नीति को लागू करने का दावा कर रही है, लेकिन स्कूलों में न तो शिक्षक हैं और न ही बच्चे हैं।

### दादुपुर-नलवी नहर मुद्दे पर कांग्रेस ने किया हंगामा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के समय में डी-नोटीफाई की गई दादुपुर नलवी नहर के मुद्दे को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने विधानसभा में खूब हंगामा किया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट दिखाते हुए वॉकआउट भी किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सदन में कहा कि हरियाणा सरकार बहुत जल्द हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रहे हैं। प्रश्नकाल के दौरान अंबाला सिटी से कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने यह मुद्दा उठाया। सिंचाई मंत्री की ओर से संसदीय कार्य मामले मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने इसका जवाब दिया। विवाद बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री सैनी को भी दखल देना पड़ा। विवाद उस समय अधिक बढ़ गया, जब पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस के अन्य विधायकों ने इस संदर्भ में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा सरकार के खिलाफ दिए गए फैसले का उल्लेख किया।

### बजट सत्र के शून्यकाल में विधायक पांच मिनट में रख सकेंगे अपनी बात

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन एक नई परंपरा की शुरूआत हुई। सदन के विधायक अब बजट सत्र के दौरान आयोजित होने वाले शून्यकाल में विधानसभा का सदस्य अब अपनी बात तीन के स्थान पर पांच मिनट में सदन में रख सकेगा। विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लोकसभा की कार्यवाही के संचालन के दौरान भी कई बार समय के अनुसार नियमों में बदलाव किया गया है। हरियाणा विधानसभा में भी इसी तरह की परंपराएं चलती रही हैं। स्पीकर ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा विधानसभा का नियम है कि शून्यकाल के दौरान विधायक जब अपनी बात रखते हैं, तो उनके पास तीन मिनट का समय रहता है। इस कम समयावधि के दौरान विधायक अपनी बात को पूरी तरह से नहीं रख पाते हैं। ऐसे में संसदीय कार्यप्रणाली के सुधार कर नई प्रथा की शुरूआत की जा रही है।

## एसबीआई चंडीगढ़ ने चैरिटेबल ट्रस्ट को दान की एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ मंडल द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की पहल के अंतर्गत मानवता की सेवा, भगवान की सेवा, एक चैरिटेबल ट्रस्ट को विनोद कुमार मिश्रा, उपप्रबंध निदेशक (मानव संसाधन एवं कॉर्पोरेट विकास अधिकारी), कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई, राजीव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, (मानव संसाधन), कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई, एसबीआई, चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में और स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्टाफ सदस्यों व एनजीओ के प्रतिनिधियों के बीच एक एंबुलेंस दान की गई। एनजीओ के अध्यक्ष, स्वर्णजीत सिंह, जो कि गांव मदेनहेडी, खरड़, पंजाब से काम करते हैं और रीढ़ की हड्डी की चोट (स्पाइनल कोर्ड इंजरी) के रोगियों के पुनर्वास और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह एनजीओ निशुल्क इलाज करता है। इस प्रयास के माध्यम से बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह पहल एसबीआई के सीएसआर प्रयासों का एक हिस्सा है, जो सामुदायिक कल्याण के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत पिता-पुत्र घायल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के गांव खुईयां मलकाना के निकट कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्र घायल हो गए हैं। घायलों को डबवाली के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पिता की हालात भी गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार फैजाबाद व हाल निवासी डबवाली के मालवा बाईपास क्षेत्र निवासी स्माइल अपनी पत्नी सफीना व बेटी सजीना व बेटे इमरान के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव चोरमार से डबवाली आ रहा था। गांव खुईयां मलकाना के पास एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

## आयुष्मान व चिरायु के लाभार्थियों को जारी किए 2054.61 करोड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा है कि प्रदेश में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना तथा चिरायु योजना के लाभार्थियों के निशुल्क इनडोर स्वास्थ्य देखभाल के लिए पिछले 3 वर्षों में कुल 2054.61 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि फिलहाल आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत 12 लाख 12 हजार 922 परिवार तथा चिरायु योजना के तहत 28 लाख आठ हजार 763 परिवार पंजीकृत हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना तथा चिरायु योजना के तहत पंजीकृत परिवारों की संख्या 26 लाख 76 हजार 153 तथा वर्ष 2023-24 में 35 लाख 88 हजार 495 और वर्ष 2024-25 में 40,21,685 परिवार शामिल थे। उक्त तीनों वर्षों के दौरान लाभार्थियों को जारी की गई राशि क्रमशः 278,34,70,350 रुपए, 699,43,58,680 रुपए तथा 1076,82,40,109 रुपए है।

## मंत्रियों-विधायकों के घरों के सामने प्रदर्शन

### किसान नेताओं ने सरकार पर किसानों की आवाज दबाने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की अगुवाई में किसानों ने पंजाब के सभी मंत्रियों व आप विधायकों के घरों का घेराव किया।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर विभिन्न जत्थेबंदियों ने भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के नेतृत्व में सुनाम में आप के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, दिडबा में वित्त मंत्री हरपाल चीमा, लहरागागा में कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल के घरों के बाहर धरने दिए। किसान नेताओं ने सरकार पर किसानों की आवाज दबाने के आरोप लगाए। किसानों की महत्वपूर्ण मांगों को लेकर 5 मार्च को चंडीगढ़ में आंदोलन किया जाना था, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पंजाब पुलिस ने 4 मार्च को ही किसानों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया।

5 मार्च को जब किसानों ने चंडीगढ़ की ओर कूच किया, तो पुलिस ने छापे मारकर और दीवारें लांघकर कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया। सुनाम में धरने को संबोधित करते जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि संघर्षों को डंडे और सत्ता के जोर से कभी नहीं दबाया जा सकता। किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री अपनी बचकानी आदतों का त्याग करें अन्यथा लोगों के पास बड़ी शक्ति है। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने सोमवार को मुक्तसर जिले के तीन विधायकों की कोठियों का घेराव करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर भड़ास निकाली।

## देश-विदेश

## महाराष्ट्र में ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत, 11 घायल



**एजेंसी, छत्रपति संभाजीनगर**

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में सोमवार को तड़के गन्ने से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना पिशोर घाट इलाके में उस समय हुई जब गन्ने से लदा ट्रक कन्नड़ से पिशोर जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक पर 17 मजदूर सवार थे और पिशोर घाट पर चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद यह वाहन पलट गया।

### उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में भीषण सड़क हादसा, 5 मरे

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक कार कंटेनर से टकरा गई। कार सवार लोग गुजरात से बिहार और गोरखपुर जा रहे थे। हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत हो गई।

### सेबी ने किया एसएमई आईपीओ के नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ के लिए नियमों को सख्त कर दिया है। इसमें लाभ की आवश्यकता को शामिल किया है और प्रवर्तकों के बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) को लेकर 20 प्रतिशत की सीमा तय की गई है। नियमों को सख्त करने का उद्देश्य निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे 'ट्रैक रिकॉर्ड' वाले एसएमई को जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। यह कदम एसएमई के निर्गमों की बढ़ती संख्या के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

## उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**एजेंसी, सोल**



**उत्तर** कोरिया ने पीले सागर की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के बाद प्योंगयांग का पहला ज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट है। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उन्होंने उत्तरी ह्वांगहे प्रांत के पश्चिमी काउंटी ह्वांगजू के निकट एक क्षेत्र से इस प्रक्षेपण का पता लगाया।

जेसीएस ने कहा कि इसमें निकट दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें (सीआरबीएम) या 300 किलोमीटर से कम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत, उत्तर कोरिया को बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का उपयोग करने वाले किसी भी प्रक्षेपण से प्रतिबंधित किया गया है। जेसीएस ने कहा कि उसने निगरानी को मजबूत किया है और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग के तहत पूरी तरह से खतरे के लिए तैयार है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने सोमवार को 11 दिनों के लिए अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया। उत्तर कोरिया लंबे समय से सहयोगियों के संयुक्त अभ्यास की निंदा करता रहा है और इसे अपने खिलाफ आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताता रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार, नियमितीकरण के मामले में हाईकोर्ट के आदेश का नहीं हुआ पालन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है, क्योंकि उन्होंने 2007 के हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, जिसमें दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण का निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने इसे जिद और अड़ियल रवैये का सीधा उदाहरण बताया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि राज्य प्रशासन ने 14 से 19 साल तक काम करने वाले मजदूरों के हक में आए फैसले को लागू करने के बजाय अस्पष्ट आदेश पास करके उन्हें परेशान किया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की तरफ से प्रशासन पर लगाए गए 25,000 रुपए के जुर्माने को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को सख्ती से दंडित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि हमें चिंता सिर्फ देरी की नहीं, बल्कि इस तथ्य की भी है कि गरीब दैनिक वेतनभोगियों को अधिकारियों ने बार-बार परेशान किया।

## लेबनान में इसराइल की मौजूदगी मंजूर नहीं : हिजबुल्लाह

**एजेंसी, बेरूत**



**हिजबुल्लाह** के महासचिव नईम कासिम ने दोहराया कि उनका ग्रुप दक्षिणी लेबनान में किसी भी इसराइली मौजूदगी की अनुमति नहीं देगा।

उन्होंने कहा कि युद्धविराम समझौते के दौरान हिजबुल्लाह ने ऑपरेशन बंद कर दिए, लेकिन पूरी तरह से अलर्ट रहा। हिजबुल्लाह महासचिव ने कहा कि पिछले 60 दिन में इसराइल ने कई उल्लंघन किए हैं। समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इसराइल को लिटानी नदी से आगे पीछे हटना होगा। घरेलू मामलों पर कासिम ने राष्ट्रीय स्थिरता और शासन के प्रति हिजबुल्लाह के समर्पण को दोहराया। आंतरिक सुरक्षा पर सुरक्षा बलों के विशेष अधिकार का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह के हथियार इसराइल का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कासिम के मुताबिक, इजरायल एक खतरा है, और प्रतिरोध करना लेबनान का अधिकार है। उन्होंने लेबनान के पुनर्निर्माण पर भी बात की और युद्धग्रस्त क्षेत्रों का पुनर्निर्माण राज्य की जिम्मेदारी है।

## आईफा अवॉर्ड्स : किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की धूम, जीते 10 अवॉर्ड



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जयपुर** में आयोजित अवॉर्ड आईफा में किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' ने खूब धूम मचाई। 1 मार्च 2024 को रिलीज हुई 'लापता लेडीज' को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 97वें अकादमी पुरस्कार यानी 'ऑस्कर 2025' के लिए भारत की ओर से फिल्म 'लापता लेडीज' का चयन किया गया। इस साल के 'आईफा अवॉर्ड्स 2025' में किरण राव की फिल्म ने सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीते।

समारोह में बॉलीवुड हस्तियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें फिल्म 'लापता लेडीज' का उत्साह भी देखने को मिला। इस फिल्म ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 10 पुरस्कार जीते। 'लापता लेडीज' ने 'आईफा अवॉर्ड्स 2025' में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म : द मिसिंग लेडीज
- सर्वोत्कृष्ट अभिनेत्री : नितांशी गोयल (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक : किरण राव (लापता लेडीज)
- सर्वोत्कृष्ट पदार्पण अभिनेत्री : प्रतिभा रांटा (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता : रवि किशन (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक : संपत राय (लापता लेडीज)
- सर्वोत्कृष्ट गीतः प्रशांत पांडे- सजनी रे (लापता लेडीज)
- सर्वोत्कृष्ट एडिटिंग : जबीन मर्चेंट (लापता लेडीज)
- सर्वोत्कृष्ट पटकथाः स्नेहा देसाई (लापता लेडीज)
- सर्वश्रेष्ठ मौलिक कहानीः बिप्लब गोस्वामी (लापता लेडीज)

### जर्मनी में कर्मचारी हड़ताल पर, 13 एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द

**बर्लिन।** जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल की। इस वजह से पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई है। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। इसके चलते 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल सोमवार से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले रविवार को ही शुरू कर दिया गया।

## सेंसेक्स 217 अंक गिरकर 74,115 पर बंद

### निफ्टी में भी 92 अंकों की रही गिरावट, रियल्टी और ऑयल एंड गैस शेयर फिसले

**एजेंसी, मुंबई**




**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 217 अंक की गिरावट के साथ 74,115 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 92 अंकों की गिरावट रही। यह 22,460 के स्तर पर बंद हुआ। रियल्टी और ऑयल एंड गैस शेयरों में सबसे ज्यादा फिसले। एनएसई का निफ्टी रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 2 फीसदी नीचे बंद हुआ। सरकारी बैंकों के इंडेक्स में 1.86 फीसदी की गिरावट रही। ऑटो इंडेक्स भी 1.22 फीसदी फिसला। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स सबसे ज्यादा 0.22 फीसदी चढ़ा है। सेंसेक्स पर पावर ग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 2.85 फीसदी ऊपर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.38 फीसदी की तेजी रही। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.19त्न की गिरावट रही। इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार में मामूली तेजी रही थी। सेंसेक्स 7 अंक गिरकर 74,332 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में 7 अंक की तेजी रही, ये 22,552 पर बंद हुआ था।

### मस्क ने यूक्रेन में इंटरनेट बंद करने की दी धमकी



**वॉशिंगटन।** टेस्ला और स्टारलिंक के सीईओ इलॉन मस्क ने यूक्रेन को इंटरनेट बंद करने की धमकी दी है। मस्क ने कहा कि अगर उन्होंने यूक्रेन में अपना स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम बंद कर दिया तो यूक्रेन की डिफेंस लाइन ढह जाएगी। मस्क का स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम, यूक्रेन को मिलिट्री कम्युनिकेशन (सैन्य संचार) बनाए रखने में मददगार रहा है। मस्क ने एक्स पर लिखा कि स्टारलिंक सिस्टम यूक्रेनी सेना की रीढ़ है। मैं जंग और कत्लेआम से परेशान हूं, जिसमें यूक्रेन आखिरकार हार जाएगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जोबर्ग ओपन : शुभंकर संयुक्त 37वें व अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें



स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।

### बीसीसीआई के संयुक्त सचिव रोहन देसाई डब्ल्यूपीएल समिति में शामिल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नवनियुक्त संयुक्त सचिव रोहन देसाई को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की समिति में शामिल किया गया है। पंजाब क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई कोषाध्यक्ष बनने के बाद यह स्थान रिक्त हुआ था। भाटिया कोषाध्यक्ष चुने जाने के कारण इस समिति का हिस्सा बने हुए हैं। डब्ल्यूपीएल समिति में रोजर बिन्नी अध्यक्ष, देवजीत सैकिया (संयोजक) अरुण सिंह धूमल आईपीएल अध्यक्ष, राजीव शुक्ला बीसीसीआई उपाध्यक्ष, प्रभतेज भाटिया बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष, रोहन गौंस देसाई बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव, मधुमती लेले, दिलशेर खन्ना शामिल हैं।

### राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने अपना नाम बदलकर किया राष्ट्रमंडल खेल

**एजेंसी, लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने एक मीडिया बयान में कहा कि राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा।

### चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय शटलरों के सामने चुनौती

**एजेंसी, बर्मिंघम।** चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नयी ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

### सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीते

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल 3 और एसएल 4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए। नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19 21-19 से जीत



दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13 21-10 से हराया। एसएच 6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के रजमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच 6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल 3-एसयू 5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला।

# अब हॉकी खिलाड़ी बनेंगे करोड़पति

## फेडरेशन ने सालाना आवॉड्र्स के लिए घोषित की रिकॉर्ड प्राइज मनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हॉकी** इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा।



भारतीय हॉकी टीम।

यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार शामिल हैं।

इस वर्ष के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र विश्व खिताब है। इसके साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो जाएंगे क्योंकि देश को सात नवंबर 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली थी। इस दौरान भारत की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पिछले साल एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

जूनियर एशिया कप जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक बयान में कहा कि हॉकी इंडिया का सातवां वार्षिक पुरस्कार 2024 भारतीय हॉकी में मौजूद असाधारण प्रतिभा का उत्सव है। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों को पहचानने के बारे में नहीं है बल्कि 2024 में चमकने वाली भारतीय हॉकी की सामूहिक भावना का सम्मान करना है।

### ये 32 खिलाड़ी नामित

**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार:** बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।

**सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार:** संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

**सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार:** जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

**सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार:** लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

**उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 वर्ष से कम):** ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो।

**उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 वर्ष से कम):** अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल।

**सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार:** सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।

**सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार:** अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# खुशी है कि खिलाड़ियों ने अटकलों पर नहीं दिया ध्यान : रोहित शर्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चैंपियंस** ट्रॉफी में मिली जीत से कप्तान रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा और विराट कोहली तीनों को नया जीवन मिला है। इससे इन तीनों का ही नहीं टीम का भविष्य का रास्ता भी काफी हद तक स्पष्ट हो गया है। टीम ने प्रक्रिया पर ध्यान दिया और अब परिणाम सबके सामने है। ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान ने कहा कि कोई मुझसे कह रहा था कि आईसीसी की पिछली तीन प्रतियोगिताओं में हमने केवल एक मैच गंवाया। यह बड़ी उपलब्धि है। इससे पता चलता है कि यह टीम कितनी अच्छी है। टीम में काफी गहराई है और खिलाड़ियों के बीच आपस में बहुत अच्छी समझ है।

भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के कुछ देर बाद कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने स्टंप पकड़कर अचानक डांडिया नृत्य शुरू कर दिया जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर पूरे मैदान पर घूमते हुए अपने खिलाड़ियों को गले लगा रहे थे। किसी बड़े टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद इस तरह के दृश्य आम होते हैं लेकिन यहां इसके कुछ गहरे अर्थ भी थे। पिछले कुछ महीनो में टीम के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण रोहित, कोहली और गंभीर आलोचकों के निशाने पर थे। आलोचना करना सही है लेकिन कुछ खास लोगों को निशाना बनाना सही नहीं कहा जा सकता है।



### मजबूत इरादों की वजह से जीती टीम

**भारतीय** कप्तान ने कहा कि मजबूत इरादों के कारण टीम बाहर से बन रहे दबाव से निपटने में सफल रही। उन्होंने कहा कि बाहर से बहुत अधिक दबाव था। अगर टीम एक मैच हार जाती तो फिर कई तरह की अटकलें लगाई जाती। लेकिन हमारे खिलाड़ी इससे अच्छी तरह निपटे और उन्होंने इसे दरकिनार करके केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया। रोहित 30 और 40 रन के अपने स्कोर को बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहे थे जिसके कारण उनकी काफी आलोचना हो रही थी। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की मैच विजेता पारी खेल कर आलोचकों को करारा जवाब दिया।



# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास होता है मौका : हार्दिक पंड्या

**एजेंसी, दुबई**

**हार्दिक** पंड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पंड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पंड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पंड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा कि गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो।

उन्होंने कहा कि अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है। पंड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पंड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे।

### लंबे समय से था इंतजार, अधूरा सपना हुआ पूरा

**पंड्या** ने कहा कि मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।

# रोहित ने हमारी पहुंच से दूर किया मैच : सेंटनर

## न्यूजीलैंड के कप्तान बोले- भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छे से समझा

**एजेंसी, दुबई**

**न्यूजीलैंड** के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया।

रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।

सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया। सेंटनर ने कहा कि लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।

### हमने भारत को अंत तक दी टक्कर



**सेंटनर** ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया और भारत को अंत तक टक्कर दी। लेकिन हर मैच में कुछ ऐसे पल होते हैं जहां आप संभावित रूप से सुधार कर सकते हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने माना कि मैट हेनरी की कमी उन्हें खली जो कंधे की चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए थे। तेज गेंदबाज हेनरी 10 विकेट लेकर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सेंटनर ने कहा कि वह एक बेहतरीन गेंदबाज है। हमने देखा है कि वह उन विकेटों पर भी मूवमेंट हासिल करने में सक्षम है जो ऐसी नहीं लगती कि उनसे मदद मिलेगी। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें इसकी कमी खली।

# आईपीएल में न हो तंबाकू-शराब का विज्ञापन

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेयरमैन अरुण धूमल को लिखा खत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

गोयल ने लिखा कि आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। स्टेडियम के अंदर और



राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण के दौरान भी इस तरह के विज्ञापन नहीं दिखाए जाने चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान और खेल सुविधा में तंबाकू और शराब के उत्पादों की बिक्री नहीं होनी चाहिए। पत्र में कहा गया है कि उन खिलाड़ियों (कमेंटेटरों सहित) को हतोत्साहित करें जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शराब या तंबाकू से जुड़े उत्पादों का समर्थन करते हैं। आईपीएल के दौरान अधिकतर भारतीय क्रिकेट प्रेमी टेलीविजन पर इसका आनंद उठाते हैं और इसलिए यह टूर्नामेंट विज्ञापनदाताओं का पसंदीदा बन जाता है। गोयल ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना क्रिकेटरों का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट खिलाड़ी युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं जबकि आईपीएल देश का सबसे बड़ा खेल मंच है। सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और सरकार की स्वास्थ्य पहल का समर्थन करना सामाजिक और नैतिक दायित्व है।

# पुरस्कार वितरण समारोह में अपना प्रतिनिधि नहीं बुलाए जाने पर विरोध करेगा पीसीबी

**एजेंसी। लाहौर**

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं।

सूत्र ने कहा कि आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी। भारत ने खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं। इसमें भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था।

आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था। पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भारतीय खिलाड़ियों को सफेद कोट और मैच अधिकारियों को पदक प्रदान किए, जबकि आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कप्तान रोहित शर्मा को ट्रॉफी सौंपी और विजेताओं को पदक दिए। मंच पर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया और न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ रोजर टूसे भी उपस्थित थे।

### पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने जताई नाराजगी



**पूर्व** तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा कि भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती, लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यो नहीं था। कोई ट्रॉफी देने क्यों नहीं आया, कोई रिप्रजेंट करने क्यों नहीं आया? यह सचमुच मेरी समझ से परे है।

# हैरी ब्रूक ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ अनुबंध किया खत्म, लग सकता है 2 साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, लंदन**

**इंग्लैंड** के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रैंचाइजी और उसके समर्थकों से माफी मांगी।



ब्रूक ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं।

ब्रूक ने कहा कि इसके लिए मुझे अपने अब तक के करियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, "कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।"

**प्रतियोगिता** | हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन व स्की पर्वतारोहण संघ के खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल ने झटके 6 पदक

**एम बोकटापा, मनाली**

**खेलो** इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश की टीम ने गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे दिन असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए छह पदक झटके हैं। प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन और हिमाचल प्रदेश स्की पर्वतारोहण संघ के खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। सोमवार को विंटर गेम्स एसोसिएशन ने महिला वर्ग के जाइंट सलालम में कमाल कर दिया है। इस वर्ग की प्रतियोगिता के तीनों पदकों पर हिमाचल ने कब्जा किया है। मनाली की आंचल ठाकुर पहले, मनाली की ही तनुजा ठाकुर दूसरे व मनाली की ही सुहानी ठाकुर तीसरे स्थान पर रही है। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में मनाली के एलविन तीसरे स्थान पर रहे हैं।

हिमाचल स्की पर्वतारोहण संघ ने भी आज कमाल कर दिखाया है। महिला स्की पर्वतारोहण वर्टिकल रेस में स्वर्ण और रजत



पदक हासिल किया है। तेनजिन डोलमा ने अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा और धीरज का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि नताशा मेहर ने रजत पदक हासिल किया। स्की एंड स्नो बोर्ड के अध्यक्ष एवं खेलो इंडिया के को चेयरमैन रुप चन्द नेगी, हिप्र विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर, राष्ट्रीय स्की पर्वतारोहण संघ के अध्यक्ष पिंटू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। **अनंत ज्ञान**

### तेंजिन डोलमा ने स्वर्ण व नताशा मेहर ने झटका रजत

**तेंजिन** डोलमा ने अपनी प्रतिभा और धीरज का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि नताशा मेहर ने रजत पदक हासिल किया, जिससे हिमाचल प्रदेश का इस स्पर्धा में दबदबा और मजबूत हुआ। हिमाचल टीम के कोच राजेश राणा ने अपने एथलीट की उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त किया। कुल्लू की जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर जो शेफ डी मिशन के रूप में टीम के साथ है कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही। उन्होंने सभी एथलीट की हौसलाअफजाई की। उनकी उपस्थिति ने हिमाचल के खेल अधिकारियों की अपने एथलीट की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सनद रहे कि हिमाचल प्रदेश स्की पर्वतारोहण संघ ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 की शानदार शुरुआत की है। टीम हिमाचल स्कीमो ने पहले दिन जहां दो पदक हासिल किए और साक्षी ठाकुर ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी महिला स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक और नताशा मेहर ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, दूसरे दिन भी हिमाचल ने छह पदक हासिल किए हैं।